ISSN 0974-1100

# पूर्वदेवा

## सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

**PŪRVADEVĀ - A Social Science Research Journal**

Peer Reviewed Bilingual International Research Journal
The Journal indexed in the UGC-CARE list.

वर्ष 30 ❊ संयुक्तांक : 117–118

अप्रैल–सितम्बर, 2024

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन

मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी प्रकाशन

# पूर्वदेवा

## सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

**PŪRVADEVĀ** **A Research Journal of Social Sciences**

**Peer Revied Bilingual International Research Journal**
**This Journal is included in the UGC-Consortium for Academic and Research Ethics**

**वर्ष 30 संयुक्तांक 117–118** **अप्रेल–सितम्बर, 2024**

❐

प्रधान सम्पादक
**डॉ. हरिमोहन धवन**

❐

प्रकाशक
**पी.सी. बैरवा**

*मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी*
*बाण भट्टमार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र) 456010*
*दूरभाष (0734) 2518737*
E-mail : mpdsaujn@gmail.com Website : www.mpdsa.org

# पूर्वदेवा

*सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*


**परामर्श मण्डल**

**डॉ. प्रकाश बरतुनिया**
पूर्व कुलाधिपति– बाबा साहेब अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ

**डॉ. अनिल दत्त मिश्रा**
प्रतिष्ठित गांधीवादी विद्वान व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुलभ अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन, नईदिल्ली

**डॉ. रामगोपाल सिंह**
पूर्व आचार्य, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.)

**डॉ. जयप्रकाश कर्दम**
वरिष्ठ साहित्यकार एवं सम्पादक, दलित साहित्य वार्षिकी, नईदिल्ली

**डॉ. एच.एल. अनिजवाल**
अतिरिक्त संचालक, उज्जैन संभाग, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश

**डॉ. डी. डी. बेदिया**
आचार्य एवं निदेशक, व्यवसाय प्रबंध संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

**सम्पादक मण्डल**

**डॉ. ज्ञानचन्द्र खिमेसरा**
पूर्व आचार्य अर्थशास्त्र व प्राचार्य, शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर

**डॉ. प्रभा श्रीनिवासुलु**
पूर्व आचार्य इतिहास व प्राचार्य, शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

**डॉ. शैलेन्द्र पाराशर**
पूर्व आचार्य समाजशास्त्र व अध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर पीठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

**डॉ. प्रेमलता चुटैल**
पूर्व आचार्य, हिन्दी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

**डॉ. अरूण कुमार**
प्राध्यापक,राजनीति विज्ञान, शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)

**प्रधान सम्पादक**

**डॉ. हरिमोहन धवन**
आचार्य, राजनीति विज्ञान व पूर्व प्राचार्य, उच्च शिक्षा विभाग, (म.प्र.)



**प्रकाशक : पी. सी. बैरवा**



**© स्वात्वाधिकारी : मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी,**
बाणभट्ट मार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र.)



इस अंक का मूल्य रूपये 150/–

वित्तीय सहयोग
**भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली**

**सम्पादन व प्रकाशन सर्वथा अवैतनिक एवं अव्यवसायिक**

**वर्ष 30, संयुक्तांक 117-118** **अप्रेल–सितम्बर, 2024**

# पूर्वदेवा

**सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका**

वर्ष 30 संयुक्तांक 117-118 अप्रेल–सितम्बर, 2024


## ❐ अनुक्रम ❐


1. जाति एवं जेंडर आधारित अंतरानुभागीयता अनुसूचित जाति की महिलाओं का एक नृजातीय अध्ययन — सुबोध कान्त, डॉ. पंकज सिंह — 1

2. भारत के आर्थिक–सामाजिक परिदृश्य में शुद्र वर्ण की भूमिका मिथक, यथार्थ तथा संभावनाएं — डॉ. कैलाश चन्द सामोता — 9

3. 21 वीं सदी के भारत में लिव इन रिलेशनशिप – एक अध्ययन — डॉ. हसमुख पाँचाल — 17

4. बाबा साहब अंबेडकर का संविधान निर्माण करने में योगदान — मयंक प्रताप — 23

5. भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका — डॉ. गायत्री — 30

6. बिहार में नील की खेती और 1857 का विद्रोह — ओमकार नाथ पाण्डेय — 42

7. गोंड़ जनजातियों का सामाजिक, आर्थिक जीवन : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद के विशेष सन्दर्भ में) — डॉ. दीपक कुमार खरवार — 49

8. शहरी आवासविहीन महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति और घरेलू हिंसा का विश्लेषणात्मक अध्ययन — सरोज नैनीवाल, डॉ. मोनिका राव — 65

9. बाँसवाड़ा जिले में भील जनजाति की सामाजिक व्यवस्था एवं परम्पराऐं — डॉ.कविता चौधरी — 71

10. नारद स्मृति में वर्णित दायभाग — डॉ.पूनम — 79

11. भारतीय राजनीति में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता टिहरी जनपद के विशेष सन्दर्भ में — सबीना अख्तर — 86

12. कबीर का अनुभववाद मेवालाल 93

13. **Dr. B. R. Ambedkar and Thoughts on the Eradication of Untouchability** **Rajesh Sharma** 107

14. **China's Regionalism in South Asia and Its Impact on India-China Strategic Relations** **Ashutosh Kumar Singh** 116

15. **The USA factor in Arab-Israel Peace: It's Impact on India's Foreign Policy** **Dr. Rahul Shrivastava** 126

16. **Rise of BJP as Dominant Party in Contemporary Indian Politics ( An analysis of 2019 Lok Sabha Election)** **Dr. Jyoti, Rishi Kumar** 136

17. **Subaltern Hindutva Discourse in Indian Politics and Quest for Social Justice** **Dharmendra Kumar** 148

18. **Witch Hunting in India: Mystifying Women's Lives and Identity** **Monika Tiwari** 155

19. **Exploring Symbolism, Cultural Narratives and Ethical Dimenstions in Devdutt Pattanaik's "Jaya: An Illustrated Retelling of the Mahabharata"** **Dr. Ashwani Kumar, Dr. Poonam Choudhary** 166

20. पुस्तक समीक्षा–''मालवा की लोक जातियों के प्रसिद्ध लोकगीत'' (जन्म से लेकर मृत्यु तक के गीत) डॉ. राजेश ललावत 172

'पूर्वदेवा' में प्रकाशित लेख एवं उनमें व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार है. सम्पादक व प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.

**पूर्वदेवा**– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118 अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 1–8*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# जाति एवं जेंडर आधारित अंतरानुभागीयता अनुसूचित जाति की महिलाओं का एक नृजातीय अध्ययन

**सुबोध कान्त**
शोधार्थी, समाजशास्त्र विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
Email: kantbhu@gmail.com Mob- 7880316531

**डॉ. पंकज सिंह**
असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
Email: pankajsocio@bhu.ac.in Mob- 9696302222

**सारांश**

*जाति एवं जेंडरगत व्यवस्था का अंतर्संबंध एवं अंतरानुभागीयता दलित महिलाओं के लिए उत्पीड़न का एक विशिष्ट एवं विनाशकारी रूप का सृजन करता है। जाति पदानुक्रम व्यवस्था एवं पितृसत्तात्मक व्यवस्था दोनों में ही सबसे निचले पायदान पर स्थित होने के कारण दलित महिलाओं को उनकी जाति और लिंग दोनों से उत्पन्न प्रणालीगत और संस्थागत भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो उनके जीवन को दुरूह बना देती हैं। अवसरों, संसाधनों से वंचित कर उत्पीड़न को प्रोत्साहन देने वाली यह दोहरी पहचान दलित महिलाओं को विभिन्न प्रकार के जाति एवं जेंडर आधारित दुर्व्यवहार, हिंसा, उत्पीड़न एवं बहिष्कार का सामना कराती है। जाति एवं जेंडरगत व्यवस्था का यह अन्तर्सम्बन्ध दलित महिलाओं को शिक्षा एवं सूचना से दूर कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था में अधीनता की स्थिति में रखने को प्रोत्साहित करती है तथा सत्ता से कोसों दूर रखती है। प्रस्तुत शोध लेख में ऐसे ही उत्पीड़न एवं असमानता का सामना करने वाली अनुसूचित जाति की महिलाओं को केंद्र में रखते हुए हरदोई जिला के बेहंदर विकास खण्ड का एक नृजातीय अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह शोध पत्र मुख्यतः अनुसूचित जाति की महिलाओं के जीवन में जाति एवं जेंडरगत व्यवस्था के अंतर्संबंधों एवं उनके दैनिक जीवन के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में उसके गुणात्मक प्रभावो को परखने व ज्ञात का प्रयास करता है। उनके समाज में क्षेत्रीय स्तर पर सामाजिक परंपराओं, प्रथाओं एवं रीति रिवाजों में जातिगत एवं जेंडर गत भेदभाव, असमानता तथा पदानुक्रमता के सृजन एवं दिन प्रतिदिन के सामान्य व्यवहारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।*

**मुख्य शब्द** : जाति, जेंडर, दलित उत्पीड़न, अंतरानुभागियता

## प्रस्तावना

भारतीय समाज विविधताओं के साथ–साथ स्तरीकृत पदानुक्रमित एवं विभिन्न असमानताओं भरा समाज रहा है। कई ऐसी संस्थागत व्यवस्थाएं हैं, जो लोगों के बीच भेदभाव, असमानता और शोषण को अभिव्यक्त करती हैं। इन असमानताकारी व उत्पीड़नकारी व्यवस्थाओं में मुख्यतः जाति व्यवस्था व पितृसत्तात्मक व्यवस्था है। यह दोनों ही भेदभावकारी संस्थाएं कई सदियों पुरानी है। जाति व्यवस्था समाज में जहाँ ऊँच नीच और शुद्धता व प्रदूषण (ड्यूमा, 1980)[1] की संकल्पना को पिरोकर लोगों में भेदभाव और असमानता को स्थापित करती है, वहीं पितृसत्तात्मक व्यवस्था जेंडर के आधार पर महिला पुरुष में स्तरीकरण कर पुरुषों को सर्व शक्तिशाली एवं नियंत्रक घोषित करती है। यह दोनों ही व्यवस्थाएं किसी जाति और लिंग (जेंडर) विशेष को उच्चीकृत व नियंत्रक बनाने के लिए दूसरी जातियों व जेंडर को अधीनता में रखने का वैचारिक एवं कार्यात्मक प्रकटन करती हैं। उन्हें संसाधनों व अवसरों से वंचित कर उनके विकास के मार्ग को अवरोधित करती हैं तथा सांस्कृतिक व राजनीतिक व्यवस्था में सत्ताधारी पदों से कोसों दूर रखती हैं, ताकि भविष्य में कोई उनकी सत्ता को चुनौती देने की क्षमता न प्राप्त कर सके। दलित महिलाएं यानी अनुसूचित जाति की महिलाएं उपरोक्त दोनों व्यवस्थाओं द्वारा उत्पीड़ित व दमित होती रही हैं और वर्तमान समय में भी हैं। चूंकि जाति व्यवस्था व पितृ सत्तात्मक व्यवस्था दोनों में ही दलित नारियां सबसे निचले पायदान पर रही हैं, इसलिए उन्हें समतापूर्ण व सम्मानजनक जीवन जीने के तथा अपने सर्वोन्मुखी विकास के अवसर उन्हें सबसे कम प्राप्त हुए हैं। स्वतंत्रता के बाद भी जातिगत और जेंडरगत पहचान का पुनरुत्थान एवं पुर्नसृजन तकनीकी विकास, औद्योगीकरण एवं शहरीकरण के आगोश में रूढ़िवादी तरीके से हुआ है। इसी कारण सामाजिक स्तरीकरण का यह अत्यधिक शोषणकारी व अलोकतांत्रिक व्यवस्था राष्ट्रीय समस्यायों के रूप में प्राथमिकताओं में रहा है (जैसवाल,2016,पृ. 40)[2]।

## जाति जेंडर एवं दलित महिला

दलित महिला एक ऐसा वर्ग या समुदाय है जो जाति एवं जेंडरगत दोनों व्यवस्थाओं में उत्पीड़ित एवं व्यवस्थित सामाजिक बहिष्कार की शिकार है। दलित महिलाओं का यह सामाजिक सीमांतीकरण उन्हें समाज की सबसे कमजोर कड़ी के रूप में परिचित कराता है और जातिगत एवं जेंडरगत नियमों द्वारा सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक रूप से अक्षम बनता है, जिससे उनकी सामाजिक गतिशीलता एवं व्यक्तिगत विकास के अवसर सीमित हो जाते हैं।

जाति व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण तीन अंर्तसंबधित एवं आपस में गुथे हुए सिद्धांत हैं। प्रथम, प्रत्येक जाति के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक अधिकार निर्धारित हैं। द्वितीय, इन जातियों के मध्य अधिकारों व अवसरों का आसमान एवं श्रेणीबद्ध विभाजन है। तृतीय, सामाजिक एवं धार्मिक प्रथा, परंपरा एवं विचारधाराओं द्वारा समर्थित एक सुदृढ़ सामाजिक बहिष्कार तंत्र का प्रावधान है। इसमें से पहले दो सिद्धांत जाति व्यवस्था की संरचना को परिभाषित एवं वर्णित करते हैं, जबकि तीसरा सिद्धांत इसके प्रवर्तन के लिए निर्दिष्ट करता है (थोरात एवं सभरवाल, 2014, पृ.14)[3]।

सामान्यतः दलितों का उत्पीड़न एवं सामाजिक बहिष्कार की घटनाओं को जाति व्यवस्था के प्रथागत नियमों, मानदंडों एवं सीमाओं के उल्लंघन के विरुद्ध दंड के रूप में दिया जाता है। यह दंड सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं धार्मिक संदर्भों में शारीरिक, शाब्दिक या प्रतीकात्मक विभिन्न रूपों में परिलक्षित हो सकते हैं। मुख्यतः यह दंड उन्हीं लोगों दलितों के लिए होते हैं, जो किसी प्रकार की सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत करते हुए सामाजिक या वित्तीय गतिशीलता प्रदर्शित करते हैं, या जो लोग जातिगत व्यवहार के मानदंडों की अवहेलना करते हैं। जातिगत सत्ताएं व मानसिकताएं ऐसे दलितों का दमन कर उन्हें समाज के सबसे निचले स्तर पर होने एवं उनके अधीन व सेवक की स्थिति में होने का भान दिलाती हैं।

दलित महिलाएं उपरोक्त जातीय उत्पीड़नकारी स्थितियों से तो गुजरती ही है साथ ही जेंडरगत असमानता की भी शिकार हैं। जेंडर के आधार पर स्तरीकरण कर स्त्रियों को दोयम दर्जा देने की संकल्पना व व्यवस्थित संस्था का नाम है पितृसत्ता जो यह मानती है कि महिलाओं में पुरुषों जितनी क्षमता नहीं होती है, इसलिए उन्हें जीवन के विभिन्न पक्षों में पुरुषों के अधीन रहना चाहिए (मेनन एवं अन्य, 2016)[4]। पितृसत्तात्मक नियंत्रण होने के कारण दलित स्त्रियां घर के अंदर भी स्वतंत्र एवं समतापूर्ण जीवन को प्राप्त करने से कोसों दूर रही हैं। सामाजिक व्यवस्था के पितृसत्तात्मक ढांचे को अनुसरण करने के क्रम में दलित पुरुषों द्वारा ब्राह्मणवादी पितृसत्ता को आत्मसात करने के कारण वह अपनी स्त्रियों पर वैसा ही नियंत्रण पाने का प्रयास करता है, जैसा सवर्ण पुरुष अपनी स्त्रियों पर नियंत्रण करता है (चंदन एवं भारती, 2017)[5]। कई विद्वानों के अनुसार पुरुष अपनी क्रूर, सत्तावादी एवं नियंत्रक प्रवृत्ति के कारण भी ऐसा करते हैं, परंतु दलित नारीवादी एवं चिंतक गोपाल गुरु कहते हैं कि दलितों की पितृसत्ता सवर्ण पितृसत्ता से अलग है। दलित महिलाएं अपने बातों को अलग तरीके से अभिव्यक्त करती हैं। साथ ही वह यह भी कहते हैं कि दलित पुरुषों ने अपनी स्त्रियों की क्षमताओं को सही तरीके से नहीं समझा और उसे नजर अंदाज किया। दलित पुरुषों ने अपनी स्त्रियों के आवाज उठाने वाले साहित्यिक प्रयासों को गंभीरता से नहीं लिया और उसे फिजूल सिद्ध करने की कोशिश की (गुरु, 1995)[6]। दलित पुरुषों ने परिवार में व अपने जातीय समुदाय में लैंगिक सत्ता पर काबिज रहने के लिए सवर्ण पितृसत्ता से प्रेरणा ली और उन्होंने हिंसा व उत्पीड़न का भी सहारा लिया।

जाति और जेंडर का अंतर्संबंध दलित महिलाओं के लिए दोहरे उत्पीड़न व भेदभाव का वातावरण तैयार करते हैं, जो उन्हें सत्ता, संसाधनों, शिक्षा एवं सूचनाओं से वंचित कर अधीनता की स्थिति में रहने को मजबूर करते हैं। यही कारण है कि दलित महिलाएं अपने जातीय पुरुषों एवं अन्य उच्च जातियों के लोगों द्वारा उत्पीड़न का शिकार बारंबार होती रहती हैं। बांदा, उत्तर प्रदेश में 14 साल की दलित लड़की का अपहरण करके दो दिनों तक बलात्कार करना (अमर उजाला,8 फरवरी 2004), पटियाला पंजाब में दलित महिला के साथ तीन महीने तक बलात्कार व अत्याचार करना (दिसंबर 2006 से फरवरी 2007), जैसलमेर राजस्थान में उच्च जातियों द्वारा एक दलित महिला का बलात्कार करना वह उसका घर चला देना (7 दिसंबर 2006), भंडारा महाराष्ट्र में दलित स्त्री को नंगे परेड करना और फिर जला देना (12 फरवरी 2004), त्रिपुर जिले

के माहिजाकंचेरी गांव में दलित महिला का प्रधान चुने जाने पर सवर्णों द्वारा बायकाट करना (नवभारत टाइम्स, 18 फरवरी 2004), सुपौल, बिहार में दलित लड़की द्वारा अंतर्जातीय विवाह करने पर सवर्णों द्वारा जान से मार देना और पुलिस द्वारा सुरक्षा मुहैया न कराना (20 दिसंबर 2006) (थोरात एवं सभरवाल, 2014, पृ. 16–21)[7] तथा हाल ही में उत्तर प्रदेश में घटित हाथरस कांड आदि घटनाएं यह सिद्ध करती है कि जातिगत एवं पितृसत्तात्मक रुग्ण मानसिकता भारतीय समाज में दृढ़ता से पैर पसारे हुए हैं और दलित महिलाओं को लगातार शिकार बना रही है। अंतरराष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार सन 2019 में दलितों एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराध उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक हुए हैं (द वायर, 2020, 30 सितंबर)[8]।

**शोध पद्धति**

प्रस्तुत शोध पत्र उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के बेहंदर विकासखंड में निवास करने वाली अनुसूचित जाति की महिलाओं के नृजातीय (एथनोग्राफिकल) अध्ययन पर आधारित है। बेहंदर विकासखंड में अनुसूचित जाति की संख्या 47.53 प्रतिशत है तथा अनुसूचित जाति में महिलाओं की संख्या 47 प्रतिशत है (जनगणना, 2011)[9]। इन्हीं अनुसूचित जाति की महिलाओं में से 110 महिलाओं को उद्देश्यात्मक एवं सुविधाजनक निदर्शन विधि द्वारा उत्तरदाता के रूप में चुना गया, जो मूलत पांच गावों रैसो, भटौली, अलीपुर, सरहरी एवं गंज से हैं। उत्तरदाताओं का आयु समूह 18 से 50 वर्ष था। आंकड़ा संकलन हेतु मिश्रित पद्धति का प्रयोग किया गया है, अर्थात गुणात्मक एवं परिमाणात्मक दोनों तरह के आंकड़े एकत्रित किए गए हैं। यह आंकड़े एकत्रित करने के लिए उत्तरदाताओं का कई महीने अवलोकन एवं गहन साक्षात्कार किया गया है तथा प्रकरण अध्ययन विधि का भी प्रयोग किया गया है। शोधकर्ता द्वारा उत्तरदाताओं के बेहतर समझ को ध्यान में रखते हुए हिंदी तथा वहां की स्थानीय भाषा में प्रश्न पूछे गए हैं।

**शोध के नृजातीय परिणाम**

शोधकर्ता द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं के साथ उनके दिन–प्रतिदिन के सामान्य सामाजिक – सांस्कृतिक पर्यावरण में अंतः क्रिया एवं बातचीत करके जीवन में जाति एवं जेंडर की भूमिका व उसकी प्रभाविकता को उजागर किया गया है। साथ ही इससे जाति और जेंडर व्यवस्था से संबंधित मान्यताओं विश्वासों एवं रीति–रिवाज का ज्ञान होता है। दलित महिलाएं अपने सामाजिक सांस्कृतिक जीवन में जाति और जेंडरगत व्यवस्था द्वारा दोहरी शोषण की शिकार है, यह उनके द्वारा उच्च जातीय लोगों एवं सजातीय पुरुषों के साथ अंतः क्रिया एवं व्यवहारों में प्रकट होता है।

**जाति एवं जेंडर : अंतरानुभागीयता**

जाति व्यवस्था ने अपनी भेदभावकारी विचारधारा द्वारा दलितों को गरिमा व मानवाधिकार से वंचित कर उनकी व्यक्तिपरकता (सब्जेक्टिविटी) को नकार दिया है। जाति व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि जिन लोगों ने उत्पादन के साधनों पर प्रभुत्व जमाया, उन्होंने प्रतीकात्मक उत्पादन के साधनों पर भी अपना नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की है। इस प्रतीकात्मक अधिपत्य ने उन्हें उस मानक को नियंत्रित करने की अनुमति

दी है, जिसके द्वारा शासन का मूल्यांकन किया जाता है, ताकि इनमें निचली जाति के लोगों के विचारों का कोई स्थान न हो (चक्रवर्ती, 2018, पृ.07)[10]। उमा चक्रवर्ती का यह विचार सामाजिक यथा स्थिति को प्रदर्शित करता है। उच्च जातीय लोग दलितों को छूने से बचते हैं। दलित महिलाएं यदि उनके खेतों में काम करने जाती हैं, तो उन्हें कभी भी अपने बर्तन में खाना पानी नहीं देते। दलितों एवं सवर्णों के मध्य विवादों व झगड़ों में दलित महिलाओं को गंदी गालियां देकर एवं जातिवादी संबोधनों द्वारा शाब्दिक, मानसिक उत्पीड़न किया जाता है। संवैधानिक रूप से अस्पृश्यता निवारण व जाति असमानता समाप्त होने की 76 साल बाद भी ब्राह्मण, क्षत्रिय व बनिया समुदाय के लोग दलितों के साथ एक खाट पर नहीं बैठते न ही साथ खाना खाते हैं। भटौली जैसे कई गावों में जहां अनुसूचित जाति या अनुसूचित जाति महिला ग्राम प्रधान है, सवर्ण उसको शासन सत्ता नहीं चलाने देते । उसको मात्र रबर स्टैंप बनाकर रखा हुआ है । पट्टे की जमीनें, जो दलितों के पास हैं, वह सवर्ण ग्राम प्रधान से मिलकर कब्जा कर लेते हैं। साथ ही उच्च जातीय लोगों द्वारा दलित लड़कियों के साथ छेड़खानी व बदसलूकी की घटनाएं भी होती हैं। उपरोक्त समस्त घटनाएं व क्रियाएं दलित महिलाओं के मानवाधिकार का हनन तो करती ही है साथ ही उन्हें शासन सत्ता से दूर रख कमजोर व निष्क्रिय बनाती हैं। दलितों के साथ दिन प्रतिदिन होने वाली जातीय भेदभाव व असमानता शासन प्रशासन नजर अंदाज करती है या समझौता कराकर टाल देती है।

इसके अतिरिक्त बेहंदर ब्लॉक की अनुसूचित जाति की महिलाओं को घरेलू हिंसा व पितृसत्तात्मक उत्पीड़न का सामना भी करना पड़ता है । अधिकांश पुरुष शाम को देसी शराब पीकर आते हैं और अपने पत्नियों के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हैं। यह क्रिया उस दलित समुदाय में इतनी सामान्य हो गई है कि दलित महिलाएं इसकी आदी हो गई हैं। एक स्थानीय महिला से बात करने पर वह करती हैं कि ''भईया ई तो हर घर के मरदवे करत हैं। क्या करै आपन मरद हैं।'' अर्थात यह तो प्रत्येक घर के पुरुष करते हैं । क्या ही करें अपने पति हैं। पितृसत्तात्मक एवं जातीय दोहरे उत्पीड़न की शिकार दलित नारी लगभग रोज किसी न किसी अमानवीयता व भेदभाव से गुजरती है।

**शिक्षा एवं व्यवसाय**

**सारणी 1. अनुसूचित जाति की महिलाओं में शिक्षा**

| शैक्षिक स्थिति | कुल संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
|---|---|---|
| अशिक्षित | 78 | 70.90 |
| प्राथमिक | 16 | 14.54 |
| हाई स्कूल | 11 | 10 |
| इंटरमीडिएट | 04 | 3.63 |
| स्नातक | 01 | 0.9 |
| परास्नातक | 00 | 00 |

'क्षेत्र कार्य द्वारा प्राप्त प्राथमिक आकड़े

सारणी 2. अनुसूचित जाति की महिलाओं में व्यवसाय

| व्यवसाय | कुल संख्या | प्रतिशत (लगभग) |
|---|---|---|
| गृहिणी | 49 | 44.55 |
| कृषि मजदूर | 61 | 55.45 |
| नौकरी पेशा | 00 | 00 |
| व्यापारी | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 |

' क्षेत्र कार्य द्वारा प्राप्त प्राथमिक आकड़े

किसी भी व्यक्ति के सर्वोन्मुखी विकास के लिए पहली सीढ़ी होती है शिक्षा जो व्यक्ति को इतना सक्षम बनाती है कि वह अपने अधिकारों व कर्तव्यों को तार्किक रूप से समझ सके और प्राप्त कर सके तथा अपने बेहतर भविष्य के साथ राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सके, परंतु बेहंदर विकासखंड की दलित महिलाओं के संदर्भ में स्थिति ऐसी नहीं है, यहां की अधिकतम (70.9प्रतिशत) महिलाएं अशिक्षित हैं और मात्र 10 प्रतिशत महिलाओं ने हाई स्कूल उत्तीर्ण किया है (सारणी 1)। बदतर शैक्षिक स्थिति होने के कारण ही यहां की अधिकांश (55. 45प्रतिशत) दलित महिलाएं कृषि मजदूर हैं तथा खाली समय में कढ़ाई बुनाई करके गुजारा करती हैं, जबकि बाकी महिलाएं सिर्फ गृहिणी बनकर रह गई हैं (सारणी 2)। दलित महिलाओं की ऐसी शैक्षिक एवं व्यवसायिक स्थिति उन्हें जाति और पितृसत्तात्मक उत्पीड़नकारी व्यवस्था के अधीन बनाने में योगदान देती है।

**पारिवारिक सत्ता एवं निर्णयन अधिकार**

परिवार का आकार, घरेलू संरचना एवं जेंडर संबंध यह निर्धारित करते हैं कि परिवार में स्त्री का स्थान क्या होगा और धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक विश्वास, रूढ़ियों व परंपराएं यह निर्धारित करती हैं कि उस स्त्री का अपने जीवन पर नियंत्रण कितना होगा तथा जीवन निर्वहन व नियमन किस तरह होगा (पालड़ीवाला, 1999)[11]। उपरोक्त सामाजिक नियमों, विश्वासों व रूढ़ियों को दलित समुदाय ने भी काफी हद तक आत्मसात कर लिया है, जिसका परिणाम यह है कि पति–पत्नी दोनों द्वारा आर्थिक उपार्जन के बाद भी परिवार का मुखिया हमेशा पुरुष होता है। परिवार के सभी निर्णय पुरुष लेता है। दलित समुदाय में भी महिलाओं की यौनिकता व स्वतंत्रता पर पुरुषों का पहरा है। अधिकतम पुरुष अपने घर की महिलाओं को अनजान तथा घर से बाहर के पुरुषों के साथ अकेले बात नहीं करने देते। इसी तथ्य को निवेदिता मेनन का यह कथन चरितार्थ करता है कि ''विषम लिंगी पितृसत्तात्मक परिवार यौनिकता पर पहरेदारी करने वाली संस्था है और परिवार का यह समकालीन स्वरूप ही सामाजिक व्यवस्था का आधार है (मेनन, 2021, पृ.16)[12]। इसके अतिरिक्त वे दलित महिलाएं जो बाहर का काम करती हैं, वह बाहर का काम निपटाने के बाद घर का भी काम करती है, जिससे उन पर काम का दोहरा बोझ पड़ता है। बच्चों, वृद्धो एवं घर के पुरुषों की देखभाल, घर की साफ सफाई, भोजन पकाने आदि का कार्य भी स्त्रियां ही करती हैं। घर चलाने हेतु आर्थिक

सहभागिता सहित महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद भी दलित महिलाओं के पास पारिवारिक सत्ता व मुख्य मुद्दों पर निर्णय लेने के अधिकार लगभग नगण्य हैं । यह स्थिति तब और अधिक दयनीय होने लगती है जब अधिकतम महिलाओं को अपने जीवन को क्रियान्वित करने वाले फैसलों के लिए भी घर के पुरुषों से इजाजत लेनी पड़ती है।

**सांस्कृतिक एवं सामुदायिक जीवन**

प्रत्येक समाज का अपना सांस्कृतिक एवं सामुदायिक जीवन होता है, जो क्षेत्रीय विशेषताओं को समेटे हुए रहता है। बेहंदर विकासखंड का ग्रामीण सामुदायिक जीवन बहुत असमानता व भेदभाव भरा है। यहां कोई भी सामाजिक सांस्कृतिक उत्सव सभी जातियां मिलकर नहीं मानती हैं, बल्कि सभी जातियों की अपनी अलग–अलग व्यवस्थाएं होती हैं। यहां तक कि उनके मंदिर, पुजारी व धार्मिक संसाधन भी अलग है। ऊँच–नीच की भावना वर्तमान समय में भी प्रबल है। उच्च जातीय लोग दलितों के साथ भोजन नहीं करते और न ही एक खाट या चारपाई पर बैठते हैं। दलित महिलाओं को और भी निम्न समझा जाता है। विवाह, भोज या भंडारा जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में दलितों के लिए अंत में या अलग पंक्तियां बैठाई जाती हैं और उन्हें खाना खाने के पश्चात अपना पत्तल स्वयं फेंकना होता है। इस कारण से अधिकांश दलित भी सवर्णों से ताल्लुक नहीं रखना चाहते। गहन जातीय पितृसत्तात्मक नियंत्रण के कारण सवर्ण महिलाएं दलितों से अंतः क्रिया करने से बचाती हैं। एक दलित महिला बताती है कि कई सवर्ण स्त्रियां दलित स्त्रियों से संबंध रखना चाहती हैं, परंतु उनके पारिवारिक पुरुष उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। गांव में जातीय भेदभाव नहीं मानने वाले भी कई सवर्ण परिवार हैं, जो दलितों से मेल मिलाप रखते हैं, परंतु उनकी संख्या बहुत कम है। सांस्कृतिक–सामुदायिक जीवन की उपरोक्त स्थितियां जातीय भावना को बरकरार रखने एवं जातीय आधार पर असमानता, भेदभाव व उत्पीड़न युक्त समाज स्थापित करने को प्रेरित करती है।

**निष्कर्ष एवं चर्चा**

प्रस्तुत नृजातीय (एथनोग्राफिक) अध्ययन दलित महिलाओं के जीवन में जाति एवं जेंडर के अंतर्संबंध एवं अंतरानुभागीयता का गहन संज्ञान लेता है। दलित महिलाएं जाति व्यवस्था एवं पितृसत्तात्मक व्यवस्था दोनों से असमानता एवं भेदभाव की शिकार तथा उत्पीड़ित है। इसका मुख्य कारण है उनकी शिक्षा व अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता में भारी कमी होना, जिसके कारण वह कोई सम्मानजनक रोजगार करने लायक ज्ञान, क्षमता एवं कौशल का विकास नहीं कर पाती हैं और कृषि मजदूर बनकर जीवन व्यतीत करने के लिए विवश हैं। संवैधानिक एवं सांविधिक प्रयासों के बावजूद आज भी दलित महिलाओं को उच्च जातीय लोगों द्वारा घृणित एवं कुछ हद तक अछूतवादी व्यवहार का सामना करना पड़ता है तथा उनके साथ बारंबार शाब्दिक एवं कभी–कभी शारीरिक शोषण की घटनाएं होती रहती हैं। परिवार के अंदर स्वजातीय पुरुष भी पितृसत्तात्मक नियमों का अनुसरण करते हुए स्त्रियों को अपने अधीन रखने की मानसिकता रखते हैं, जिसकी अभिव्यक्ति शराब पीकर पत्नी के साथ गाली–गलौज और मारपीट करने, उसकी यौनिकता एवं स्वतंत्रता पर पहरा रखने, उसको स्वयं से निर्णय न लेने

देने, सत्ताधारी कार्यों एवं मुद्दों से दूर रखने आदि में अभिव्यक्त होती है, यहां तक की दलित स्त्री द्वारा अर्जित किये गए धन पर भी परिवार के मुखिया पुरुष का ही नियंत्रण होता है। दलित महिलाएं अपने सांस्कृतिक–सामुदायिक जीवन में जातीय एवं जेंडरगत असमानता एवं भेदभाव के कारण मानवाधिकार सहित गरिमामयी जीवन जीने से वंचित है। उच्च जातीय लोगों के साथ एक चारपाई पर न बैठने, एक साथ खाना न खाने, साथ में कोई त्यौहार या उत्सव न मानने, अपने आप को सवर्ण जातियों से छोटा व निम्न समझने जैसे विश्वास व कुरीतियां दलित समुदाय सहित दलित महिलाओं में आत्मसात् हो गया है, जिसके कारण वह उसी शोषण के कुचक्र में फंसी हुई हैं।

दलित नारियों के जीवन में जाति एवं जेंडर समानता का संघर्ष आपस में गुथा हुआ एवं अविभाज्य है । दलित महिलाओं द्वारा सामना किये जा रहे जाति एवं जेंडर संबंधी भेदभाव व उत्पीड़नों को पहचानने व समाप्त करने के लिए सकारात्मक प्रगति एवं सामाजिक सुधार तथा परिवर्तन की आवश्यकता है, जो बहुत धीमी गति से हो रहा है। शासन–प्रशासन तथा समाज सुधार संगठनों को अधिक समावेशी व न्याय संगत समाज की स्थापना की दिशा में काम करने की आवश्यकता है, जिससे कि सभी जाति व लिंग के लोग विकास के समान अवसर प्राप्त करते हुए मानवाधिकार व गरिमामयी जीवन व्यतीत कर सकें।

❒

*सन्दर्भ –*


1. *Dumont, L. (1980). Homo Hierarchicus: The caste system and its implications. University of Chicago Press.*
2. *Jaiswal, Surira (2016). The Making of Brahmanical Hegemony: Studies in Caste Gender and Vaishnav Theology, New Delhi: Tulika Books Publication.*
3. *Thorat, Sukhdev and Sabharwal, Nidhi Sadana (2014). Bridging the Social Gap: Perspectives on Dalit Empowerment, New Delhi: Sage Publication.*
4. *मेनन, निवेदिता एवं अन्य (2016). नारीवादी राजनीति : संघर्ष एवं मुद्दे. नयी दिल्ली : हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय.*
5. *चन्दन, संजीव एवं भारती, अनीता (2017). दलित स्त्रीवाद. दिल्लीः द मार्जिनलाइज्ड पब्लिकेशन.*
6. *Guru, Gopal (Oct. 14-21, 1995). Dalit Women Talk Differently. Economic and Political Weekly, Vol. 30, No. 41/42, pp. 2548-2550*
7. *Thorat, Sukhdev and Sabharwal, Nidhi Sadana (2014). Bridging the Social Gap: Perspectives on Dalit Empowerment, New Delhi: Sage Publication.*
8. *द वायर (2020, सितम्बर 30). साल 2019 में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध के सबसे अधिक केस उत्तर प्रदेश में दर्ज। एक्सेस्ड ऑन 14.08.2023. https://thewirehindi.com/141507/ncrb-report-crime-against-women-increased-seven-percent-in-2019-up-on-top/*
9. *Census, 2011. Accessed on 05.07.2023. https://censusindia.gov.in/census.website/*
10. *Chakravarti, Uma (2018). Gendering Caste: Through A Feminist Lens, Tamilnadu: Sage Publication*
11. *Paldiwala, Rajani (1999). Beyond Myths: The Social and Political Dynamics of Gender, in Kabeer, Nayla and Subramanyam, Ramya (Ed.). Institutions, relations and Outcomes: A framework and Case Studies for Aware Planning, Delhi: Kali for Women.*
12. *मेनन, निवेदिता एवं अन्य (2016). नारीवादी राजनीति : संघर्ष एवं मुद्दे. नयी दिल्ली : हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय.*

*पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 9–16*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# भारत के आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य में शूद्र वर्ण की भूमिका मिथक, यथार्थ तथा संभावनाएं

**डॉ. कैलाश चन्द सामोता**

सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान–302004
E-mail- kailashappy1986@gmail.com Mob. 9784084824

**सारांश**

*शताब्दियों से भारत की मिट्टी में बसने वाले लोगों का वह समूह जो कि उत्पादन के कार्यो से जुड़ा हुआ है और जिसे आर्यों के आगमन के पश्चात् सामाजिक पदसोपान में शुद्र वर्ण के नाम से एक निम्न स्तर की पहचान दी गई है। उत्पादक कार्यो से संबंधित लोगों का यह समूह अर्थात् आदिवासी, दलित, किसान, पशुपालक, चरवाहा, नाई, धोबी, कुम्हार, मिस्त्री, खाती, दर्जी इत्यादि जो सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर अब तक सर्वत्र विद्यमान है परंतु यथार्थ में यह भारत के आर्थिक–सामाजिक परिदृश्य में कहीं पर भी अपने प्राधान्य या पहचान को स्थापित नहीं कर पाया है और इसीलिए शुद्र या उत्पादक कार्य समूह कही दिखायी नहीं देता है। इस वर्ण के बारे में वैदिक काल से लेकर अब तक अनेकानेक मिथक बने हुए है जिनके यथार्थ को पहचानना अपरिहार्य है। मेरा यह शोध पत्र शुद्र वर्ण की भारत की आर्थिक–सामाजिक प्रणाली में भूमिका को जानने का, उसका विश्लेषण करने का तथा उसके बारे में विद्यमान मिथकों को यर्थाथ के समीप ले जाने एवं उसकी अपनी पहचान को स्थापित करने की भावी संभावनाओं को खोजने का एक विमर्श है।*

**मुख्य शब्द** : उत्पादक वर्ग, शुद्र वर्ण, आर्थिक–सामाजिक प्रणाली, प्राधान्य और पहचान।

## प्रस्तावना

आर्य–अनार्य के विभेदीकरण ने एक ऐसी सामाजिक–धार्मिक एवं आर्थिक व्यवस्था को स्थापित किया जिसे बाद के ब्राह्मण ग्रंथों ने अतिश्योक्तिपूर्ण या महिमामण्डन की नीति के सहारे मानवीय समता के विरूद्ध, एक भेदभावपूर्ण कर्म–प्रधान वर्ण व्यवस्था में और इसे आगे चलकर जन्म–आधारित वर्ण व्यवस्था में और अंततः जन्म–आधारित जाति व्यवस्था में परिवर्तित कर दिया है जो कि आज भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति का केंद्र बनी हुई है। जाति की

राजनीतिक भूमिका को रजनी कोठारी ने बखूबी बयां किया है। सिंधु घाटी सभ्यता काल में किस प्रकार की सामाजिक–धार्मिक एवं आर्थिक प्रणाली विद्यमान थी? इसका साहित्यक स्वरूप अभी तक भी अज्ञात बना हुआ है। शायद आने वाले समय में नवीन अनुसंधानों से इस संबंध में स्थिति अधिक स्पष्ट हो सके तथापि सिंधु घाटी सभ्यता की खोजों में प्राप्त साक्ष्य विशेष रूप से कृषि के औजार, पशुपालन, मानवीय आवास या नगर नियोजन, सिंचाई, ईंट, चूल्हे, फसलें, मृदभाण्ड, आभूषण, ग्रामीण सांस्कृतिक जीवन के लक्षण, वाद्य यंत्र, आखेट संग्राहक, पत्थर के औजार, शिलबट्टा इत्यादि हुबहू ऐसे ही है जैसे कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में वे उपलब्ध है। इससे यह तथ्यात्मक स्वरूप अभिलक्षित होता है कि उत्पादक वर्ग या शुद्र वर्ण जिसमें वर्तमान आदिवासी, दलित और अन्य पिछडे वर्ग के समुदाय किसान, आदिवासी, दलित, चरवाहा, नाई, धोबी, कुम्हार, लुहार, सुनार, खाती, दर्जी, मिस्त्री इत्यादि कामगार समुदाय शामिल है, वह उस समय भी जनसंख्या के मुख्य भाग के रूप में विद्यमान था। यह उतपादक कार्य समूह हड़प्पा सभ्यता के इतिहास से लेकर आज तक भी विशेषतया शारीरिक श्रम वाले कार्यों से जुडा हुआ है।

सिंधु घाटी सभ्यता के पतन के बाद लगभग 1500 से 500 ईसा पूर्व की वैदिक एवं उतर वैदिक सभ्यता के दैवीय स्तुति वाले अपौरूषेय व निरूक्त वैदिक साहित्य या धार्मिक साहित्य में इस वर्ण का विवेचन या बखान नहीं किया गया है अपितु ब्राह्मण वर्ण या पुजारी या पुरोहित वर्ण या केवल आध्यात्मिक नागरिकों का विवेचन किया गया है जिन्हें श्रुति के रूप में जाना जाता है। श्रुति का अर्थ केवल सुने हुए, से है। इस साहित्य में चार वेदों का उल्लेख मिलता है जिनमें ऋग्वेद, सामवेद, यजुरवेद और अथर्ववेद प्रमुख है।[1] स्मृति साहित्य की श्रेणी में वेदांग–संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद्, पुराण, एपिक्स–महाभारत व रामायण, धर्मशास्त्र व नीतिशास्त्र साहित्य को शामिल किया जाता है। इसके बाद बौद्ध व जैन साहित्य, तमिल साहित्य दिखायी पड़ते है। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि हवन, यज्ञ, बलि, जन्म, विवाह, मृत्यु, युद्ध, भोजन सामग्री, दुग्ध, कर इत्यादि में अर्थात् धार्मिक व सामाजिक अनुष्ठानों में शुद्र वर्ण की ही प्रधान आर्थिक भूमिका रही है और आज भी है तथापि उसे साहित्य लेखन में कही भी उल्लेखित नहीं किया गया है। वर्ण व्यवस्था के प्रतिबंधों के कारण जैसे कि द्विज नहीं होने की वजह से, ब्राह्मण साहित्य के अनुसार, इस वर्ण को शिक्षा–दीक्षा से वंचित रखा गया। यही कारण है कि उन्होंने अपना इतिहास स्वयं ही लिखा जिसमें अन्य मानवीय समुह को पहचान नहीं दी गई। यथार्थ यह है कि धार्मिक कार्यो का, सामाजिक कार्यों का एवं आर्थिक प्रणाली का संचालन इस उत्पादक कार्य में लीन वर्ग के बिना न तो इतिहास में कभी संभव रहा है और न ही आज 21 वीं सदी में संभव है तथापि वह लेखन इतिहास का अभिन्न हिस्सा नहीं बन पाया है। उसकों वह स्थान दिलाना होगा जिसका वह हकदार है और इसके लिए उस वर्ण में चेतना जागृत करने की आवश्यकता है।

## सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य में शुद्र वर्ण की भूमिका का ऐतिहासिक विश्लेषण

भारतीय दर्शन एवं संस्कृति के अध्ययन की व्यवस्थित परंपरा 1784 में स्थापित 'द एशियाटिक सोसायटी आफॅ बंगाल'[2] की स्थापना से होती है। अनेक विद्वानों ने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने का बीड़ा उठाया जिनमें ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कड़ी में प्रथम महायुद्ध के बाद अनेक भारतीय

विद्वानों ने भी अपना योगदान दिया है। इनके लेखन से यह सारांश सामने आया कि भारतीय दर्शन या वैदिक दर्शन या ब्राह्मण दर्शन का आधार धर्ममीमांसा या तत्वमीमांसा अथवा अध्यात्मवाद को माना गया और इसी के आधार पर लेखन को गति प्रदान की गई। भौतिकतावाद अथवा उस काल के सामाजिक व आर्थिक आधार को नजरअंदाज करने की रीति इस अध्ययन परंपरा को अपूर्ण बनाती है।[3] इसका आभास राधाकृष्णन के इस व्यक्तव्य से भी होता है कि ''भौतिकवाद, दर्शन से भी प्राचीन है।[4]

कुछ शोधार्थियों को यह महसूस होता है कि दार्शनिक व्यवस्था और सिद्धांतों को उनकी सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से परे रहकर ही उचित रूप से समझा जा सकता है जो कि अध्ययन की पद्धति का एक बड़ा दोष है। वैदिक साहित्य एवं ब्राह्मण ग्रंथों की विवेचना में इसे रेखांकित किया जा सकता है जिनमें शुद्र वर्ण की सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में भूमिका को अलग करके केवल स्तुती या दैवीय या आध्यात्मिकता या धर्ममींमासा को विवेचित किया गया है। जर्मन दार्शनिक चिंतक कार्ल मार्क्स लिखते है कि ''भौतिक संसाधनों के उत्पादन का माध्यम अस्तित्व का निर्धारण करता है।'' परिस्थितियां समस्त सामाजिक, राजनीतिक एवं बौद्धिक जीवन का प्रतिरूप होती है। यह व्यक्ति की चेतना नहीं है जो उसके अस्तित्व का निर्धारण करती है, अपितु इसके विपरीत यह सामाजिक अस्तित्व है जो व्यक्ति की चेतना का निर्धारण करता है।[5]

अनेकानेक ऐतिहासिक खोजों से यह साबित हो चुका है कि भारत की प्राचीन सिंधुघाटी सभ्यता ज्ञान की एक विकसित एवं समृद्ध विरासत रही है। मोहनजोदडों, चंदूहडों, हडप्पा, धौलावीरा इत्यादि विकसित स्थल रहे है। भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे प्राचीन लिपि हड़प्पा लिपि है परंतु उसे अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है।[6] इस महान विकसित नगरीय सभ्यता का अंत 1500 ईसा पूर्व के आस–पास प्राकृतिक कारणों से या अन्य कारणों से हो जाता है और इसके अंत के साथ ही आर्यों का आगमन होता है और भारत में एक आर्य या वैदिक सभ्यता का उदय होता है।[7] बाहरी दुनिया के लिए सिंधु नदी भारतीय उपमहाद्वीप का प्रतिनिधित्व करती है। 'इण्डिया' 'हिंदू' और 'हिंदुस्तान' जैसे शब्दों की उत्पति इसी नदी के नाम से जुडी हुई है। प्राचीन चीनी स्त्रोत इस भूमि को भोन–तु, यूनानी या ग्रीक ग्रंथों में इसे इण्डिया कहा गया है। अरब और इरान के स्त्रोतों में सिंधु नदी के पार की भारतीय सरजमी के लिए हिंदुस्तान और इस पर रहने वालों के लिए हिदू शब्द का प्रयोग किया गया है।[8] ज्ञातव्य हो कि आधुनिक भारतीय संविधान के भाग एक के अनुच्छेद–1 में हमारे देश का नाम भारत और इण्डिया दोनों है।

एफ ई जेनुअर ने रेखांकित किया है कि सिंधु घाटी सभ्यता 4500 वर्ष पुरानी है। यद्यपि हमारे पास लिखित साक्ष्य बहुत कम है परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि हम निराश हो जाए। हम पुरातत्व विज्ञान, नृजाति–पुरातत्व विज्ञान एवं पुरालेखशास्त्र, मुद्राशास्त्र इत्यादि के माध्यम से विकास क्रम को रेखांकित कर सकते है। आदिमानव अपने उद्‌गम के साथ ही शारीरिक श्रम[9] के माध्यम से अपना पेट भरना आंरभ करता है। आखेट करना एवं कच्चा मांस खाना उसका पहला कार्य रहा है। आखेटक–संग्राहक व शैल चित्रों ने सिंधु घाटी सभ्यता को प्रामाणिकता एवं विकसित स्वरूप में जानने का अवसर प्रदान किया है। पाषण के औजार जो कि पेड काटने, छाल काटने, मांस छीलने इत्यादि के काम आते थे। माइक्रोवियर विश्लेषण विधि के माध्यम से

पत्थरों पर बने निशान के उपयोग का मालूम किया जाता है।[10] ज्ञातव्य हो कि शाकाहारी जैन संस्कृति और गांधीयन वेजेटेरियन विकास की अग्रिम अवस्था की नवीन मानवीय व्याख्या है।

व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए भोजन के संग्रहण, अन्य भौतिक संसाधनों के संग्रहण एवं उत्पादन के माध्यम को ध्यान में रखकर मानव के सामाजिक–आर्थिक विकास की अवस्थाओ का वैज्ञानिक आधार पर निर्धारण किया जा सकता है। उत्पादन का माध्यम से यह मालूम होता है कि उसके पास उत्पादन के लिए कौनसे संसाधन एवं उपकरण या औजार उपलब्ध है।[11] जैसे कि सिंधु घाटी सभ्यता से मिले अवशेष जो कि आज तक गांवों में उत्पादक वर्ग या शुद्र वर्ण के उत्पादन के साधन हल, सतह पत्थर, धातु, हाथी दांत, ताम्र प्रतिमा, ईंट, मृदभाण्ड,[12] शंख, कलाकृतियां, बीज, बावडियां, जल निकासी, तालाब, जल संग्रहण के टांके इत्यादि से समानताएं रखते है जो इस बात का प्रमाण है कि उस विकसित सभ्यता में भी शुद्र वर्ण अर्थात् लोगों का वह समूह जो बडी संख्या में कृषि एवं पशुपालन के कार्य में जुटा हुआ था, का महत्वपूर्ण योगदान था। श्रम के औजार यह तो नहीं बताते कि उसका स्तर क्या था? परंतु इस बात को व्यक्त करते है कि मानवीय श्रम का स्वरूप विद्यमान था। रेबेल ब्रुस फुट ने 1863 में मद्रास व दक्षिणी भारत के बेलेरी क्षेत्र से प्राप्त कंकाल से भारत में आदिमानव के आर्यों के आगमन से हजारों वर्ष पूर्व विद्यमान होने के प्रमाण को प्रस्ततु किया।[13] दूसरी ओर सर जॉन मार्शल[14] ने 1924 में हड़प्पा सभ्यता की खोज कर भारतीय सभ्यता की प्रांरभिक दौर की जानकारी को 2500 वर्ष पीछे ले जाकर मेसोपोटामिया अथवा मिस्त्र की सभ्यताओं के समकक्ष खड़ा कर दिया।

आधुनिक समय में विद्यमान आदिवासी व उत्पादन कार्यों से जुड़े लोगों के परिवार, स्थानीय नायक, आर्थिक, सामाजिक संगठन व संस्थाएं इत्यादि हड़प्पाकालीन स्वरूप के समकक्ष दिखायी पड़ते है। सिंधु घाटी सभ्यता के अधिकांश लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि था। खेती के औजार तांबे व ब्रास से बने होते थे। जौ, गैहु व कपास मुख्य फसले थी। गांव के लोग नगरों के लिए भोजन व दुग्ध पर्याप्त मात्रा में उत्पादित करते थे। खेत–खलिहान का काम पूरा होने पर कृषिगत समाज के लोग नाच व गायन के माध्यम से उत्सव मनाते थे और उनके पास लकड़ी व चमडे से बने ड्रम व अन्य वाद्य यंत्र होते थे। भारत में आज भी ये लोग उस परंपरा के वाहक एवं प्रतीक बने हुए है।[15] मेरे इस शोध पत्र का मुख्य ध्येय इस तथ्य पर विमर्श डालना है कि सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक शारीरिक श्रम, कृषि व पशुपालन, जंगल व जमीन से जुडे लोग जिनमें आदिवासी, दलित एवं शुद्र वर्ण के लोग शामिल है या मार्क्स की परिभाषा में सर्वहारा वर्ग के लोग जो न केवल संख्या में अधिक है अपितु आज भी भारत की आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक प्रणाली या अधिरचना के आधार के रूप में विद्यमान है, उनकों अपनी पहचान का, अपने हक के न्याय का, मुख्यधारा में आगे आने का सदियों से इंतजार है। किसान, आदिवासी, चरवाहा, नाई, धोबी, कुम्हार, खाती, दलित इत्यादि कामगार समुदाय भारत में मूल उद्योगों के आंत्रप्रेन्योर, इंजिनियर, चिकित्सक, कलाकार, वाद्यक, अभिनेता इत्यादि है। वे सब कुछ है, भारत के वास्तविक सर्जनकर्ता है, भाग्य विधाता है, मतदाता है, राष्ट्रवाद के रक्षक है परंतु वे पुजारी, पाठक, लेखक, व्यापारी, केवल वेजेटेरियन, नीति निर्माता नहीं है। वे केवल शिवाजी, ज्योतिबाराव व सावित्रि बाई फुले, बिरासा मुण्डा, भगतसिंह, पेरियार, भीमराव

अंबेडकर, सरदार पटेल तक सीमित है। लेखन की इस परंपरा को, पहचान के जुनून को, हकदारी के न्याय सिद्धांत को अपने मुकाम पर पहुँचाने के लिए पढ़ने, लिखने, संगठित रहने व संघर्ष की राह पर कदम बढ़ाने होंगें।

## शुद्र वर्ण के बारे में मिथक एवं यथार्थ

शुद्र वर्ण की उत्पति को लेकर अनेकानेक मिथक प्रचलित है। भारतीय धर्मशास्त्रों में उनके शारीरिक कार्यों को निम्न श्रेणी का कार्य बताया गया और उसे अद्विज, अयोग्य, काले, बुद्धिहीन, मोक्ष से वंचित, मंदिर से दूर, गांव से दूर–दराज क्षेत्र में रहने वाले वर्ण के रूप में विविचित किया गया है जो कि पूर्णतया मिथक है। आज भी शुद्र वर्ण के अनेक लोग जो पढ़ते व लिखते नहीं है या उनकें पूर्वजों ने भी ऐसा नहीं किया है जिसकी वजह से वे आज भी उस मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जूझ रहे है। वैदिक या धार्मिक साहित्य के असंख्य मिथकों तक पहुँचने से पहले हमें मानवीय सभ्यता के उस सत्यता या यथार्थ को समझना होगा जिसे सुप्रसिद्ध राजनीतिक चिंतक दामोदरन[16] ने अपनी पुस्तक 'इण्डियन पॉलिटिकल थॉट ए क्रिटिकल सर्वे, 1967 में उल्लेखित किया है अर्थात् ऐतिहासिक तथ्यों एवं प्रमाणों के आधार पर यह पूर्णतया स्पष्ट है कि मानवीय सभ्यता के आरंभिक जीवन में या आदिमानव के समाज में न तो किसी भी प्रकार का कोई दर्शन था और न ही किसी प्रकार कोई पंथ या रिलिजन था। आरंभिक पाषाण युग में शिकार के द्वारा भोजन संग्रहण करने वाले मांसाहारी समाज में देवताओं की प्रार्थनाओं एवं उपासनाओं किसी भी प्रकार की प्रवृतियां विद्यमान नहीं थी और न ही उनके पास इस अनुत्पादक कार्य के लिए फुरसत थी। इस समाज का मुख्य ध्येय परम सता या ईश्वर या ब्राह्मण या ब्रह्मा को प्राप्त करना नहीं था अपितु अपने जीवन यापन के लिए अपरिहार्य कंद, मूल, फल व मांस को संग्रहित व सुरक्षित करना था।

आदिम लोग आदर्शवादी या अध्यात्मवादी या पुजापंथी नहीं थे बल्कि वे प्राकृतिक रूप से भौतिकवादी थे। शारीरिक श्रम व मानसिक श्रम दोनों प्रत्येक मानव में संयोजित थे जिसे बाद में कर्मकाण्डी या दार्शनिक या अध्यात्मवादी लोगों ने शारीरिक श्रम करने वाले समुदाय से छीनकर अपने तक सीमित कर लिया । प्राकृतिक परिघटनाओं के बारे में उसे कुछ भी मालूम न था और उसकी इस अज्ञानता ने उसे अदृश्य सत्ता, भय, अध्यात्मवाद, कर्मकाण्ड, यज्ञ, आहूति, मंदिर की सता की ओर विचलित कर दिया।[17] यदि इसे हम 21 वीं सदी के परिदृश्य में समीक्षित करे तो मालूम होगा कि पुजापंथी समुदाय इसके माध्यम से आर्थिक सम्पति का संग्रहण करता है और सामाजिक वर्चस्व बनाएं रखता है जिसके कारण से आम आदमी की तार्किकता आज भी सुषुप्त अवस्था में बनी हुई है। दूनियाभर में ऐसे मानव समुदाय का कालांतर में उदय हुआ जिसे पुजारी, पादरी, मौलवी या धर्म रक्षक समुदाय के नाम से पहचान मिली और वह आज तक मानवीय शोषण व असमानता के प्रतीक बने हुए है। आदिम मानव के साथ बाद में जुडा अज्ञानता का यह आवरण या पर्दा ज्ञान के माध्यम से ही दूर हो सकता है। मेकियावली, मार्टिन लूथर, राजा राम मोहन राय जैसे विचारकों ने धर्मांधता के आवरण से आमजन को उन्मुक्त करने का प्रयास किया है। भारत में शुद्र वर्ण नायकों में ज्योतिबाराव फुले, सावित्रि बाई फुले, पेरियार, भीमराव अंबेडकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल इत्यादि प्रमुख है।

शुद्र वर्ण के बारे में मिथक की कडी धार्मिक साहित्य से आरंभ होती है। वैदिक या धार्मिक या मौखिक साहित्य से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र तक के साहित्य विवेचन में समाज के चार वर्णो की उत्पति की बात कही गई है अर्थात् ब्रह्मा के मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, उदर से वैश्य और पैर से शुद्र का जन्म हुआ है। अब तक के ज्ञात इतिहास के वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार लगभग 2 मिलियन वर्षों पूर्व अफ्रीका में प्रथम मानव की उत्पति के साक्ष्य मिले है। किसी भी तरह से यह संभव नहीं है कि एक ही ब्रह्म से चार अलग वर्णों का जन्म हो और यदि चार वर्ण एक ही शारीरिक रचना के चार भागों से उत्पन्न है तो फिर अलग कैसे है? एक ही अंश के चार टुकडों में आपस में भेदभाव कैसे? यदि रामायण के राम सबरी से बेर खा सकते है तो फिर मंदिर में पुजारी बनने या प्रवेश के संबंध में भेदभाव कैसे? मंदिर प्रवेश सुधार आंदोलनों की आवश्यकता क्यों? वायकोम सत्याग्रह,1923–24 की आवश्यकता कैसे? ऐसे अनेकानेक यक्ष प्रश्न वर्ण विशेष की काबिलियत के समक्ष उदित होते है जिनका जवाब अनुत्पादक कार्य में रत वर्ण के पास, न था, न है और न हो सकता है।

अंबेडकर की पुस्तक हू व्हेयर दि शुद्राज? के अंतगर्त स्पष्ट किया है कि इण्डो–आर्यन समाज में किस तरह से समाज को मानवीय असमानता पर आाधरित चार वर्णों में विभाजित कर शुद्र या क्षुद्र वर्ण को सबसे निम्न स्थान पर स्थापित किया गया है। भोरिंग ने अपनी पुस्तक हिंदू ट्राइब्स एण्ड कास्ट के अंतगर्त लिखा है कि शुद्र मूलतः आर्यन थे या वे मूल भारतीय थे। अंबेडकर कहते है कि शुद्र मूल अर्थ में किसी विशेष समुदाय से संबंधित था जो मूल अर्थ के स्थान पर निम्न वर्ग के लोगों के समुह के लिए एक सामान्य शब्द बन गया जिनकी इण्डों–आर्यन समाज में अपनी सभ्यता, संस्कृति, सम्मान और प्रस्थिति को कोई पहचान नहीं दी गई थी।[18] यद्यपि यह आर्यों के भारत आगमन से पूर्व इण्डो–अफ्रीकन या सिंधु घाटी सभ्यता में मोहन जोदडों, हड़प्पा व धौलावीरा क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से विद्यमान थी और जिसके साक्ष्य वर्तमान खोजों में मिले है। भविष्य में ओर अधिक प्रमाण मिलने की संभावना है, विशेषकर सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक प्रणाली के बारे में।

ब्रह्माण्ड की उत्पति के बारे में ऋग्वेद के दसवें मण्डल के पुरूष सुक्त में वर्णित उदात मिथ्या या झूठ अर्थात् चतुरवर्णा दैवीय उत्पति सहित, को इस बात से भी समझ सकते है कि मिस्त्र में ऐसी ही किवदंती या तत्वमींमासा या मायथोलॉजी का उदाहरण मिलता है जहाँ खुंमू नामक भगवान ने सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है। इसी के समानांतर ओल्ड टैस्टामैण्ट में ब्रह्माण्ड के सर्जन का मायथोलॉजिकल विवेचन किया गया है।[19] यही कारण है कि इण्डों आर्यन समाज ने पुरूष सुक्त को अपना आदर्श बना लिया और जिसे आज तक भी वे बनाए रखना चाहते है और इसीलिए आर्य समाज या दयानंद सरस्वती ने पुनः वेदों की ओर लौट चलने का आह्वान किया है।

किसी भी ब्राह्मण साहित्य में इसका कोई सबूत नहीं मिला है कि शुद्र कौन थे और वे चौथे वर्ण के रूप में कैसे स्थापित हुए। ज्ञातव्य रहे कि पुरूष सुक्त की सामाजिक व्यवस्था पर गौतम बुद्ध के अलावा किसी ने कभी कोई प्रश्न नहीं उठाया है।[20] यदि हम पश्चिमी विचारकों के लेखन पर दृष्टि डाले तो मालूम होता है कि वैदिक साहित्य के सर्जनकर्ता आर्यन थे और जो कि भारत के बाहर से आए थे और इनके द्वारा ही वर्ण व्यवस्था को स्थापित किया गया।

बाल गंगाधर तिलक ने अपनी पुस्तक 'द आर्कटिक होम इन दि वेदाज' के अतंर्गत आर्यों का मूल स्थान उतरी ध्रुव को बताया है। भारत के मूल निवासी काली प्रजाति के लोग थे, जिन्हें दस्यू कहा जाता था परंतु आर्य सफेद प्रजाति के लोग थे। इसीलिए उनके द्वारा रंग आधारित प्राधान्यता[21] या रंगभेद के सिद्वांत को स्थापित किया जिसमें सूर्य, तारे, ब्रह्मा, प्रकाश, गाय, चावल, दूध, दही, श्रीफल या धार्मिक अनुष्ठान की अधिकांश वस्तुएं अपेक्षाकृत सफेद रखी गई। कांचा अल्लैया शैफर्ड की पुस्तक ''बफैलों नेशनलिज्म'[22] में इसे विस्तार से स्पष्ट किया गया है।

**शुद्र वर्ण के लिए संभावनाए :**

ज्ञातव्य रहे कि पी.वी. काणे, जॉर्ज डेल्स व बी.बी. लाल ने हड़प्पा के संबंध में वैदिक साहित्य को नकार दिया है क्योंकि वे धार्मिक साहित्य है जिनके रचनाकाल को निर्धारित करना संभव नहीं है[23] और वे वैज्ञानिकता की कसौटी पर साबित नहीं हो सकते है। जिन रचयिताओं ने देवताओं की स्तुति में वैदिक ऋचाओं की रचना की अथवा जिन पुरोहितों ने वैदिक कर्मकाण्डों के संपादन विधि की व्याख्या की, वे कोई इतिहासकार नहीं थे। इसलिए हमको हमेशा यह ध्यान में रखना होगा कि वैदिक ग्रंथों धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ी रचनाएं हैं, इतिहास नहीं।[24]

सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था का संचालनकर्ता होने के बावजूद भी इस वर्ण को आज तक उसकी सही पहचान नहीं मिल पायी है। आध्यात्मिकता के वर्चस्व ने, लेखन के वर्चस्व ने और तथाकथित ज्ञानी समुदाय ने इस वर्ण को केवल श्रम तक सीमित कर दिया। राबर्ट नॉजिक के शब्दों में कहे तो शुद्र वर्ण के संदर्भ में हकदारी का न्याय सिद्धांत लागू नहीं हो पाया है। शिक्षा–दीक्षा एवं लेखन का कार्य जिस वर्ण के प्राधिकार में था उसने अपने ही बारे में विस्तार से लिखा और आज स्वतंत्र भारत में भी वे अधिकांशतया ऐसा ही कर रहे है। सम्पूर्ण व्यवस्था में मात्रात्मक एवं गुणात्मक रूप से अल्प होने के बाद भी इस गैर उत्पादक कार्य करने वाले वर्ण समूह ने सामाजिक–धार्मिक–आर्थिक प्राधान्यता की निरंतरता को वर्ण समनव्य अर्थात् ब्राह्मण–वैश्य कोम्बो या समूह के माध्यम से बनाए रखा है। शुद्र वर्ण को अपनी पहचान बनाने के लिए, अपनी भूमिका को सामने लाने के लिए, आभासी मिथकों को तोडने के लिए और यर्थाथ को दूनिया के सामने लाने के लिए और अपने योगदान को मुख्य धारा में लाने की संभावनाओं को हकीकत में बदलने का एकमात्र पथ या रास्ता ''पढ़ना, लिखना और संगठित होना व संघर्ष करना'' ही है।

**उपसंहार**

यह स्पष्ट रूप से अभिलक्षित होता है कि प्राचीनकाल से वर्तमानकाल तक भारत में उत्पादक कार्यों में निरत शुद्र वर्ण की भूमिका सर्वव्यापक एवं सर्वकालिक रही है। उसका योगदान आधार या नींव के रूप में है जिस पर ही भारत के विकास एवं विद्यमानता की मंजिले विराजमान है। आवश्यकता है तो अपनी योग्यता को, क्षमता को, सामर्थ्य को पहचानने की और उसके अनुरूप काम करने की, जिसे लेखन के रूप में सबके सामने लाया जा सके। उठो, जागों, अपने को पहचानों और अपनी पहचान के लिए पढ़ों, लिखों और संघर्ष करों। विजय पताका आपके इंतजार में तरस रही है। अब वह समय आ गया है जब उत्पादक वर्ग को अपना इतिहास जानना होगा और इसके बारे में अधिक से अधिक लिखना होगा। अपने गौरव को लेखन के

माध्यम से दूनिया तक पहुँचाना होगा। जैसा कि कभी ब्रिटिश गवर्नर जनरल विलियम बैटिंक ने कहा था कि हिंदुस्तान के मैदान जुलाहों की हडिड्यों से सफेद हो रखे है। हम फिर से इन जुलाहों को जगाना होगा और उन्हें कागज पर दर्ज करना होगा।

❒

*सन्दर्भ –*


*1. सिंह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 16*
*2. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे।*
*3. वही, पृ. 5–6*
*4. राधाकृष्णन, (1927), इण्डियन फिलोसॉफी, वॉल्यूम–1, एलेन एण्ड उन्विन लिमिटेड, वाशिंगटन, पृ. 277*
*5. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे। पृ. 6*
*6. सिंह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 41*
*7. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे। पृ. 9*
*8. सिंह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 02*
*9. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे। पृ. 10*
*10. संह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 58*
*11. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे। पृ. 10*
*12. सिंह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 41*
*13. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे। पृ. 10*
*14. सिंह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 136*
*15. दामोदरन, के, (1967), इण्डियन थॉट ए क्रिटिकल सर्वे। पृ. 16*
*16. वही पृ. 17*
*17. वही, पृ. 21*
*18. अम्बेडकर, (1946) हू वर दि शुद्राज?*
*19. वही*
*20. वही*
*21. वही*
*22. शैफर्ड, कांचा अल्लैया, (2018), बफैलों नेशनलिज्म, सेज पब्लिकेशन।*
*23. सिंह, उपिंदर, अनु. हितेन्द्र, (2017), प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन इण्डिया, पृ. 186*
*24. वही, पृ. 191*

**पूर्वदेवा**– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 17–22*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# 21 वीं सदी के भारत में लिव इन रिलेशनशिप एक अध्ययन

**डॉ. हसमुख पाँचाल**
सहायक प्रोफेसर, समाजशास्त्र एवं सामाजिक मानवविज्ञान विभाग,
महादेव देसाई समाजसेवा यूनिट महात्मा गाँधी केम्पस, गुजरात विद्या पीठ, अहमदाबाद–380009.
Email – hasmukhp13@gmail.com Mob. - 8780259982,

**सारांश**

*भारत में कुटुंब रचना का प्रथम कदम विवाह है। विवाह स्त्री–पुरुष के जातीय जीवन का समाज मान्य संबंध है। 21 वीं सदी के दशक में संबंधो की नयी विभावना उभर आयी है, जिसे लिव–इन–रिलेशनशिप (Live-in relationships) से जाना जाता है। यह ऐसा संबंध है, इस में एक स्त्री एवं पुरुष लिविंग एग्रीमेन्ट करते है, जिसमें युगल अविवाहीत होते है और कानूनन विवाह किए बिना, विवाह किए हुए युगल की तरह लंबे समय से संबंध में एक साथ, एक ही घर में रहते है। हिंदू धर्म में लिव इन रिलेशनशिप की यह विभावना को अवैध संबंध माना जाता है। भारत में नये विचारों की वृद्धि हुई और विवाह के विकल्प की खोज की, युवा पीढी ने विवाह के समग्र ख्याल को बोज मानना शुरु किया। इसलिए समुदाय में साथ मे रहने में यह मुख्य बदलाव देखने को मिला। इस संबंध में विवाह के अधिकार एवं जिम्मेदारी का निर्माण नही है। इस संबंध में दोनों एक दूसरे के लिए किसी प्रकार की जिम्मेदारी अदा करने का बंधन नही है। इसलिए समाज में इसके कानूनन एवं स्वीकृति के अभाव के लिए इस ख्याल की निंदा और चर्चा होती है। 21 वीं सदी के भारत में नए संबंधो की स्थिति का प्रस्तुत अभ्यास है।*

**मुख्य शब्द**– भारत, लिव इन रिलेशनशिप, विवाह, सहवास, कानून

**प्रस्तावना –**

विश्व में विवाह एक सार्वत्रिक घटना है। भारतीय समाज में विवाह मानव संबंधो की सबसे जटिल घटना है। वह सामाजिक रिवाज और कानून द्वारा व्याख्यायित संस्कार में महिला एवं पुरुष का संयोजन माना जाता है, जो उनके साथ स्पष्ट जातिय, सामाजिक, आर्थिक और बालसंभाल की जिम्मेदारीयों को स्वीकार करते है। विवाह के प्रमाण सर्व प्रथम 2350 बी.सी. मे मेसोपोटेमीया मे मिले थे। उत्कांति के सिद्धांत में कई विद्वानों ने विविध ख्यालों को स्थापित

किए है। टायलर के मत अनुसार संस्कृति तीन तबक्काओं के द्वारा उत्क्रांत हुई है। जैसे कि Savagery - Barbarism – Civilization ,oa cspksQsu ds erkuqlkj Hetaerism - Matriarchy - Patriarchy द्वारा समाज के विकास को समझाते है (बेनरजीः 2022)[1] इस सिद्धांतो के जरीए प्राचीन समय में वहां कुदरती मानव रहते थे, जहां जातीय संयम को अनुमति थी। आदिकाल के लोगों में नर और मादा के बीच लंबे समय के बंधन का अस्तित्व नहीं था। वो कई पार्टनरों के साथ जुडते थे। औद्योगिक समाज से आए बदलावों से पुरुष और स्त्री के बीच अंतरक्रिया में बदलाव आया है। वर्तमान में विवाह युगलों के बिच बदलाव आए है और तलाक की संख्या में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में माना जाता है कि तलाक से बहेतर लिव इन रिलेशनशिप है। हिन्दु धर्म के चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, जीवन में यह चार आदर्शो को प्राप्त करने के लिए पुरुष एवं स्त्री को विवाह करना आवश्यक है। पाश्चात्य समाज में विवाह को प्रेम, गृह निर्माण और सहजीवन के साथ संबंधित अंगत बाबत में गिनती होती है। किन्तु भारतीय व्यक्ति विवाह को धार्मिक संस्कार एवं परिवार और समाज प्रत्येक की जिम्मेदारी निभाने के लिए करते है। इसलिए लिव इन रिलेशनशिप की विभावना जो हिन्दु धार्मिक मान्यता में विवाह का धार्मिक महत्व से विरुद्ध है। उसे भारत में रहते सामान्य लोगों की ओर से नाराजगी का सामना करना पडता है। औद्योगिकरण, पाश्चात्यकरण और वैश्विकरण के कारण आधुनिकता का तेजी से विस्तरण के कारण भारतीय समाज में परंपरागत नैतिकता में से आधुनिकता की सुविधा की ओर बदलाव देखने को मिलता है। संबंधो का यह नया स्वरूप वास्तव में आवश्यक एवं ज्यादा महत्वपूर्ण है ? या अपने परंपरागत मूल्यों की पवित्रता को बरबाद करने वाला पश्चिमीकरण का दूसरा पहलू है ? क्या लिव इन रिलेशनशिप बढ रहा है ? यह समझना आवश्यक है।

भारत में पुरूष और महिला के बिच संबंधो की पेटर्न इसके परंपरागत मूल्यों को बदलते है। अहमदाबाद, बोम्बे, बैंग्लोर, दिल्ही जैसे मेट्रो शहरों में जहाँ नोकरी की ज्यादा उपलब्धता के कारण अलग–अलग स्थलो से लोग प्रवासीत हुए है। इसलिए युवाओ में लिव इन रिलेशनशिप को बल मिला है। क्योकिं एक दुसरे के प्रति प्रतिबद्धता कम होती है, एक दुसरे के साथ रहना पसंद न करने पर सरलता से अलग हो सकते है, किन्तु गाँवो में लिव इन रिलेशनशिप आज भी मात–पिता के द्वारा अस्वीकृत है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से भारतीय संस्कृति के परंपरागत मूल्यो युवा पेढी में लुप्त होते जा रहा है। विवाह के ऐसे अस्थिर स्वरूपो की अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक असर होती है। जिसकी सामाजिक धारणा पर होती असर को सरलता से बदल नहीं सकते। प्रस्तुत शोध पत्र में विवाह की ऐसी अस्थिर स्वरुप की प्रकृति को समझने के लिये लिव इन रिलेशनशिप को समझने का प्रयास है।

**उदेश्य** – (1). लिव इन रिलेशनशीप के ख्याल को समझना

(2). 21 वी सदी के भारत में लिव इन रिलेशनशिप का अध्ययन

**शोध प्रविधि**– वर्णनात्मक पद्धतिसे सेकन्डरी डाटा के आधार पर कार्य किए है। अध्ययन मे एहेवाल, रिसर्च पेपर, किताबो का उपयोग किया है। अध्ययन के प्रथम विभाग में विषयवस्तु, दुसरे विभाग में शोध प्रविधि, तीसरे विभाग में वर्गीकरण एवं विश्लेषण और चोथे विभाग में निष्कर्ष निरुपण किया है।

## 1. लिव–इन रिलेशनशिप की विभावना

लिव–इन रिलेशनशिप जीवन जीनेकी एक रीत है, जहाँ अपरिणीत युगल विवाह जैसे संबंधो को स्थापित करने के लिए साथ में रहते है। यह एक व्यवस्था है, जहाँ दो व्यक्ति लंबे समय तक या स्नेह संबंध में हंमेशा के लिये, जातिय संबंधो के साथ, रहना पसंद करते है। लिव–इन रिलेशनशिप को सहवास, मैत्री करार, कोमन–लो मेरेज, डि फेक्टो रिलेशनशिप, आदत अनुरुप विवाह, डीम्ड मेरेज, आदि से पहचाना जाता है। केम्ब्रिज डिक्शनरी लिव–इन पार्टनर को एसे व्यक्तियों के रूप में व्याख्यायित करती है, जो एक घर में रहते है और विवाह किए बिना जातीय संबंध रखते है (सविता और खान, 2020)[2] विवाह जैसी औपचारिक संस्था में बिना प्रवेश किए साथ में रहने के लिए दो विजातीय व्यक्तियों के बीच अनौपचारिक व्यवस्था का संबंध।

## 2. लिव इन रिलेशनशिप–एक आंतर्राष्ट्रीय स्थिति

विश्व में कई देशो में लिव इन रिलेशनशिप को कानूनन मान्यता मिली है। युनाइटेड स्टेट्स में सहवास करार का दस्तावेज प्रचलित है। जिस में लिव इन रिलेशनशिप के दरमियान पक्षकार की जिम्मेदारियाँ और उनकी स्पष्टता है। केलिफोर्निया की सर्वोच्च अदालत ने पेलिमोनी शब्द बनाया, जिसका अर्थ है कि एक महिला कोई पुरुष के साथ बिना विवाह किये निश्चित समय अवधि मे रहती हो, तब उसको रख रखाव मिलना चाहिए। चीन में लिव इन रिलेशनशिप में जुडने से पहले युगल एक करार पर दस्तखत करते है और इस संबंध से जन्मे हुए बालक को, विवाह के बाद जन्मे हुए बालक जितना ही वारिश एवं उत्तराधिकारी का अधिकार है। फ्रान्स में समान या विरोधी लिंग के युगल, रद्द कर सके ऐसे जीवंत–संबंध करार में प्रवेश कर सकते है। नागरिक एकता करार प्रसार किये है। युनाइटेड किंगडम में युगल कानूनन प्रतिबंधो का आनंद नहीं उठाते। फिर भी संतान विवाहित हो या न हो उनके उछेर करने की जिम्मेवारी मात–पिता की है। स्वीडन अकेला देश है, जिसने सहवासियों के मालिकी हकों को नियंत्रित करने के लिए सहवासियों का कानून 2003 निर्माण किया है। सहवासी एक दंपती है, जो एक साथ परिवार में लंबे समय तक जातीय संबंध से जुडे हुए, हमेशा के लिए रहते है। सहवासियो में विवाहित रजिस्टर्ड भागीदारों का समावेश नहीं होता। केनेडा में कॉमन लॉ मेरेज में जो युगल सतत दो साल तक साथ में रहते हो, उसे कानूनन विवाह की मान्यता मिलती है (श्रीयान्शी, 2022)[3]।

## 3. लिव इन रिलेशनशिप–भारतीय स्थिति

लिव इन रिलेशनशिप कोई नया विचार नहीं है। इतिहास में एडम और इव्स प्रथम अविवाहीत युगल है। उस समय में विवाह संस्था अस्तित्व में नहीं थी। इसलिये आदम और इव्स उनके संबंधो से बेखबर थे। सर्वाइवल ऑफ फीटेस्ट थियरी और परस्पर निर्भरता से दोनों को साथ में रहने की ओर ले गये। विवाह की कोई विधि, विवाह के प्रतीक जैसे मंगलसूत्र, वींटी, पंजीकरण आदि ने उनके संबंधो को चिन्हित नही किया (भूषण, 2017)[4]। मानव ने बाद में जब भावनात्मक जोडाण प्राप्त जूथो में रहना पसंद किया, तब समाज का विकास साथीदारी की ओर ले जाता है और इस इच्छा से विवाह संस्था का जन्म होता है। विवाह संस्था को सार्वत्रिक स्वीकृति होने से, सभी देश का अपना कौटुंबिक कानून होते है। भारत मे हिन्दु मेरेज एक्ट 1955, क्रिश्चियन मेरेज एक्ट 1872 आदी, जो कोई भी धर्म, जाति, ज्ञाति, संप्रदाय को ध्यान में लिए बिना ही दो व्यक्तियों को एक साथ बांधता है, जो प्रेम है (चोपरा, 2021)[5]। विवाह संस्था

महत्वपूर्ण है, जो समाज के व्यक्तिओं के समर्थन, साहचर्य एवं सुरक्षा प्रदान करता है और बालकों के उछेर में भी महत्व की भूमिका है। जिसमें विवाह युगलों पर नैतिक और कानूनी जिम्मेदारीयाँ पूर्ण करते है। किन्तु वर्तमान में तलाक की संख्या बढ रही है, जो विवाह संस्था को झटका देता है। विवाह एक अविभाज्य जोडाण था, किन्तु बदलाव ने कुटुंब रचना की नयी रीत लिव इन संबंधो ने भारतीय समाज में अपना स्थान बनाया है।

लिव इन रिलेशनशिप एक पुराना ख्याल है। वेद में आठ प्रकार के विवाह मे से एक गांधर्व विवाह का स्वरुप वर्तमान लिव इन रिलेशनशिप जैसा ही है। वैदिक समय नारी गौरव का युग था, जहां नारी पुरुषो की समकक्ष रहती थी। मध्ययुगीन भारत में जब कोई विवाहीत महिला बालक को जन्म नहीं दे सकती तब उप–पत्नी से संतान प्राप्त होती थी। दो अविवाहीत लोगों के बीच उपपत्नी सामान्य विवाह कानून जैसी थी। आधुनिक भारत में सामाजिक सुधारणा आंदोलन और ब्रिटिश भारतीय कानून के परिणाम उपपत्नी जैसी कुप्रथाओ को दूर करने में आयी थी। हाँ, आज भी मैत्री करार गुजरात मे प्रचलित है। मैत्री करार के मुताबीक महिला मित्रता के दोरान पुरुष पार्टनर पर कोई अधिकार का दावा नहीं कर सकती थी। इसमें महिला अपरणित थी और पुरूष परणित था जिसमें उनके पैतृक परिवार को पालने के जिम्मेदारी थी (भूषणः2017)[6]। फिर भी विवाह एक पवित्र प्रसंग है किन्तु यह संस्था संक्रमण में है। हिन्दु विवाह अब पवित्र होने के अलावा करार आधारित बन गया है। विवाह एक अविभाज्य बंधन था किन्तु तलाक के किस्से बढ रहे है। इसी के साथ कौटुंबिक रचना की अन्य रितों की तरह लिव इन संबंधो ने भारतीय समाज में अपना स्थान बनाया है।

**4. भारत में धर्म और नैतिकता –**

संस्कृति जीवन जीना सिखाती है। कानून और धर्म दोनों अलग–अलग खडे नहीं रह सकते, कानून के मुद्दों में उनका अमलीकरण और निर्णय में समान रूप से गिनती होती है। सभी धार्मिक समुदाय की अपनी–अपनी विचारधाराऐ, परंपराऐं और संस्कृति होती है। इसलिए लिव–इन रिलेशनशिप के बारे में सभी धर्म में विभिन्न मत रहे है।

**हिंदू धर्म**– हिंदू ग्रंथो में विवाह को पवित्र बंधन माना है। किन्तु लिव–इन संबंधो की अवगणना नहीं की है क्योंकि गांधर्व विवाह में स्त्री को जीवन साथी पसंद करने की परवानगी देते है, जिसमें युगल परस्पर सहमति से गांधर्व विवाह में प्रवेश कर सकते है। हिंदू धर्म में विवाह के पहले का जातीय जीवन एवं सहवास को निषेध नही मानते। जिस में एक शर्त है कि कुटुंब रचना के सभी स्वरूपों से धर्म के मार्ग को जुडे रहना है। धर्म के मार्ग में विचलन इसे अनैतिक बनायेंगे। वर्तमान में हिंदू विवाह इसके संस्कार स्वभाव को गवा दिया है और अब वह करार के आधारित बन गया है। एक समय में अविभाज्य विवाह अब परस्पर सहमति से तलाक के योग्य बन गया है। इस्लाम धर्म– कुरान लिव–इन रिलेशनशिप या विवाह पहले का जातीय जीवन को प्रतिबंधित करता है। फर्ज के बिना आनंद के लिए संबंधो का अस्तित्व नहीं है। निकाह एक सामाजिक करार है। युगल में से कोई एक अपना धर्म बदल दे तब यह करार समाप्त होता है। वहां उसे तलाक की मंजूरी है। स्त्री औक पुरूष दोनों में समानता है, दोनो मनुष्य है। ख्रिस्ती धर्म – भारतीय क्रिश्चियन मेरेज एक्ट, 1872 विवाह को संस्कार मानते है। ख्रिस्ती धर्म भी लिव–इन रिलेशनशिप को अनुमति नहीं देता है। विवाह, कुटुंब की रचना की मान्य रीत है, जो जातीय आनंद को नियंत्रित करता है। यह धर्म तलाक को अनुमति देता है किन्तु

भारतीय विवाह–विच्छेदन अधिनियम 1869 विवाह–विच्छेदन की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है।(सरकारः 2015)[7]

भारत एक वैविध्य से भरा देश है, जहां विभिन्न धर्मो एवं संस्कृति के लोग सुमेल से रहते है। कई देशो में लिव–इन कानूनी है किन्तु विभिन्न देशो में आज भी स्वीकार्य नहीं है। जो समुदाय अपने रीती–रिवाज एवं परंपराओ पर निर्भर है वह अपनी मान्यताओं को बदलता नही, वह निष्क्रिय समाज जैसा है। यह बात मानवजाति की उत्क्रांति के सिद्धांत को नकारती है। कानून और नैतिकता, एक ही सिक्के के दो पहलू है। दोनों शून्यावकाश में काम नहीं कर सकते। लिव–इन ओर विवाह की पसंदगी मात्र व्यक्ति की अंगत धारणा है। भारत का संविधान इसके लिए स्वतंत्रता देता है, नागरिकों को दबाव नहीं डालता। स्पष्ट संबंध उनके लिए नैतिक है या नहीं यह तय करने के लिए युगल की इच्छा आवश्यक है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सुनाया कि लिव–इन रिलेशनशीप की सामाजिक स्वीकृति दिन ब दिन बढती जा रही है। संरक्षण की खोज में विवाहीत या अविवाहीत युगलों के बीच कोइ भेद नहीं है।(उपाध्यायः 2021)[8]

### 3.5 लिव–इन रिलेशनशिप में वृद्धि के कारण

21 वीं सदी के भारत में लिव–इन रिलेशनशिप की पसंदगी संपूर्ण रूप से व्यक्ति की पसंदगी है। इस के अलावा वहां ज्यादा लालच है, जो व्यक्ति को जीवन जीने की यह रीत को पसंद करने के लिये प्रेरित करते है। एक संशोधन पोल में कहा है की 80 प्रतिशत भारतीय लोग लिव–इन रिलेशनशीप को पसंद करते है। (ब्युरोः 2018)[9]

- लिव–इन संबंध, युगल के साथ कोई सामाजिक दबाव नहीं डालता। युगल पारिवारिक दखल बिना उनका जीवन जी सकते है।
- युगल एक दुसरे को आर्थिक रूप से सहयोगी बनते है और समानता सुनिश्चित करके संतुलित जीवन जी सकते है।
- युगल का सहवास दोनों के बीच गहन बंधन के लिए प्रोत्साहित करता है क्योंकि लोगों को उनके समझोतें के अनुरूप जीवन की रीत पसंद करने का अवसर मिलता है।
- जीवनसाथी पसंद करने की सुगमता, जीवन की रीत और महिलाओं को अनुरूपता के साथ–साथ उनकी कारकिर्दी बनाने में लिव–इन महत्वपूर्ण है।
- स्त्री शिक्षा और उनकी व्यवसायिक स्वतंत्रता में वृद्धि, स्त्री की किंग–साइझ प्रसार करने के लिए निर्णायक भूमिका निभाने में लिव–इन महत्वपूर्ण है।
- विवाह का अर्थ है, परम्परागतता, बंधन, कुटुंब के लिए कारकिर्दी को छोडना, यह स्त्री सशक्तिकरण की वर्तमान आधुनिक एवं तकनीकी दुनिया में अनुकूल नहीं है।
- वर्तमान में विवाह–विच्छेदन के बढते किस्सों से युवा के मन क्षीण हो रहे है।
- भावनात्मक, बौद्धिक, शारीरिक और शाश्वत, यह सुसंगतता के चार प्रकार है। लिव–इन संबंध युगलो को औपचारिक संबंध अपनाने से पहले एक दुसरों के साथ उनकी सुसंगतता को जाँच करने के लिये सक्षम बनाते है।

डेमोग्राफिक ट्रान्झिशन थियरी के अनुसार, सुसंगत विवाह से, प्रेम विवाह से, विवाह की तय उम्र से बिना–वैवाहिक सहवास में बदलाव, लिव–इन संबंधो मे वृद्धि के लिए जिम्मेवार है।

संतान प्राप्ति को प्रधान्य देते परिवारों में से दुगुनि आय बिना के युगलों की कल्पना की ओर बदलाव आया है। गर्भनिरोधक की विभावना ने युगलों के जातीय आनंद और संतुष्टि को प्राथमिकता देने में सक्षम बनाये है। (भूषणः2017)[10]

युगल निःसंतान रहने के नये दोर में लिव–इन को पसंद करते है।

भारतीय संविधान की कलम 21 भारत के नागरिकों को गौरव के साथ जीवन जीने का अधिकार देता है। भारत मे कोई कानून पुख्ता रूप से लोगों को साथ में रहने पर प्रतिबंधीत नही है। समाज लिव इन संबंधो को अनैतिक मानते है, किन्तु वह गुनाहा नहीं है। लिव इन विकसित हो रहा है और न्यायतंत्र द्वारा उसे समर्थन मिल रहा है।

**निष्कर्ष**

21 वीं सदी के भारत में लिव इन रिलेशनशीप, नया ख्याल है। भारत के विकसित नगर और विश्व के विकसित देशों में लिव इन ट्रेन्ड बढ रहा है। भारत में लिव इन अनैतिक माना जाता है, लेकिन यह गैरकानूनी नहीं है। हाल ही में भारत के उत्तराखंड ने न्ब्ब बिल में लिव इन में रहने वालों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है और यह जानकारी उनके माता–पिता को देना आवश्यक है। भारत में मेट्रों नगरों में लिव इन रिलेशनशीप का प्रमाण ज्यादा देखने को मिलेगा। जिसके द्वारा पुख्ता युगलों को कोइ भी जिम्मेवारी या प्रतिबद्धता लिए बिना भी उनके भागीदारो को सही पसंदगी करने की स्वंतत्रता मिलती है। किन्तु विवाह की विभावना आज भी समाज में अपना स्थान बनाये है क्योंकि पुख्ता युगल के लिए सभी इमोशन, जिम्मेवारी और एक दूसरो के प्रति आदर के साथ रहना यह एक सार्वत्रिक घटना है। आज भी भारतीय संस्कृति में लिव इन रिलेशनशिप कुछ संजोगो में ठीक हो सकते है किन्तु सामाजिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए विवाह संस्था का महत्व को नकारा नहीं जा सकता।

❐


*सन्दर्भ –*

1. *Benaraji Kasturi (2022), Live in Relationship and marriage pattern in India – A Study, Vol 27, Issue 4, Series 5, Pages 59-62*
2. *Savita and Khan A.G (2020) Studies on Sociological Impact of Live-In Relationship: A Critical Review. IOSR Journal Of Humanities And Social Sciences 25(2): 36-37.*
3. *Shriyanshi (2022), Brillopedia, Blog, Amity University, Lucknow.*
4. *Bhushan S (2017) Live-In Relationship And Its Impact In India. Shodhganga.*
5. *Chopra P (2021) Emerging Trends of Live-In Relationships under Family Law. Jus Corpus Law Journal 1(3): 22.*
6. *Bhushan S (2017) Live-In Relationship And Its Impact In India. Shodhganga.*
7. *Sarkar A (2015) Law, Religion and Conjugal Ties: A Study of 'Live-in-Relationships' in Contemporary Indian Society. IJHRLR 1(1): 27-28.*
8. *Upadhyay S (2021) Social Acceptance For Live- In- Relationships On Rise, No Difference Between Married & Live In Coupe Seeking Protection: Punjab & Haryana HC. LIVE LAW, 20 May.*
9. *Bureau NH (2018) 80 percent Indian youths support live in relationships: Study reveals. Lifestyle News, 24 May.*
10. *Bhushan S (2017) Live-In Relationship And Its Impact In India. Shodhganga.*

**पूर्वदेवा**– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 23–29*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# बाबा साहब डॉ.अम्बेडकर का संविधान निर्माण करने में योगदान

**मयंक प्रताप**
सहायक आचार्य, विधि विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.)
E-mail- mayankprataplaw@gmail.com

## सारांश

*अम्बेडकर का मत था कि एक न्यायनिष्ठ सामाजिक प्रणाली ही लोकतंत्र के आदर्शों को प्रतिबिम्बित कर सकती है। इस उद्देश्य से उन्होंने भारत में सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक संविधान के मध्य तारतम्य स्थापित किया जाना आवश्यक माना। उन्होंने कहा कि समानता स्वतंत्रता और भ्रातृत्व के मूल्यों पर आधारित एक ऐसी उपयुक्त सामाजिक प्रणाली में ही लोकतंत्र का आदर्श चरितार्थ हो सकता है जिसमें सामाजिक हितों को प्रोत्साहित व संरक्षण देने के लिए समाज की उपलब्ध समस्त क्षमताओं और विवेक का बिना भेदभाव के उपयोग किया जा सके। अम्बेडकर ने भारत में विद्यमान सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक विभिन्नताओं में समन्वय स्थापित करके एक एकताबद्ध सामाजिक प्रणाली की स्थापना के लिए धार्मिक विश्वासों सामाजिक परंपराओं और रीति–रिवाजों आदि में से कट्टरता संकीर्णता और रूढ़िवादिता को समाप्त करने की आवश्यकता अनुभव की। भारत के संविधान निर्माताओं ने हमारे देश की ऐतिहासिक, धार्मिक और राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संविधान तैयार किया है. उनका लक्ष्य मात्र लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना था। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में संविधान के आदर्शों को भी समझाया है. हमारे भारतीय संविधान की अपनी खुद की विशिष्टताएं हैं जो इसे दुनिया के अन्य संविधानों से अलग करती है।*

*डॉ.अंबेडकर का संविधान निर्माण करने में अतुलनीय योगदान रहा। अस्वस्थ होने के बाद भी इतने कम समय (2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन) में संविधान बनाकर उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। वह उनका विधि व कानूनी ज्ञान ही था कि कांग्रेस व गांधी के कटु आलोचक होने के बाद भी उन्हें कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश का पहले कानून मंत्री के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। 29 अगस्त, 1947 को अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान*

*की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अंबेडकर ने मसौदा तैयार करने के इस काम में अपने सहयोगियों और समकालीन प्रेक्षकों की प्रशंसा अर्जित की।*

**प्रस्तावना**

14 अप्रैल सन् 1891 में मध्यप्रदेश के महू में जन्मे डॉ. भीमराव अम्बेडकर को बाबा साहब भी कहा जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीय समाज की जातीय व्यवस्था और हिंदू धर्म की कुरूतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए बीता दिया। भारतीय समाज में व्याप्त असमानता और जातिवाद के चरम दौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर का अवतरण किसी क्रांति और अभ्युदय से कमतर नहीं आंका जा सकता। अंबेडकर के पिता सेना में थे। उस समय सैनिकों के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा की विशेष व्यवस्था हुआ करती थी। इस कारण अंबेडकर की स्कूली पढ़ाई सामान्य तरीके से संभव हो पायी। अन्यथा तो दलित वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल में पानी के नल को हाथ लगाना भी वर्जित माना जाता था। उनका जीवन खास तौर पर दलितों और पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्षशील रहा। भीमराव अम्बेडकर मूलतः एक समाज सुधारक अथवा समाजिक चिंतक थे। वह हिन्दु समाज द्वारा स्थापित समाजिक व्यवस्था से काफी असंतुष्ट थे और उन में सुधार की मांग करते थे ताकि सर्व धर्म सम्भाव पर आधारित समाज की स्थापना की जा सके। अम्बेडकर ने अस्पृश्यता के उन्मूलन और अस्पृश्यों की भौतिक प्रगति के लिए अथक प्रयास किये। वे 1924 से जीवन पर्यन्त अस्पृश्यों का आंदोलन चलाते रहे। उनका दृढ विश्वास था कि अस्पृश्यता के उन्मूलन के बिना देश की प्रगति नहीं हो सकती। अम्बेडकर का मानना था कि अस्पृश्यता का उन्मूलन जाति–व्यवस्था की समाप्ति के साथ जुड़ा हुआ है और जाति व्यवस्था धार्मिक अवधारणा से संबद्ध है। समय की करवटों के साथ अंबेडकर ने देश और विदेश में पढ़ाई पूर्ण कर कानून की डिग्री हासिल कर ली। अपने एक देशस्त ब्राह्मण शिक्षक महादेव अंबेडकर के कहने पर अंबेडकर ने अपने नाम से सकपाल हटाकर अंबेडकर जोड़ लिया, जो उनके गांव के नाम 'अंबावडे' पर आधारित था। रामजी सकपाल ने 1898 में पुनर्विवाह कर लिया और परिवार के साथ मुंबई चले आये। अंबेडकर के राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1935 से मानी जाती है।

**समाजिक आंदोलन**

डॉ बी. आर. अंबेडकर ने इतनी असमानताओं का सामना करने के बाद सामाजिक सुधार का मोर्चा उठाया। अंबेडकर जी ने ऑल इंडिया क्लासेज एसोसिएशन का संगठन किया। सामाजिक सुधार को लेकर वह बहुत प्रयत्नशील थे। ब्राह्मणों द्वारा छुआछूत की प्रथा को मानना, मंदिरों में प्रवेश ना करने देना, दलितों से भेदभाव, शिक्षकों द्वारा भेदभाव आदि सामाजिक सुधार करने का प्रयत्न किया। परंतु विदेशी शासन काल होने कारण यह ज्यादा सफल नहीं हो पाया। विदेशी शासकों को यह डर था कि यदि यह लोग एक हो जाएंगे तो परंपरावादी और रूढ़िवादी वर्ग उनका विरोधी हो जाएगा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के प्रथम कानून मंत्री भी थे। उन्हें दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के मसीहा के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 1956 में समाजिक, राजनीतिक आंदोलन और दलित बौद्ध आंदोलन चलाया। जिसमें देश के लाखों दलित बहुजनों ने हिस्सा लिया। उन्होंने मूर्ति पूजा का हमेशा विरोध किया। उन्होंने पूजा पाठ को हिंदू समाज

का दोष बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म, उसका पालन, पूजा पाठ लोगों को कमजोर बनाता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए पूरी हिंदू व्यवस्था और समाज से लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा ही महिलाओं को समानता, शिक्षा, सम्मान, अधिकार और अपनी समर्थता को समझने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को मनुवादी सोच से निकाला। उनकी समाज में बराबरी के लिए कानून बनाया। उन्हें हर क्षेत्र में जगह मिल सके ऐसी व्यवस्था बनाई।

अम्बेडकर के विचारों में उदारवाद एवं समाजवाद दोनों के दर्शन होते हैं। यही कारण है कि अम्बेडकर एक ऐसा राज्य चाहते हैं जो व्यक्ति के स्वतंत्रता एवं गरिमा का सम्मान करते हुए लोककल्याण के मार्ग को प्रशस्त करे। समाजवादी विचारों से व्यक्ति को साध्य मानते हैं, इसलिए वे व्यक्ति की स्वतंत्रता को संकट में डालकर लोककल्याण नही चाहते हैं। वे कुल मिलाकर उदारवादियों की तरह राज्य के सकारात्मक भूमिका को स्वीकारते हैं किंतु व्यक्ति स्वातंत्रेय का क्षरण न हो। लोक कल्याणकारी राज्य में ही सर्वांगीण विकास एवं समस्त नागरिकों की प्रगति संभव है।

अम्बेडकर चाहते थे कि राज्य का संचालन नियंत्रण एवं संतुलन सिद्धान्त पर आधारित संसदीय प्रणाली के माध्यम से हो। ताकि शासन के तीन अंग संयमित एवं मर्यादित रहें। वे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर बहुमत के अतिक्रमण होने की संभावना के प्रति सचेत करते थे। अम्बेडकर मिल की भाँति स्वतंत्रता के परम उपासक थे। अम्बेडकर के विचारों में लोकप्रिय सरकार का अर्थ केवल जनता के लिए सरकार से नहीं है, बल्कि जनता की सरकार से भी है।[1] इसलिए वे एक उत्तरदायी शासन व्यवस्था की स्थापना हेतु वयस्क मताधिकार की वकालत करते थे। वे मताधिकार हेतु आयु के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिबंध के हिमायती न थे।

## संविधान निर्माण करने में योगदान

संविधान यह एक मात्र वकीलों का दस्तावेज नहीं। यह जीवन का एक माध्यम है। भारतीय संविधान बाबा साहेब की अमूल्य देन हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का स्थान आधुनिक सामाजिक विचारकों में महत्वपूर्ण हैं। सन् 1945 में जब द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त हुआ, उसके बाद भारत को सत्ता सौंपने का मसला खड़ा हो गया। 24 मार्च, 1946 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री लॉर्ड एटली ने ब्रिटिश मंत्रीमंडल के तीन सदस्य– लॉर्ड पेथिक लॉरेंस, सर स्टेफर्ड क्रिप्स और ए.बी. एलेग्जेंडर को भारत में राजनीतिक गतिरोध को रोकने व भारत को सत्ता सौंपने के उद्देश्य से भारत भेजा। इसे "केबीनेट मिशन" कहा गया। मिशन ने भारत के तथाकथित प्रमुख नेताओं से मुलाकात की, उसके बाद 5 अप्रेल, 1946 को उन्होंने अंबेडकर और मास्टर तारासिंह से भी मुलाकात की, जिसमें अंबेडकर ने सदियों से शोषित व वंचित वर्ग के लिए पृथक चुनाव, पृथक आवास और नये संविधान में उनके सुरक्षा संबंधित मांगे प्रस्तुत की, जिन पर पूर्णतः ध्यान नहीं दिया गया। केबीनेट मिशन ने जब संविधान सभा व अंतःकालीन सरकार की रूपरेखा संबंधी योजना की घोषणा कर दी। जिसमें अंबेडकर के द्वारा रखी गई कथित दलितों के लिए मांगों की उपेक्षा की गई। फलतः उन्होंने संगठित होकर आंदोलन कर दिया। जिसके चलते सवर्ण हिन्दुओं और दलितों में संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई और सवर्णों ने अंबेडकर के "भारत भूषण" प्रेस को आग लगा दी जिसका संचालन अंबेडकर के पुत्र "यशवंतराव अंबेडकर" करते थे।

उसके बाद केबीनेट मिशन ने हिन्दू–मुस्लिम समान प्रतिनिधित्व के आधार पर अंतःकालीन सरकार की रूपरेखा संबंधी योजना की घोषणा की, जिसमें 14 सदस्य थे, 5 कांग्रेसी सवर्ण हिन्दू, 1 कांग्रेसी दलित, 5 मुस्लिम लीगी और पारसी, सिख तथा ईसाई का एक–एक प्रतिनिधि। लेकिन हिन्दू–मुस्लिम मतभेदों के चलते इस योजना को स्वीकार नहीं किया गया। उधर डॉ. अंबेडकर ने दलित वर्गों की उपेक्षा किए जाने पर अहिंसात्मक संघर्ष करने की घोषणा कर दी।

डॉ. अंबेडकर ने पूना से अपना आंदोलन प्रारम्भ कर दिया और बताया कि दलितों के हितों की केबीनेट मिशन द्वारा पूर्णतः उपेक्षा की गई है। बम्बई में 7 जुलाई, 1946 को विरोध प्रदर्शन किया गया और भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के समक्ष भी नारेबाजी की गई। उसके बाद प्रदर्शनकारियों का जुलूस पास के एक मैदान में सभा में बदल गया। जहाँ दादा साहेब गायकवाड़, बापू साहेब, राजभोज आदि नेताओं ने अपने भाषणों में मिशन योजना, कांग्रेस नीति तथा सरकार द्वारा दलितों की उपेक्षा की कड़ी आलोचना की।

बंगाल से "जोगेन्द्र नाथ मंडल" ने उन्हें बंगाल से चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया। अंबेडकर ने बंगाल विधानसभा परिषद से अपना नामज़दगी पत्र भरा। अनुसूचित जातियों के लिए अलग से कोई स्थान न होने के कारण हिन्दुओं के साथ जोड़ दिया गया। 27 हिन्दू और 33 मुस्लिम प्रतिनिधियों का यहाँ चुनाव होना था।

डॉ. अंबेडकर के लिए यह चुनाव जीवन–मरण का सवाल बन चुका था। बंगाल में उनके साथ बुद्धसिंह, करपालसिंह, बच्चूसिंह और जोगेन्द्रनाथ मंडल ने जमकर मेहनत की। यहाँ भी कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी दमखम लगा दी, पर 20 जुलाई, 1946 को जब परिणाम घोषित हुआ तो शहर नाच उठा। पंजाब से आए उनके शुभचिंतकों का भांगड़ा शुरु हो गया। ढोल पर ताबड़तोड़ डंडे बरस रहे थे और चारों तरफ उनकी जय जयकार के नारे गूँज रहे थे क्योंकि अंबेडकर एंग्लो इंडियन सदस्य, निर्दलीय दलित सदस्य और सम्भवतः मुस्लिम लीग के सदस्यों की मदद से चुनाव जीत गए थे।

अंबेडकर का संविधान निर्माण करने में अतुलनीय योगदान रहा। अस्वस्थ होने के बाद भी इतने कम समय (2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन) में संविधान बनाकर उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। वह उनका विधि व कानूनी ज्ञान ही था कि कांग्रेस व गांधी के कटु आलोचक होने के बाद भी उन्हें कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश का पहले कानून मंत्री के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। 29 अगस्त, 1947 को अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अंबेडकर ने मसौदा तैयार करने के इस काम में अपने सहयोगियों और समकालीन प्रेक्षकों की प्रशंसा अर्जित की। इस कार्य में अंबेडकर का शुरूआती बौद्ध संघ रीतियों और अन्य बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन बहुत काम आया। संघ रीति में मतपत्र द्वारा मतदान, बहस के नियम, पूर्ववर्तिता और कार्यसूची के प्रयोग, समितियां और काम करने के लिए प्रस्ताव लाना शामिल है। संघ रीतियां स्वयं प्राचीन गणराज्यों जैसे शाक्य और लिच्छवि की शासन प्रणाली के निर्देश (मॉडल) पर आधारित थीं। अंबेडकर ने संविधान को आकार देने के

लिए पश्चिमी मॉडल इस्तेमाल किया है, इसमें ब्रिटिश, आयरलैंड, अमेरिका, कनाडा और फ्रांस सहित विभिन्न देशों के संविधान प्रावधान लिए गये पर उसकी भावना भारतीय है।[2]

संविधान सभा में पहुँच जाने के बाद अंबेडकर ने राष्ट्रीय घोषणा पत्र आदि तैयार करने में कांग्रसियों के साथ मिलकर काम किया और साथ ही उन्होंने अपने काम से कई सदस्यों को प्रभावित भी किया। लेकिन कांग्रेस ने फिर भी एक कुटिल चाल चल दी और जैसुर–खुलना जहाँ से अंबेडकर चुनाव जीते थे उसे पूर्वी बंगाल को दे दिया जिसके कारण अंबेडकर पाकिस्तान संविधान सभा के सदस्य बन गए। विभाजन के लिए तय नियमानुसार बंगाल प्रांत के जिस निर्वाचन क्षेत्र की आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा हो पाकिस्तान/पूर्वी बंगाल को दिया जाना चाहिए था जबकि जैसुर–खुलना में मुस्लिमों की आबादी 48 प्रतिशत ही थी। जिसके कारण अंबेडकर को वहाँ से इस्तीफा देना पड़ा। डॉ. अंबेडकर ने इस विषय से संबंधित ब्रिटिश प्रधानमंत्री से मुलाकात की और उन्होंने कांग्रेस के द्वारा चली गई कुत्सित चाल से अवगत कराया। ब्रिटिश सरकार ने इसे गम्भीरता से लिया क्योंकि वो भी समझ गए थे कि अंबेडकर को रोकना मुश्किल है वो पहले से केबीनेट मिशन की योजना से असंतुष्ट थे और इस बार तो उनके साथ सीधा–सीधा अन्याय किया जा रहा है।[3] जिसके चलते ब्रिटिश सरकार ने नेहरू को सूचित किया कि जैसुर–खुलना को भारत में रहने दिया जाए अथवा डॉ. अंबेडकर को किसी अन्य स्थान से संविधान सभा में भेजने की व्यवस्था की जाए।

इस तरह तमाम दबाबों के चलते कांग्रेस को उन्हें संविधान सभा में उन्हें बम्बई से चुनकर भेजना पड़ा। इसके अलावा 1946 के कार्यकाल में संविधान सभा के कुछ सदस्य जो उनके ज्ञान से परिचित हो गए थे वो उनके साथ काम करने के इच्छुक थे। डॉ. अंबेडकर की पुस्तक "स्टेट्स एंड मायनारिटीज" जिसकी रचना उन्होंने संयुक्त गणराज्य के संविधान के रूप में की थी। इसकी प्रतियां भी संविधान सभा में सभी के पास पहुँच चुकी थी जिसे पढ़कर सभी उनके उत्कृष्ट ज्ञान के कायल हो गए थे। दूसरी तरफ नेहरू किसी संविधान विशेषज्ञ की तलाश में थे ऐसी स्थिति में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 30 जून, 1947 को बम्बई के प्रधानमंत्री बी.जी. खेर को पत्र लिखकर संविधान सभा में डॉ. अंबेडकर का चुनाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस पत्र में उन्होंने लिखा –

"अन्य बातों के अलावा हमने यह (भी) अनुभव किया है कि संविधान सभा और विभिन्न समितियों जिनमें उन्हें नियुक्त किया गया, दोनों जगह डॉ. अंबेडकर के काम का स्तर इतने उच्च कोटि का रहा है कि हम उनकी सेवाओं से स्वयं को वंचित नहीं कर सकते। जैसा कि आपको पता है वह बंगाल से चुने गए थे और उस प्रांत के विभाजन के कारण अब वह संविधान सभा के सदस्य नहीं रहे। मेरी प्रबल इच्छा है कि उन्हें संविधान सभा के लिए निर्वासित कराएं ताकि 14 जुलाई, 1947 से शुरु होने वाले अधिवेशन में निर्वाचित होकर संविधान संरचना में योगदान दे सकें।"[4]

बाद में 29 अगस्त, 1947 को जब संविधान सभा ने संविधान–प्रारूप समिति का गठन किया जिसमें डॉ. अंबेडकर को प्रारूप समीति का अध्यक्ष बनाया गया। इस प्रारूप समिति में सात सदस्य थे, एन. गोपाला स्वामी आयंगर, सर अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर, के.एम. मुंशी, सर मुहम्मद शादुल्ला, एन. माधव मेनन एवं डी.पी. खेतान।

डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा में प्रारूप समिति के अध्यक्ष होते हुए अथाह मेहनत की जबकि उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी, उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा था, उनके पैरों में भी दर्द रहता था और वह मधुमेह से पीड़ित भी थे। अंबेडकर को पाकिस्तान में जो दलित थे उनकी भी लगातार चिंता थी और उन्होंने नेहरू से भी अपील की कि उन्हें वापस भारत बुलाने का कोई ठोस कदम उठाया जाए पर नेहरू ने उनकी इस अपील को अनसुना कर दिया और इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

डॉ. अंबेडकर ने संविधान रचना में कितना परिश्रम किया इस बात का अंदाजा 4 नवम्बर, 1948 को दिए गए "टी.टी. कृष्णामाचारी" के संविधान सभा में वक्तव्य से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा– "मैं उस परिश्रम और उत्साह को जानता हूँ, जिससे उन्होंने संविधान सभा का प्रारूप को तैयार किया। संविधान सभा में सात सदस्य मनोनीत थे। उनमें से एक ने संविधान सभा से त्याग पत्र दे दिया, जिसकी पूर्ति कर दी गई, एक सदस्य का देहांत हो गया। उसका स्थान नहीं भरा गया। एक अमेरिका चला गया और स्थान खाली बना रहा। एक अन्य सदस्य राजकीय कार्यों में व्यस्त रहा और उनका स्थान भी खाली रहा। एक या दो सदस्य दिल्ली से बाहर रहे और शायद स्वास्थ्य के कारण उपस्थित नहीं हो सके। हुआ यह कि संविधान बनाने का सारा भार डॉ. अंबेडकर के कंधों पर आ पड़ा। इसमें मुझे संदेह नहीं कि जिस ढंग से उन्होंने संविधान तैयार किया, हम उसके लिए कृतज्ञ हैं। यह निस्संदेह प्रशंसनीय कार्य है।"

26 नवम्बर, 1949 को आखिरकार डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान को 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन में देश को समर्पित कर दिया। इसलिए इस दिन को "संविधान दिवस" के रूप में मनाया जाता है। गणतंत्र भारत में संविधान को 26 जनवरी, 1950 को अमल में लाया गया। इस अवसर पर "डॉ. राजेन्द्र प्रसाद" ने कहा था –

"सभापति के आसन पर बैठकर, मैं प्रतिदिन की कार्यवाही को ध्यानपूर्वक देखता रहा और इसलिए, प्रारूप समिति के सदस्यों, विशेषकर डॉ. अंबेडकर ने जिस निष्ठा और उत्साह से अपना कार्य पूरा किया, इसकी कल्पना औरों की अपेक्षा मुझे अधिक है। डॉ. अंबेडकर को प्रारूप समिति में शामिल करने और उसका अध्यक्ष नियुक्त करने से बढ़कर कोई और अच्छा हम दूसरा काम न कर सके। उन्होंने अपने चुनाव को न केवल न्यायोचित ठहराया है, बल्कि उस काम में कांति का योगदान दिया है जिसे उन्होंने सम्पन्न किया है।"

**मूल्यांकन**

निश्चित तौर पर बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर ने संविधान बनाने में बहुत परिश्रम किया था। हालांकि वो इससे भी बहुत अधिक चाहते थे। तब जाकर उन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो जाति, लिंग, नस्ल, धर्म और जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव को निषेध करता है बल्कि सदियों से शोषित–वंचित वर्गों को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मुख्यधारा में लाने का अवसर प्रदान करता है। अंबेडकर आजादी के पक्षधर जरूर थे, लेकिन वे देश के बंटवारे के खिलाफ थे। अपनी पुस्तक में अंबेडकर ने बंटवारे की कड़ी भर्त्सना और विरोध किया है। धर्म के प्रति अंबेडकर आस्तिक प्रवृत्ति के थे। जहां मार्क्सवाद विचारधारा धर्म को अफीम मानकर इसका कट्टर विरोध कर रही थी, वहीं इससे अप्रभावित अंबेडकर की नजरों

में धर्म को लेकर अलग ही सोच थी। उनके विचारों में धर्म वह जो सर्वजनों को समान अधिकार प्रदान करे। कुरीतियों को मिटाकर एक साफ–सुथरे समाज का निर्माण करे। यह धर्म संविधान ही था। जिसके अंबेडकर स्वयं कर्ता–धर्ता थे। आजीवन गरीबों और दलितों के हक के लिए लड़ने वाले, फटे कोट और मैली टाई में भी उच्च सपनों को बुनने वाले, सबके आत्मीय और अजीज अंबेडकर लंबे समय तक बीमारी से जूझते हुए अलविदा कह गये। इस प्रकार अम्बेडकर ने आधुनिक भारतीयों के मध्य विधि का शासन, बंधुता, समानता और स्वतंत्रता को समाविष्ट किया। उनके कार्य एवं सिद्धांत एक यथार्थ और समतामूलक समाज के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं।

अंबेडकर के जाने के लगभग सात दशक बाद भी हम अंबेडकर के आदर्शों का भारत बनाने में पूर्णता सफल नहीं हो पाए हैं। संवैधानिक अधिकारों के बलबूते पर आज दलित और पिछड़ों को समाज की मुख्यधारा में आने का अवसर तो जरूर मिला है, लेकिन उनके प्रति समाज के लोगों की सदियों से ग्रस्त मानसिकता अब भी नहीं बदल पायी है।

❐

***सन्दर्भ*** –


1. *डॉ.भीमराव अम्बेडकर, संवैधानिक सुधार एवं आर्थिक समस्याएँ*
2. *देवेन्द्रराज सुथार, डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण करने में अतुलनीय योगदान 2022*
3. *सत्येंद्र सिंह, भारतीय संविधान और बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर, 2017*
4. *डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 30 जून, 1947*

**पूर्वदेवा**– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 30–41*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका

**डॉ गायत्री**
सह–आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग,
सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर (राज.)
E-mail: <drgayatrinirwan@gmail.com>

**सारांश**

*इस शोध पत्र में, भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका का राजनीतिक दृष्टिकोण से अध्ययन किया गया हैं। अक्सर मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बुलाया जाता है, इसे जनहित का संरक्षक और लोगों के बीच के सेतु के रूप में देखा जाता है, मीडिया एक स्वस्थ लोकतंत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेरे इस शोध पत्र में मैंने शुरुआती दौर में मीडिया को परिभाषित किया है। फिर मीडिया के प्रकार बताए है। प्रिंट मीडिया, प्रसारण मीडिया तथा इंटरनेट मीडिया के इन माध्यमों की चर्चा की गई। इसके पश्चात् लोकतंत्र एवं मीडिया एक स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की है। जिसमें 18 वीं शताब्दी के बाद अमेरिका फ्रांस आदि देशों में लोकतंत्र में मीडिया कैसे चौथे स्तंभ के रूप में उभरा उसकी चर्चा की है। भारत का संदर्भ भी बताया है ।*

*प्रिंट मीडिया से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में परिवर्तन सकारात्मक है या नकारात्मक है इसके बारे में बताया है। भारत में मीडिया को मजबूत करने में सरकार की क्या क्या भूमिका रही है। संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ए )इसके तहत बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में चर्चा की है लोकतंत्र में मीडिया की तीन जिम्मेदारियां हैं पहला, सत्तारूढ़ लोगों पर कड़ी नज़र रखना दूसरा ,समाज को पूरे दिन की महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना तीसरा, केवल निष्कर्ष तथ्यों को उजागर करना मीडिया की बदली भूमिका में बढ़ते हुए व्यवसायीकरण के कारण जो कड़ी प्रतिस्पर्धा मीडिया में देखने को मिल रही है उसका प्रभाव किस प्रकार से मीडिया पर पड़ता है। साथ ही मीडिया के विनियमन पर भी बात की गई है। लोकतंत्र में संसद और मीडिया एक दूसरे के सहयोगी हैं दोनों ही संस्थान जन भावनाओं को व्यक्त करते हैं। वर्तमान में मीडिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में भी बताया है और अंत में निष्कर्ष में की मीडिया को संवैधानिक नियमों और सीमाओं*

*में बांधने की आवश्यकता हैस ताकि मीडिया अपनी स्वतंत्रता का अनुचित उपयोग ना कर सके ।*

**मुख्य शब्द** : लोकतंत्र, मीडिया, मीडिया विनियमन, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पेड न्यूज़

**प्रस्तावना**

मीडिया शब्द का उद्भव मीडियम (Medium) शब्द से हुआ है इसका अर्थ है माध्यम से मीडिया का उपयोग एक विशाल जनसमूह तक पहुंचने के लिए किया जाता है, यह वैयक्तिक सम्प्रेषण का माध्यम है जो कि लिखित विजुयल (दृष्टि) या सुनने अथवा इन सबके मिले–जुले स्वरूप हो सकते हैं। इसके तहत दर्शकों को सीधे तौर पर सूचना, संदेश या विचार भेजे जाते हैं । सरल शब्दों में "मीडिया" शब्द का अर्थ है विशाल जन समुदाय के साथ सम्प्रेषण जो कि लिखित रूप में शब्दों द्वारा या देखने के माध्यम से किया जाता है। यह वह समूह है जो लोगों के साथ सूचना और समाचार साझा करते हैं। टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्र, मैगजीन, वीडियो, ऑडियो चलचित्र आदि मीडिया के उदाहरण हैं।

मीडिया की परिभाषा से यह स्पष्ट है कि यह सूचना प्रसारित करने का व्यवस्थित साधन है। इसके माध्यम से एक बड़े जनसमूह के साथ समय–समय पर शीघ्र कुशलता से पहुंचा जा सकता है स मीडिया की विशेषता है –

- यह लाखों लोगों तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है।
- अशिक्षित और नेत्रहीन लोगों के लिए ऑडियो मीडिया लाभदायक है।
- बहुभाषी अशिक्षित समाज में विजुअल मीडिया बहुत प्रभावकारी है।
- यह कम लागत और प्रयोक्ता के लिए मैत्रीपूर्ण है ।
- मीडिया सम्प्रेषण का एकतरफा साधन है आजकल संपादक को पत्र, जनमत सर्वेक्षण तथा स्वतंत्र संपादकीय प्रचलन में है जो मीडिया को परस्पर संवादात्मक बनाता है फिर भी यह सम्मान अभी सीमित है।[1]

**मीडिया के प्रकार**

मीडिया का एक प्रमुख कार्य है जनता के विभिन्न मुद्दों को लेकर विधि शासन (Rule of low) के प्रति जागृति उत्पन्न कराना तथा लोगों को सूचनाएं उपलब्ध कराना, चाहे वह कार्यकारी या प्रशासनिक कार्यवाही लेख आदि हो। अधिकांश लोगों को सरकार, समाज, समसामयिकी की जानकारी मीडिया से मिलती है। मीडिया मुख्यतः तीन प्रकार का होता है प्रिंट मीडिया, प्रसारण मीडिया, और इंटरनेट।

1. **प्रिंट मीडिया** (Print Medi):

यह मीडिया का सबसे पुरातन स्वरूप है। समाचार पत्र, मैगजीन, जनरल, ब्रोशर, न्यूजलेटर, पुस्तक, पत्रक और पर्चो को सामूहिक रूप से प्रिंट मीडिया कहा जाता है। हम में से अधिकांश लोग अपना दिन समाचार पत्र के साथ प्रारंभ करते हैं। छपाई (प्रिंट ) मीडिया बहुत

महत्वपूर्ण है। प्रिंट मीडिया के नियमित पाठक कई मुद्दों पर सतर्क को अवगत रहते हैं। अन्य स्रोतों के मुकाबले प्रिंट मीडिया अधिक विस्तृत रिपोर्टिंग करता है। टीवी पर बहुत से समाचार, समाचार पत्र में छपे समाचार की अनुवर्ती कहानी होती हैं। यद्यपि यह कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रोनिक और नई मीडिया ने प्रिंट मीडिया का स्थान ले लिया है परंतु आज भी बहुत सारे दर्शक हैं जो समाचार पत्र को प्राथमिकता देते हैं।

2. **प्रसारण मीडिया** (Broadcast Media):

इस संचार मीडिया में टेलीविजन, रेडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे चलचित्र सीडी और डीवीडी तथा नए यंत्र सम्मिलित है। टेलीविजन(1950) अविष्कार रेडियो प्रसारण ही समाचार का प्रमुख स्रोत था। स्थानीय समाचार स्टेशन के दर्शक बहुत होते हैं क्योंकि वह स्थानीय मौसम, यातायात और अन्य घटनाओं की पूर्ण खबर प्रसारित करते हैं। टेलीविजन का प्रदर्शन प्रभावी होता है, और आकर्षक दृश्य दिखाए जाते हैं।

3. **इंटरनेट** (Internet):

तकनीक के विकास का परिणाम इंटरनेट है, इंटरनेट अधिक प्रभावी और गति भी तीव्र है, इसमें ऑडियो और वीडियो दोनों ही होते हैं, मोबाइल फोन कंप्यूटर और इंटरनेट को यह नए युग के मीडिया की संज्ञा दी जाती है। जनसंचार के नए द्वार खोल दिए हैं जैसे ईमेल, वेब ब्लॉग आदि। आज लोग प्रिंट एवं संचार मीडिया के स्थान के बजाय ऑन वेब पोर्टल, पोड कास्ट, समाचार समूह और फीड्स (web portal. Podcast.news group and feeds) से ही अपना समाचार और सूचना अपने आवश्यकता अनुसार प्राप्त करते हैं। दर्शक अपने विचारों टिप्पणियां ऑनलाइन देते हैं।

## लोकतंत्र एवं मीडिया

महत्वपूर्ण चर्चा और नीतियों को सार्वजनिक तौर पर फैलाने के लिए मीडिया महत्वपूर्ण है। "भ्रष्टाचार वित्तीय लापरवाही और छलपूर्ण व्यवहार को रोकने में मीडिया एक अहम भूमिका अदा करती है"–अमर्त्य सेन।[2] अक्सर मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बुलाया जाता है मीडिया के लिए लोकतंत्र कि एक प्राथमिक आवश्यकता है और यह भी सच है कि मीडिया के बिना लोकतंत्र वैसे ही है जैसे चक्की बिना गाड़ी लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को थॉमस जेफरसन (Thomas Jefferson) के कथन में स्पष्ट किया है, "यदि मुझे यह चुनाव दिया जाए कि सरकार बिना समाचार पत्र अथवा समाचार पत्र बिना सरकार तो मैं निश्चित ही द्वितीय विकल्प का चुनाव करूंगा"।[3]

मीडिया एक स्वस्थ लोकतंत्र को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तर्पण की तरह जीवन के कड़वे सत्य कठोरता शिक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है जनता में जागरूकता मीडिया तरह लाई जाती है और सामाजिक परिवर्तन के लिए नॉरिस (Norris-2006) के अनुसार "लोकतंत्र सुशासन में मीडिया की तीन प्रमुख भूमिकाएं हैं, पहला सत्ताधारी पर लगाम लगाना, जवाबदेहीता को बढ़ावा देना पारदर्शिता और सार्वजनिक जांच यह सब मीडिया के महत्वपूर्ण कार्य हैं। मीडिया का दूसरा प्रमुख कार्य है। राजनीतिक बहस के लिए नागरिक मंच उपलब्ध कराना, सूचित चुनावी विकल्प और कार्यों को सुविधाजनक बनाना और तीसरा कार्य है नीति निर्माता के लिए विषय उपलब्ध कराने हेतु सामाजिक समस्याओं के लिए सरकार को जवाबदेही को बढ़ाना।[4]

लोकतंत्र का आधार जनता की सहभागिता है मीडिया जनता को सरकार के कार्यक्रमों और कार्यों की जानकारी देकर तथा उन्हें संगठित कर शासन का भाग बनाए रखता है। लोकतंत्र तभी सही रूप में कार्य कर सकता है जब उसमें जनता की सहभागिता अधिकतम होगी। जनता को सही मुद्दों की निष्पक्ष जानकारी देना शासन में वर्तमान में क्या चल रहा है। इसकी जानकारी तथा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर सजग होना ही उनकी सहभागिता को बढ़ाता है यह जानकारी जनता तक मीडिया ही पहुंचाता है इस जानकारी से लोग शासन की प्रशंसा या आलोचना कर सकते हैं और नीतियों के समर्थन का विरोध करते हैं मीडिया संप्रेक्षण का भी एक माध्यम है। जिसके द्वारा जनता आवाज उठाती है अपनी चिंताओं अपनी समस्याएं सरकार तक पहुंचाती है। कई बार यह देखा गया है कि जनता द्वारा उठाई गई आवाज के कारण सरकार ने दबाव में आकर अपनी नीति संशोधित या परिवर्तित भी की है। इस प्रकार से मीडिया सुशासन हेतु आधार बनाता है। उदाहरण के लिए भारत में अन्ना हजारे द्वारा लोकपाल बिल के लिए किए गए आंदोलन को मीडिया ने समर्थन दिया था इस समाचार और कवरेज ने देश की संपूर्ण जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कर दिया और सरकार पर लोकपाल बिल संसद में पेश करने हेतु दबाव बना। इसी प्रकार नए कृषि कानूनों का भी जनता द्वारा विरोध किया गया और अंततोगत्वा सरकार को नवीन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा लगातार यह देखने को मिल रहा है कि जनता विभिन्न मुद्दों पर आंदोलित हो रही है अतः मीडिया की भूमिका और गंभीर हो गई है।

मीडिया ने पूरी दुनिया में लोकतंत्र की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 18 वीं शताब्दी के बाद से विशेष रूप से अमेरिका स्वतंत्रता आंदोलन और फ्रांसीसी क्रांति के समय से मीडिया जनता तक पहुंचने और उन्हें ज्ञान के साथ सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लोकतांत्रिक देशों में विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका ने कामकाज की निगरानी के लिए मीडिया को चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। क्योंकि स्वतंत्र मीडिया लोकतंत्र प्रणाली के बिना अपना अस्तित्व समाप्त नहीं कर सकता। मीडिया भारत के औपनिवेशिक नागरिकों के लिए सूचना का एक स्रोत बन गया है। नई शक्ति दी गई क्योंकि लाखों भारतीय ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई में नेताओं के रूप में शामिल हुए 1975 से 2014 की लोकसभा चुनाव में प्रेस सेंसरशिप के दिनों में भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका में व्यापक रूप से परिवर्तन देखा गया हैं।[5]

26 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया और नियंत्रण के लिए सभी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को बंद कर दिया गया। कई पत्रों ने अपनी शैली में इसका विरोध किया लेकिन यह विरोध लंबे समय तक नहीं चला। यह शर्म की बात है कि कई पत्रों के संपादक को जिन्हें बडा कहा जाता है उन्होंने जुलूस निकाला और इसका समर्थन किया। उस समय के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने गुप्त रूप से 500 से 1000 संकलन वाले सैकड़ों पत्र प्रकाशित किए। यह पत्र अंगारा, सौगंध, स्वतंत्रता आदि नामों के तहत एक शहर या जिले तक सीमित है। यह एक हाथ से बने साइक्लोस्टाइल मशीन पर मुद्रित होते थे। जबकि कुछ साहसी प्रेस मालिकों ने रात में बड़ी मशीनों पर भी छाप दी। उस समय भी जनपक्ष इन स्थानीय पत्रों द्वारा ही पूरा होता था तथा कथित बड़े पत्रों द्वारा नहीं, आपातकाल

हटाए जाने के बाद पत्रों ने स्वतंत्रता प्राप्ति की। एक कांग्रेसी नेता ने कहा कि हमने उन्हें सिर्फ झुकने के लिए कहा था लेकिन वह तो लेट गए और पूजा करने लगे बड़े पत्रों की। इस सिप्नल्समेनेस का कारण यह था कि सभी बड़े पत्र पूंजीपति वर्ग और वर्ग के थे और पूंजीपति कभी भी सरकार का विरोध नहीं कर सकते। काल की स्थिति आज भी वैसे ही थी बड़े कहे जाने वाले अंग्रेजी और भारतीय पत्रों के मालिक अभी भी बड़े व्यापारी हैं इनका मुख्य व्यवसाय कुछ और है, और पत्र उनके व्यवसाय के लिए मीडिया शील्ड प्रदान करते हैं।[6]

## प्रिंट मीडिया से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में परिवर्तन

भारतीय मीडिया ने वर्तमान युग में अखबार और रेडियो से लेकर टेलीविजन और सोशल मीडिया के दिनों तक एक लंबा सफर तय किया है। 1990 के दशक में मीडिया धरानो में निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण से प्रभावित हुआ था क्योंकि बड़े कॉर्पोरेट धरानों व्यवसायों राजनीतिक कुलीनों और उद्योगपतियों से अपनी ब्रांड छवि को सुधारने के लिए एक सुविधा के रूप में इस्तेमाल किया। समाचार चैनल वर्तमान में शो व्यवसाय में शामिल थे। जिसके करण टीआरपी समाचार घरों के लिए प्रतिद्वंदता थी। समाचार जो लोग मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पढ़ते थे जो समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण था और अब पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण का स्रोत बन गया है। मीडिया की भूमिका समाज को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र के तीन संस्थाओं के खिलाफ विरोध करना है जब सरकारी संस्थान भ्रष्ट निरंकुश हो जाते हैं या जब वे समाज से जुड़े मुद्दों की ओर अपना ध्यान आकर्षित करते हैं तो मीडिया लाखों नागरिकों की आवाज के साथ मिलकर आवाज उठाता है। आज के भारत में विभिन्न राजनीतिक संगठनों और व्यावसायिक समूह के लिए मीडिया मुख्य पात्र बन गया हैं। वे इस तरह की प्रभावशाली आंकड़ों के लिए लिपिकार के रूप में कार्य करते रहे हैं क्योंकि उनका व्यापार ऐसे संगठनों के समर्थन पर सुचारू रूप से चलता है।

## भारत में मीडिया को मजबूत करने में सरकार की भूमिका

भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में स्वतंत्र और नियंत्रण मुक्त प्रेस की आवश्यकता वास्तव में आवश्यक है। जब से हमारे संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान का निर्माण शुरू किया है। तब से मीडिया की भूमिका भारत सरकार के दृष्टिकोण पर निर्भर हो गई है। भारत में मीडिया की स्थितियां भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के तहत यह प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में एक भ्रम था, समिति के अध्यक्ष डॉ अम्बेडकर ने महसुस किया कि स्वतंत्र प्रेस के लिए अलग से प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन तर्क दिया की "प्रेस किसी व्यक्ति या नागरिक का वर्णन करने का एक और तरीका है, इस प्रकार प्रेस का अधिकार अनुच्छेद 19 (1) ए के तहत बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का हिस्सा बन गया है। रिपोर्टर्स द्वारा बॉर्डर्स के साथ प्रकाशित वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में 180 देशों में से भारत का 136 वां स्थान दिया गया था। देश में इसे पत्रकारों के लिए उपलब्ध स्वतंत्रता का स्तर भारत की रैंकिंग में गिरावट बढ़ती हिंदू राष्ट्रवादियों से जुड़ी है जो राष्ट्रीय मीडिया के राष्ट्र विरोधी विचारों को खारिज करने की कोशिश कर रहे हैं जो मीडिया को एक नकारात्मक भूमिका के रूप में दर्शाता है।

भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर कोई विस्तृत कानून होना मुश्किल है। डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन एनबीए एक सरकारी निकाय है जिसने दर्शकों के बीच सूचना प्रकाशित करने के लिए मीडिया हाउसों द्वारा पालन किए जाने के लिए दिशा निर्देश तैयार किए हैं निष्पक्षता के साथ जनता के लिए विश्वसनीय समाचार सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। लोकतंत्र में मीडिया की तीन जिम्मेदारियां हैं पहला सत्तारूढ़ लोगों पर कड़ी नजर रखना दूसरा समाज को पूरे दिन की महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना तीसरा केवल निष्पक्ष तथ्यों को उजागर करना। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बुलाया जाता है इसे जनहित का संरक्षक और लोगों के बीच के सेतु के रूप में देखा जाता है। महत्वपूर्ण चर्चाओं और नीतियों को सार्वजनिक तौर पर फैलाने के लिए मीडिया महत्वपूर्ण है। भ्रष्टाचार, वित्तीय लापरवाही और छलपूर्ण व्यवहार को रोकने में मीडिया एक अहम भूमिका अदा करती है।

## मीडिया की बदली हुई भूमिका

दुर्भाग्यवश बढ़ते व्यवसायीकरण के कारण मीडिया में एक दूसरे के प्रति कड़ी प्रतिस्पर्धा पैदा हो गई है मीडिया जिम्मेदार पत्रकारिता पर ध्यान केंद्रित न करके खुले तौर से पेडन्यूज और घटिया पत्रकारिता को बढ़ावा दे रही है यह और भी ज्यादा दुखद है कि भारत में मीडिया अब कुछ व्यापारियों और राजनैतिक हितों के नियंत्रण में आ गया है इसलिए सामाजिक हितों को व्यापारिक और राजनीतिक हितों के नीचे दबाया जा रहा है यह कहना गलत नहीं होगा कि आजकल मीडिया हाउस का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र की सेवा नहीं बल्कि अधिक से अधिक धन कमाना है कुछ जगहों पर मीडिया को दो विरोधी राजनीतिक दलों के बीच में लड़ाई करवाने के लिए उपयोग किया जाता है इतना ही नहीं बल्कि मीडिया को गलत तरीके से प्रयोग करके लोगों के बीच मतभेद पैदा किया जाता है और विश्वास बढ़ाने की जगह संदेह उत्पन्न किया जाता है। मीडिया का प्रभाव बहुत ही महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे जनता का वैचारिक निर्माण होता है मुद्दों को बहुत ज्यादा उछाल कर या दबाकर मीडिया किसी भी मुददे को महत्वपूर्ण बना सकती है या फिर उसे पूरी तरह खत्म कर सकती है।

उपराष्ट्रपति श्री हामिद अंसारी ने कहा है कि पेड न्यूज़ ने स्वच्छ चुनाव करवाने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा है और लोगों में व्याप्त मीडिया में विश्वास को नष्ट किया है मैक्सेस पुरस्कार विजेता पी साईनाथ के अनुसार पेडन्यूज एक व्यापार है जिसे मीडिया हाउस के मालिक चलाते हैं परन्तु मीडिया और पत्रकारिता दो अलग चीज़ है मीडिया बिज़नेस है परंतु पत्रकारिता नहीं लेकिन अब सब कुछ कॉर्पोरेट पावर के बारे में है किसी भी बड़े मीडिया हाउस के बोर्ड ऑफ मेंबर्स को देखें तो सबसे बड़े व्यापारी मौजूद हैं हमने शिक्षा का व्यापारीकरण किया फिर चिकित्सा का और उसके बाद खेल का अब मीडिया का व्यापारीकरण हो रहा है साईनाथ ने यह दुख व्यक्त किया कि सिर्फ चुनाव आयोग ने ही पेड़ न्यूज़ के खिलाफ़ प्रतिक्रिया जताई और मीडिया ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।[7]

## वर्तमान मीडिया स्थिति

मीडिया पूरी तरह से बाजार के चंगुल में है। इसे वर्तमान पत्रों की भाषा में समझा जा सकता है। 80 के दशक में जब राजीव गाँधी और उनकी दून मंडली सत्ता में आई दो देश में

अंग्रेजी प्रभुत्व बढ़ने लगा धीरे धीरे हिंदी माध्यम के स्कूलों ने भी अपने बोर्ड बदल दिए और उन पर अंग्रेजी माध्यम लिख दिए। आज इस बात को 25 साल हो गए हैं और अब एक ऐसी पीढ़ी अस्तित्व में आई है। जो न तो ठीक से हिंदी जानती है और न ठीक से अंग्रेजी। हिंदी अंकावली लगभग पूरी तरह से गायब हो गई है।

इस पीढ़ी तक पहुंचने के लिए, कई हिंदी पत्रों ने अपनी भाषा में जबरन अंग्रेजी शब्दों और रोमन लिपि में घुसपैठ की है। कई पत्रों ने अंग्रेजी में शीर्षक लिखना शुरू कर दिया है। एक समय था जब लोग इन पत्रों के माध्यम से अपनी भाषा में सुधार करते थे, लेकिन अब वही मीडिया भाषा को खराब करने की कोशिश कर रहा है। दूरदर्शन के समाचारों और नीचे दिए गए पाठ में हिंदी के दुर्व्यवहार को देखकर, उसके मन में एक इच्छा जागी। यह स्पष्ट है कि मीडिया का उद्देश्य केवल इस समय पैसा कमाना है।

लेखकों और साहित्यकारों को पत्रिकाओं से एक पहचान मिलती है। पहले कई पत्रों में नए और युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने की कोशिश की गई लेकिन अब ज्यादातर पत्र किसी न किसी गुट से बंधे हैं। वे केवल उस समूह के लेखकों को रखते हैं। विरोध या तटस्थ लेखकों की रचनाएँ अच्छी होने पर भी फेंक दी जाती हैं। यहां तक कि उन्हें जवाब भी नहीं दिया जाता। कई पत्र अंग्रेजी लेखकों की अनुवाद सेवा में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वे भूल जाते है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में लिखने वाले कम नहीं हैं, लेकिन जब उद्देश्य केवल पैसा है, तो हम उस पर कैस ध्यान दे सकते हैं ?

उनके दृष्टिकोण के अलावा, इस मानसिकता के कारण संस्थानों के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है। 27 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक लाख लोग बाबा रामदेव और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुनने आए। न केवल सरकारी दूरदर्शन ने इसकी रिपोर्ट की बल्कि दिल्ली के अधिकांश पत्रों ने इसे दूसरे–तीसरे पृष्ठ पर भी स्थान दिया। यह एक उदाहरण है कि कैसे लालची मीडिया विज्ञापन से डराता है।

इस बाजारवाद ने पेड न्यूज का चलन बढ़ा दिया है। चुनाव के समय यह प्रवृत्ति बहुत तीव्र हो जाती है। 100 लोगों की एक सभा को एक विशाल सभा के रूप में वर्णित करना और एक विशाल सभा की खबर को गायब करना इस दुर्भावना का हिस्सा है। दुर्भाग्य से केवल वे ही अखबार इस प्रतियोगिता में लगे हैं, जिनके मालिकों के पास अकूत संपत्ति है। उनके लापरवाह छोटे अखबार भी इसकी नकल कर रहे हैं। हालांकि कुछ पत्रकारों और संगठनों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई है, जो एक अच्छा संकेत है।

मीडिया में समाचार और राय दो अलग–अलग धारणाएं हैं। यदि कोई रिपोर्टर या संपादक किसी समाचार के पक्ष या विपक्ष में विचार देना चाहता है, तो उसके लिए संपादकीय पृष्ठ का उपयोग किया जाता है। कुछ पत्र इस नीति का पालन करते हैं, लेकिन ज्यादातर में इसकी कमी है। रिपोर्टर अपने विचारों के अनुसार समाचार को ट्विस्ट करता है। इससे पत्र की विश्वसनीयता कम हो जाती है।

जब समाज में नीचे की ओर रुझान होता है, तो मीडिया पर भी इसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। शासन अखबारों को पूरा विज्ञापन देता है। इस लालच मे हजारों रजिस्टर्ड

कागजात केवल सौ प्रतियाँ छापकर खुद को जीवित रखते हैं। यह उस पार्टी की नीति है जिसके शासन की प्रशंसा की जानी है, और विज्ञापन देना है। पति संपादक, पत्नी प्रबंधक, पुत्र मुख्य संवाददाता और बेटी विज्ञापन प्रबंधक। इस तरह के पत्र मीडिया की प्रतिष्ठा को नीचा दिखाते हैं, लेकिन कोई सख्त कानून नहीं होने के कारण ऐसे दलाल लगातार बढ़ रहे हैं। ये पत्र लोकतंत्र और सार्वजनिक प्रवचन दोनों के लिए हानिकारक हैं।

नए मीडिया की एक नई लहर भी इन दिनों गति पकड़ रही है। बड़ी संख्या में लेखक और पत्रकार BLOG लिख रहे हैं। यह अपने विचारों को फैलाने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। इसलिए, सभी समाचार पत्र उन्हें जगह दे रहे हैं, लेकिन एक ओर, नियंत्रण न होने के कारण, जहाँ इसकी विश्वसनीयता संदेह के दायरे में है, भाषा की गरिमा का उल्लंघन भी अत्यधिक हो रहा है। चूंकि यह अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, इसलिए यह कहना मुश्किल है कि इसका भविष्य क्या होगा।

इंटरनेट और मोबाइल मेल ने ट्विटर और फेसबुक को एक मजबूत सामाजिक मंच बना दिया है जहां लोग अपने विचार साझा कर सकते हैं। यह एक दोधारी तलवार है, जो दूसरों से टकराती है। भारत में पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर और क्रिकेट व्यापारी ललित मोदी को ट्विटर पर की गई टिप्पणियों के पद छोड़ना पड़ा। मीडिया एक निरंतर बहने वाली संस्था है। इसने कई बार अपना रंग और रूप बदला है। एक समय था जब उत्तर से दक्षिण तक की खबरें पहुंचने में छह महीने लगते थे, लेकिन आज छह सेकंड में यह शब्द पूरी दुनिया में फैल गया। इस उछाल के कारण, लोकतंत्र और जन जागरूकता के प्रति इसकी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है, लेकिन इसे ठीक से पूरा नहीं किया जा रहा है। अपराधी केवल मीडिया प्रणाली नहीं है, बल्कि संपूर्ण समाज और राजनीतिक वातावरण है।

चुनावों में हर बार लाखों नए मतदाता बनते हैं। नया होने के नाते ,उनका प्रशिक्षण आवश्यक है। युवा पीढ़ी नई और सोच वाली है। इसलिए मीडिया इस क्षेत्र में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। यह नए लोगों को जाति, क्षेत्र, भाषा और प्रांत की राजनीति से मुक्त करने और वंशवादी, भ्रष्ट और आपराधिक उम्मीदवारों का विरोध करने के लिए प्रेरित कर सकता है; लेकिन अक्सर मीडिया इस बारे में चुप रहता है। कहीं विज्ञापन उनके मुंह बंद कर देते हैं ,कहीं उम्मीदवार के डर से। परिणामस्वरूप, वह भी प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के जाति और धार्मिक समीकरणों को ध्यान में रखकर अपना कर्तव्य पूरा करता है। यह आम अच्छे के बजाय जाति और धार्मिक राजनीति को मजबूत करता है। यही वजह है कि 60 साल के होने के बाद भी भारतीय लोकतंत्र लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर पा रहा है।

किसी भी वस्तु के निर्माण में कच्चे माल और मशीनों की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है। यह मीडिया की स्थिति है। इस समाज से पत्रकार भी आ रहे हैं। वे भौतिकता की प्रतिस्पर्धा और राजनीति की चमक से भी प्रभावित हैं। उन्हें अपने परिवार के लिए कार, घर, मनोरंजन और बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा और अन्य सुविधाओं की भी आवश्यकता है। खाली पेट साइकिल पर चलना अब पत्रकारिता नहीं हो सकती। ऐसी स्थिति में वे मिट जाएंगे। हाल ही में राडिया राजा प्रकरण से यह पता चला कि पत्रकार जगत के कितने बड़े लोग कीचड़ में फंसे हैं।

जिस तरह से समाज में भ्रष्टाचार सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान और स्वीकार्य हो गया है वह आश्चर्यजनक है। राजनीति काली थी। लेकिन अब सेना और न्यायपालिका में भ्र टाचार की कहानियां भी खुल रही हैं।ऐसे में किसी को मीडियाकर्मियों से ज्यादा उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। यद्यपि मीडिया द्वारा न्यायपालिका और सेना के भ्रष्टाचार को भी उजागर किया गया है। इसलिए ,उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि मीडिया भी समाज का एक हिस्सा है। समाज और उसके नेताओं को लोकतंत्र और लोकतंत्र की कसौटी पर खरा उतरने से पहले खुद को परखना होगा। भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था ,पैसे कमाने की मशीन बनाने वाली अनैतिक शिक्षा और ईमानदार पत्रकारों के लिए अनुशासनहीन समाज की खोज निरर्थक है।

**मीडिया विनियमन**

बढ़ते हुए व्यापार, उपभोक्तावादी सोच, सन सिंग पेड़ न्यूज़ और पत्रकारों और मीडिया घरानों में नैतिक मूल्यों के निरंतर अध पतन मीडिया विनियमन के मुददे को महत्वपूर्ण बना दिया है। वर्तमान में ज्यादातर मीडिया आत्म नियंत्रित है। पत्रकार भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आश्वस्त करने वाली भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1) (क) में आश्रय लेते है कि आत्म नियमन पर ज़ोर देते हैं पिछले कुछ वर्षों में प्रमुख व्यक्ति जैसे न्यायमूर्ति मार्कण्डेय काटजू, पूर्व चेयरमैन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन प्रिंट प्रसारण और वेब मीडिया से संबंधित सभी विषयों पर सार्वजनिक नियमन की मांग कर रहे हैं। नटराजन ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए नियमन विधेयक 2012 प्रस्तुत करने का नोटिस भी दिया लेकिन यह योजना रद्द कर दी गई हालांकि इस मुद्दे पर अभी तक बिना किसी निष्कर्ष बहस की जा रही है। कानूनी रिपोर्टिंग अथवा न्यायाधीन मामलों पर सितंबर 2012 में सहारा इंडिया से भी सेबी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया के लिए कोई भी दिशा निर्देश देने के खिलाफ़ फैसला किया था लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने पत्रकारों को समझाया कि वह अपनी सीमाओं का उल्लंघन न करें।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक शंकरराव चौहान के पेड़ न्यूज़ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मई 2014 में अपने निर्णय में कहा कि चुनाव आयोग को यह अधिकार है कि ऐसे उम्मीदवारों की सदस्यता रद्द कर सके जो अनुच्छेद 10(क) के तहत, अपना चुनावी व्यय गलत घोषित करते हैं। इसी के फलस्वरूप चुनाव आयोग ने 13 जुलाई 2014 को एक आदेश पारित किया और श्री अशोक शंकरराव चौहान को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने इस पर स्थायी रोक लगा दी। मीडिया के विनियमन के लिए मौजूदा इकाइयों जैसे प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया जो एक संवैधानिक इकाई है, समाचार प्रसारण मानक प्राधिकारी जो एक स्वयं विनियामक संगठन है इस मुद्दे पर मानक ज़ाहिर करते हैं जो की निर्देश के रूप में होते हैं।

पी.सी.आई. के पास पत्रकारिता के आदर्शों के उल्लंघन और कदाचार के मामलों में संपादक या पत्रकार के खिलाफ़ शिकायत स्वीकार करने का अधिकार है जिसके पश्चात वह मामलों की जांच करता है जांच के दौरान वह गवाहों को बुला सकता है सार्वजनिक रिकॉर्ड की प्रतियों की मांग कर सकता है सबूत हासिल कर सकता है और अखबार समाचार एजेंसी

संपादक या पत्रकार को चेतावनी भी जारी कर सकता है साथ ही पी.सी.आई. जांच के विवरण को प्रकाशित करने की आज्ञा भी समाचार पत्रों को दे सकता है पी.सी.आई. का निर्णय अंतिम होता है और इसके खिलाफ़ उच्च न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती। लेकिन पी.सी.आई. की शक्तियां दो तरह से प्रतिबंधित है।

- जारी दिशा निर्देशों को लागू करने का उनका अधिकार सीमित है उल्लंघन के मामलों में वह समाचार पत्रों एजेंसियों संपादकों और पत्रकारों को दंडित नहीं कर सकता।

- पी.सी.आई. प्रेस के कामकाज का बस ऊपरी निरीक्षण करता है। समाचार पत्रों पत्रिकाओं और प्रिंट मीडिया पर तो मानक लागू कर सकता है मगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे रेडियो टीवी और इंटरनेट की समीक्षा नहीं कर सकता। एनबीए ने टेलीविजन के कार्यक्रम के लिए एक आचार संहिता तैयार की है एनबीए के समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण के पास यह अधिकार है कि किसी भी उल्लंघन के खिलाफ़ वह चेतावनी दे सके और उसके प्रसारण को अस्वीकार कर सके और साथ ही, 1,00,000 तक की राशि का जुर्माना लगा सके। ऐसा ही एक और संगठन प्रसारण संपादकों का एसोसिएशन है भारतीय विज्ञापन मानक परिषद अपने विज्ञापन से संबंधित सामग्रियों पर दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन ये सारे संगठन समझौतों के माध्यम से काम करते हैं और इनके पास कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।[8]

**मीडिया स्वस्थ लोकतंत्र का न केवल एक अंग है, बल्कि यह अपरिहार्य शर्त भी है :**

लोकतंत्र में संसद और मीडिया एक दूसरे के सहयोगी हैं। दोनों ही संस्थान जन भावनाओं को अभिव्यक्ति देते हैं। आज जब हम बढ़ती और बदलती जन अपेक्षाओं के युग में रह रहे हैं। तब आवश्यक है कि हम भी अपने स्थापित पूर्वाग्रहों को त्यागे और जन अपेक्षाओं को स्वर दें जिसे विकासवादी सकारात्मक राजनीति का वाहक बनना होगा मीडिया सरकारों और राजनीतिक दलों की जवाबदेही अवश्य तय करें परंतु उसके केंद्र में जन सरोकार हो न की सत्ता, संस्थान, मीडिया यथा स्थितिवादी राजनीति में बदलाव का कारक बने, मीडिया को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर जन केंद्रित मुद्दे उठाने चाहिए, मीडिया में लोकतांत्रिक संस्कारों को धारण करना है तो पत्रकारिता के केंद्र में जन सरोकारों को रखना होगा। यहां स्थानीय समाचार पत्रों की महती भूमिका रहती है। स्थानीय समाचार पत्र ने केवल स्थानीय अपेक्षाओं को प्रतिबिंबित करते हैं बल्कि भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने के कारण जन आकांक्षाओं के अधिक निकट भी है झारखंड में पहाड़ की तलहटी में बसे 2 गांवों–आरा और केरम के निवासियों द्वारा किए गए जल संरक्षण के प्रयासों को देश के अन्य भागों तक मीडिया ने ही पहुँचाया है जन सरोकार के इन विषयों पर जन शिक्षण करना आज पत्रकारिता का तकाजा है।[9]

**वर्तमान समय में मीडिया को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दे :**

- भारतीय मीडिया में फर्जी खबरों की समस्या मौजूद है, जिसके कारण लोग गलत सूचना प्राप्त करते हैं और बड़े पैमाने पर अफवाह और भ्रम फैलाते हैं।

- कभी–कभी यह गैर जिम्मेदार रिपोर्टिंग में भी लिप्त हो जाता है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील जानकारी लीक कर देता है। उदाहरण के लिए, मुंबई में 26/11 के

आतंकवादी हमले के मामले मे गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग करना और कभी–कभी भीड़ की भावनाओं को भड़काकर कानून–व्यवस्था की समस्या पैदा करना ।

- मीडिया उच्च टीआरपी प्रतियोगिता में सनसनीखेज समाचार दिखाता है जो सार्वजनिक मुद्दों से संबंधित समाचारों के महत्व को कम करता है।
- मीडिया में पेड न्यूज की भी समस्या है जो लोगों को भ्रमित करती है।
- भारत में बढ़ते मीडिया ट्रायल की घटनाओं ने न्याय का उपहास उड़ाया है।
- भारत में मीडिया की विविधता और गुणवत्ता मीडिया समावेश और लाभ–संचालित हितों जैसी समस्याओं से प्रभावित हो रही है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ,भारत में मीडिया को सशक्त बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करना समय की आवश्यकता है।
- पेड न्यूज को मोटे तौर पर कानून द्वारा परिभाषित किया जाना चाहिए और इस संबंध में दंडात्मक उपाय किए जाने चाहिए।
- प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में टर्फ युद्ध से बचने के लिए ,उनके पास एक एकल ि नियामक होना चाहिए।
- भारतीय प्रेस परिषद को कानून द्वारा दंडात्मक शक्तियाँ दी जानी चाहिए।
- समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण जैसे स्व–नियामक निकायों को सशक्त बनाया जाना चाहिए।

**निष्कर्ष :**

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हो सकता है, लेकिन नियमन के बिना यह भारत में लोकतंत्र के लिए अपमानजनक भी हो सकता है। इसे संवैधानिक सीमाओं और नियमों के भीतर उचित स्वतंत्रता प्रदान की जानी चाहिए। मीडिया भी समाज का एक हिस्सा है। समाज और उसके नेताओं को लोकतंत्र और लोकतंत्र की कसौटी पर खरा उतरने से पहले खुद को परखना होगा। ईमानदार पत्रकारों की खोज, एक भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था, अनैतिक शिक्षा, जो पैसा बनाने की मशीन और एक अनुशासनहीन समाज है से निरर्थक है। वर्तमान युवाओं को दुनिया में तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया में रुचि है। इस प्रकार, मीडिया के लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि टीआरपी चैनलों को बढ़ावा देने के लिए प्रसारित की जा रही सूचना को पक्षपाती या हेरफेर न किया जाए।

**उद्देश्य :**

- भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की स्थिति का अध्ययन किया गया है।
- भारतीय राजनीति में मीडिया के विकास की विवेचना की गई है।
- भारतीय लोकतंत्र में मीडिया के प्रभावों का वर्णन किया गया है।

**परिकल्पना**

- भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।
- भारतीय राजनीति में मीडिया के प्रभाव में वृद्धि होती रही है।

**अध्ययन पद्धतिः**

प्रस्तुत अध्ययन के लिए ऐतिहासिक अध्ययन पद्धति का प्रयोग किया गया है इस अध्ययन हेतु राजनीतिक  दृष्टिकोण का प्रयोग किया गया है। इस अध्ययन में प्राथमिक और द्वितीयक दोनों ही प्रकार के आंकड़ों का समावेश किया गया है

❐


*सन्दर्भ –*

1. *https://egyankosh.ac.in/bitstream/123456789/68127/1/unit-9.pdf.*
2. *Shakuntala Rao & Kanchan K. Malik (2019) Conversing Ethics in India's News Media, Journalism Practice, 13:4, 509-523, DOI: 10.1080/17512786.2018.1491321*
3. *Newspapers without a government Thomas Jefferson <https://conversational-leadership.net/quotation/newspapers-without-government/>.*
4. *Norris, p. 2006: the role of repress in promoting democratization, good governance and human development meguire lecture in comparative politics Harvard University Cambridge MA.*
5. *भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका & Ignited Minds Journals https://ignited.in/I/a/293304.*
6. *लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका & Drishti IAS https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily news editorials/role of social media in democracy.*
7. *Media Bias and Democracy in India - Stimson Center https://www.stimson.org/2021/media-bias-and-democracy-in-india.*
8. *मीडिया स्वस्थ लोकतंत्र का न केवल एक अंग है, बल्कि अपरिहार्य शर्त भी है https://www.prabhasakshi. com/amp/news/media is not only a part of healthy democracy but also indispensable-condition.*
9. *मीडिया एक स्वस्थ लोकतंत्र को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है https://adrindia.org/sites/default/files/The: 20Media: 20round: 20background : 20 note_Hindi.pdf.*

**पूर्वदेवा**– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 42–48*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# बिहार में नील की खेती और 1857 का विद्रोह

**ओमकार नाथ पाण्डेय**
शोधार्थी, इतिहास विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी–221005
E-mail: omkarpandeybest@gmail.com Mob. 8052513812

**सारांश**

*नील के रंग का प्रयोग कपड़ों को रंगीन बनाने के लिए किया जाता है किन्तु इसी रंग ने उन्नीसवीं शताब्दी में बिहार के किसानों के जीवन को बदरंग कर दिया था। नील की खेती बिहार में किसानों के लिए आर्थिक विपन्नता, दमन, शोषण, उत्पीड़न और अमानवीयता और संवेदनहीनता को प्रतीक बन गयी थी जिसकी क्रूर गाथा इतिहास के पन्नों में दर्ज है। सरकार, जमींदार और निलहों के शोषण के त्रिकोण में फँसे किसान मुश्किल से अपने न्यूनतम आवश्यकता को पूरा कर पाते थे। नील की खेती औपनिवेशिक शोषण का एक जरिया था जिसने किसानों की हालत दासो जैसी कर दिया था। किसानों का जीवन अनेक प्रकार के लगानों एवं प्रतिबन्धों के साये में बीत रहा था। न फसल उगाने की आजादी न आने–जाने की, उल्टा लटकाकर छोड़ देना, कोड़े मारना, जुर्माना, किसानों की फसल कटवा लेना, पशुओं को अपने कब्जे में ले लेना जैसी घटनाएँ किसानों के आम जिन्दगी का हिस्सा बन गयी थी। नील की खेती का विस्तार धीरे–धीरे सम्पूर्ण बिहार में हो गया था। खेती के विस्तार के साथ निलहो का शोषण भी बढ़ता गया। निलहो के नीतियों और सरकार के रवैये से किसानों में असंतोष पनपने लगा। शुरूवाती दौर में किसानों ने सरकार के पास अपनी अर्जिया लगायी, प्रार्थना पत्र दिया, अपने आवेदन पत्रों में अपनी पीड़ा व्यक्त किया किन्तु सरकार ने निलहों का पक्ष लिया और निलहों के पक्ष में कानून बनाकर निलहों का हाथ कानूनी रूप से और मजबूत कर दिया था।*

*ब्रिटिश सेना में काम करने वाले अधिकांश सिपाही किसान पृष्ठभूमि से आते थे जिसके कारण किसानों की समस्याओं से इनका सीधा वास्ता था और किसान तथा सिपाही अपने समाजिक सम्बन्धों से एक–दूसरे के पूरक थे इसलिए 1857 में बिहार में सिपाहियों ने बगावत किया तब किसानों ने घृणा और शोषण के प्रतीक बन चुके निलहों के कारखानों को बर्बाद कर दिया तथा बगावत में भाग लिया था।*

*1857 के दौरान किसानों के भय से निलहों को अपना इलाका छोड़कर पटना और दानापुर में शरण लेनी पड़ी थी। 1857 के बगावत को नील के किसानों ने मुक्ति का संग्राम समझा और सिपाहियों के समर्थन में हथियार उठा लिया, किसानों के इसी असंतोष ने बिहार में 1857 के बगावत को जन–संघर्ष का स्वरूप प्रदान किया। इस दौरान पूरे बिहार में नील की खेती नहीं हुई जिसके कारण निलहों को 7 लाख रूपये का नुकसान हुआ था। सिपाही संख्या में सीमित थे इन्होंने बगावत की चिंगारी लगायी जिसकी आग को किसानों ने गाँव–गाँव तक फैलाकर बगावत को जनसंघर्ष में तब्दील कर दिया था।*

**मूल शब्द** – नील, किसान, बगावत, निलहें, जमींदार, 1857

## परिचय

भारत में नील की खेती का अत्यंत ही प्राचीन इतिहास रहा है। सिंधु घाटी सभ्यता से प्राप्त कपड़ों से नील का साक्ष्य प्राप्त हुआ है। यूरोपियन लोगों को नील की जानकारी सर्वप्रथम मार्कोपोलो के यात्रा वृतांत से हुआ था। मध्यकाल में शासकों का प्रोत्साहन पाकर नील का व्यवसाय भारत का प्रमुख उद्योग बन गया। वस्त्र उद्योग में निरंतर वृद्धि ने रंगाई के लिए नील की माँग को बढ़ावा दिया जिसके कारण नील की खेती भारत में खूब फैला। अबुल–फजल के आइन–ए–अकबरी में उत्तम कोटि के नील का वर्णन मिलता है। नील की फसल में शासक और किसान दोनों को आय मुद्रा के रूप में प्राप्त होती थी जिसके कारण मुद्रा अर्थव्यवस्था का तीव्र गति से विकास हुआ था। इतावली यात्री मनूकी ने भारत से निर्यात होने वाले चार भू–उत्पादों का वर्णन किया है जिसमें कपास, शहतूत, अफीम के साथ नील का भी नाम है।[1] नील मुख्य रूप से आगरा, मालवा और गुजरात के प्रांतो में उगाया जाता था। सरखेज, बयाना, कोल, अहमदाबाद नील रंगाई के प्रमुख केन्द्र थे। नील न केवल किसानों को आय के अतिरिक्त अवसर प्रदान कर रहा था बल्कि शहरों में विकसित रंगाई उद्योग से मजदूरों का पेट भरने का काम भी कर रहा था। मुगल भारत में नील बनाने का व्यवसाय इतना विस्तृत हुआ की इस पर आधारित नीलगर (नील बनाने वाले) नामक सामाजिक समूह का उदय हुआ जिसका मुख्य व्यवसाय नील बनाना था।[2]

18वीं शताब्दी में फ्रांसीसी, स्पेनिष, पूर्तगाली और अंग्रेज लोगों ने भी भारत में नील की खेती का काम शुरू कर दिया जिसके कारण नील की खेती का विस्तार बिहार में हुआ। प्लासी विजय के बाद अंग्रेजों ने नील की खेती के लिए बिहार और बंगाल को सबसे उपयुक्त समझा क्योंकि राजनीतिक सत्ता पर अंग्रेजों का प्रभुत्व था।

## मुख्य भाग

नील का पौधा बिहार में अंग्रेजी राज के औपनिवेशिक शोषण का प्रतीक चिन्ह है जिसने अंग्रेजों के खिलाफ सर्वप्रथम किसानों के संगठित प्रतिरोध को जन्म दिया था। इसी शोषणकारी व्यवस्था के प्रतिरोध के लिए संगठित किसानों ने जन–चेतना के मार्ग को प्रशस्त किया जिसने क्षेत्रीय स्तर पर निलहों और जमींदारों से वैधानिक और गैर–वैधानिक तरीको से तत्कालिक व्यवस्था का विरोध करके उपनिवेषिक नीतियों को चुनौती प्रस्तुत किया था।

इंग्लैण्ड में वस्त्र उद्योग के विस्तार ने नील की माँग को बढ़ा दिया था। माँग में उत्पन्न इस व द्धि को पूरा करने के लिए भारत में नील के उत्पादन को बढ़ावा देने की नीति भाासन की ओर से अपनाया गया इसी बीच 1776 ई. में अमेरिका और ब्रिटेन में युद्ध शुरू हो जाने के कारण अमेरिका से नील का सप्लाई बन्द हो गया था। वेस्टइंडीज में नील की खेती करने वाले गुलामों के विद्रोह ने स्थिति को और दयनिय बना दिया ऐसी परिस्थिति में अंग्रेजों को दूसरे दे ाों से नील का आयात करना पड़ रहा था। ऐसी स्थिति में भारत में प्रभुत्व वाले क्षेत्र में नील की खेती कराना कम्पनी सरकार को ज्यादा कारगर लगा।

सर्वप्रथम 1782 ई. में यूरोपीय पद्धति से नील की खेती तिरहुत के कलेक्टर एम.एफ. ग्रैण्ड द्वारा शुरू करवाया गया था उसी समय से नील की खेती एक उद्योग के रूप में विकसित होने लगी। प्रांत के कई इलाकों में नील की खेती का विस्तार होने लगा था।[3] 1788 ई. तक पाँच नील फैक्ट्रीयों की स्थापना हो चुकी थी। 1793 ई. में राजस्व वसूली के लिए अपनाये गये स्थायी बंदोबस्त की पद्धति इसके लिए काफी अनुकूल सिद्ध हुई क्योंकि सभी किसानों से करार करने की अपेक्षा इलाके के जमींदार से करार करना ज्यादा आसान था। जमींदारों को निलहें किसानों की अपेक्षा ज्यादा देते थे इसलिए सरकारी प्रोत्साहन से किसानों के शोषण के लिए निलहों और जमींदारों की जोड़ी तैयार हो गई। 1810 में तिरहुत जिला कलेक्टर की रिपोर्ट के अनुसार तिरहुत जिले से हर साल दस हजार मन नील कलकत्ता भेजा जा रहा था। नील की खेती के फायदे के कारण वेस्टइण्डीज से प्लांटर बिहार में नील की खेती कराने लगे जिसमें सरकार ने उनका सहयोग दिया।[4]

सरकारी प्रोत्साहन पाकर नील की खेती शीघ्र ही बिहार के सम्पूर्ण भाग में फैल गया। 1830 तक पूर्णिया में 65, भागलपुर में 32, मुँगेर में 17, तिरहुत में 48 नील कारखानों की स्थापना हो चुकी थी।[5] जैसे–जैसे नील की खेती का विस्तार बढ़ता गया सरकार निलहों का हाथ कानूनी रूप से मजबूत करती गयी 1813 के चार्टर के बाद भारत में वाणिज्यवाद के प्रसार ने अहस्तेक्षप की नीति को बढ़ावा दिया एवं भारत में व्यापार का द्वार ब्रिटेन के सभी लोगों के लिए खोल दिया गया फलतः लोगों का हुजूम ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए भारत की तरफ दौड़ा। 1823 ई. में बने कानून के अनुसार निलहें जिस जमीन पर ऋण देते थे उस पर उगाई जाने वाली फसल पर उन्हें अधिकार मिल गया। इसी वर्ष कानून बनाकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस मामले कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। इस काननू के माध्यम से सरकार ने शोषण के लिए निलहों को खुली छूट दे दिया था। 1830 के रेगुलेशन एक्ट किसानों के लिए और विनाशकारी सिद्ध हुआ। इसमें करार के उल्लंघन करने पर रैय्यतों पर फौजदारी मुकदमा चलाकर जेल भेजने की व्यवस्था कर दी गई। 1833 का अधिनियम नील की खेती के लिए निलहों को जमीन खरीदने का अधिकार दे दिया जिसके कारण निलहों की जमींदारिया भी बिहार के अनेक क्षेत्रों में स्थापित हो गई थी।[6] सरकार द्वारा नील की खेती करने वाले किसानों के सम्बन्ध में बने कानूनों का विश्लेषण करने से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार की मंशा क्या थी? सरकार किसानों के शोषण के लिए एक नया वर्ग तैयार कर रही थी और कानूनी रूप से उसे मजबूत कर रही थी। बुकानन का सर्वे रिपोर्ट बताता है कि पूर्णिया में किसान नील की खेती से संतुष्ट नहीं थे। शाहाबाद में नील के खेती के लिए किसानों को कम रकम दी जाती थी,

तिरहुत, सारण और चम्पारण में किसानों से जबरन नील की खेती कराये जाने पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। तिरहुत के जज ने 20 मई 1854 को अपने पत्र में लिखा कि उसके पास रैय्यतों से जबरन नील की खेती कराने के 15 केस आये।[7]

किसानों को नील की खेती के लिए निलहों के करींदो द्वारा मारा–पीटा जाता था किसान इस मामले में बिल्कुल असहाय था। नील की खेती के लिए जो समझौता रैय्यतों से कराया जाता था वह जबरदस्ती उनकी इच्छा के खिलाफ कराया जाता था इस मामले में उनकी इच्छा के विरूद्ध ददनी (अग्रीम ऋण) भी दे दिया जाता था ताकि किसान उनका कर्जदार हो जाये। नील के खेती में किसानों को अपना बहुमूल्य समय देना पड़ता था जबकि उस समय वह अपने खाद्यन फसलों को प्राथमिकता देना चाहते थे। किसानों की सबसे अच्छी जमीन उनसे नील की खेती के लिए लिया जाता था।[8] नील की खेती किसानों के लिए किसी भी स्थिति में लाभप्रद नहीं था दूसरे फसलों से किसानों को प्रति बीघा 13 रूपये 8 आने मिलते थे जबकि नील की खेती से होने वाला लाभ प्रति बीघा 9 रूपये से भी कम था। नील की खेती में साल में एक ही फसल उगायी जा सकती थी जबकि अन्य फसलों में वर्ष में दो फसल आसानी से उगाये जा सकते थे। नील की खेती में जमीन की उर्वरा भाक्ति 3–4 वर्ष में समाप्त हो जाती थी।[9] ऐसा नहीं है कि बेदम कर देने वाली इस शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ किसानों ने संघर्ष नहीं किया। किसान संगठित होकर संघर्ष कर रहे थे और शासन से संरक्षण की गुहार लगा रहे थे। अर्जियाँ, प्रार्थना पत्र, आवेदन पत्रों में अपनी पीड़ा किसान शासन से व्यक्त कर रहे थे किन्तु शासन चिकना घड़ा (बेशर्म) साबित हो रहा था। भागलपुर के कमिश्नर ने नील की खेती से सम्बन्धित भेजे गये रिपोर्ट में हवाला दिया है कि भागलपुर में 2, पूर्णिया में 2 और तिरहुत में निलहों के खिलाफ रैय्यतों ने 38 शिकायते दर्ज करवाई थी। इन शिकायतों से कानून व्यवस्था भंग होने का कोई खतरा नहीं था इसलिए सरकार ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया सरकार की आँख तब खुली जब 1855 ई. के संस्थाल विद्रोह और 1857 के बगावत में किसानों ने हथियार उठा लिया था।

बिहार में किसानों के दमन के कारण उपजे असंतोष ने 1857 के बगावत को जनोन्मुखी स्वरूप प्रदान किया था। किसानों को ऐसा लगा कि बगावत सफल होने पर उन्हें नील की खेती से मुक्ति मिल जायेगी इसलिए किसान बगावत में सिपाहियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रहे थे। सिपाही भी कृषक पृष्ठभूमि से आते थे इसलिए किसान और सिपाही का सामाजिक आधार एक ही था। किसान के रूप में निलहों से शोषित होने वाले लोग सिपाहियों के भाई–बन्धु ही थे इसलिए दुःख की दोनों को समान अनुभूति थी। अंग्रेज विद्वान एरिक स्टोक्स ने इसी किसान–सिपाही संदर्भ को आधार बनाकर 1857 की घटना को कृषक सेना का विद्रोह कहा है और विद्रोह के कारण को कृषक समाजिक ढाँचे और ग्रामीण समाज में खोजा है। किसानों के समर्थन ने इस विद्रोह को सैन्य विद्रोह को नागरिक विद्रोह में तब्दील कर दिया था।[10] बिहार में नील की खेती से बेदम किसानों ने 1857 के बगावत में खुलकर भाग लिया था। सिपाहियों के हौसले ने किसानों के अन्दर प्रतिरोध का जज्बा पैदा कर दिया और निलहों को 1857 में अपने क्षेत्र से भागने के लिए मजबूर कर दिया था। चम्पारण जिले का सुगौली में बगावत की चिंगारी सर्वप्रथम भड़की जहाँ मेजर होम्स के सैन्य कानून से लोग परेशान थे इसने

गोरखपुर से पटना तक के क्षेत्र में सैन्य कानून लागू कर दिया था। इस आतंक से तंग आकर होम्स का परिवार समेत कत्ल कर दिया गया।[11]

बिहार में बगावत की शुरूआत पटना के नजदीक दानापुर छावनी से 25 जुलाई 1857 को हुआ था। दानापुर से आरा के लिए सैनिको ने जब प्रस्थान किया तब रास्ते में सरकारी प्रतिष्ठानों को वे नष्ट करते हुए आगे बढ़ रहे थे इसी क्रम में सोन नदी के किनारे स्थित नील के कारखाने को भी नष्ट किया गया था। सोन नदी के तट पर नानसागर में स्थित नील फैक्ट्री का मालिक डोरमंड गाँव में छुपकर अपनी जान बचाया। डोरमंड की फैक्ट्री को लूट लिया गया और तरारी में आर. सोलानो, शाहाबाद में मूर की फैक्ट्री, बक्सर में मैथ्यू की फैक्ट्री कोईलवर में आर. प्लेन की सम्पति को तथा नवलागढ़ स्थित डोरमंड की नील फैक्ट्री को विद्रोहियों ने बर्बाद कर दिया था।[12] मेरठ में 10 मई की घटना के बाद से ही अंग्रेजों को यह अंदेशा हो गया था कि बिहार भी इससे अछुता नहीं रहेगा। सर्तकता की कार्यवाईयाँ सरकार कर रही थी। अधिकारियों को पत्र लिखकर सभी आवश्यक तैयारी के निर्देश दिये जा रहे थे विभिन्न जिलों से सरकारी खजाना पटना पहुँचाया जा रहा था। विषम परिस्थिति से निपटने के लिए अंग्रेज शहरों में मजबूत अवास तैयार कर रहे थे जहाँ विषम परिस्थिति में छिपा जा सके। सरकार अधिकारियों, यूरोपिय व्यापारियों समेत सभी गैर भारतीय लोगों को संभावित खतरे से आगाह कर रही थी और मदत भी माँग रही थी। दिनांक 3 जुलाई को मुजफ्फपुर के मजिस्ट्रेट एच. रिचार्डसन ने पटना के आयुक्त को लिखे पत्र में संभावित बगावत से निपटने के लिए किये जा रहे संभावित तैयारियों का ब्योरा दिया है। पत्र में इस बात को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है कि निलहे साहबो को सरकार के काम में सभी तरह के सहायता देने का आदेश दिया गया है।[13] पत्र से स्पष्ट है कि सरकार और निलहों के बीच अत्यंत ही सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध थे और सरकार के सहयोग से निलहे, किसानों का शोषण कर रहे थे अब सरकार को निलहों की जरूरत पड़ी थी तो निलहों को सहायता देने के लिए कहा गया था। निलहों ने इस बगावत में सरकार का भरपूर साथ दिया तिरहुत के जमादार वारिस अली को पकड़ने के लिए निलहे लोग ही गये थे। वारिस अली गिरफ्तारी के समय बगावत के लिए अली करीम को पत्र लिख रहे थे। निलहों ने वारिस अली को गिरफ्तार करके पटना भेज दिया जहाँ वारिस अली को विलियम टेलर की अदालत ने फाँसी की सजा सुनाया। बगावत के दौरान निलहों को मानद मजिस्ट्रेट का दर्जा भी दिया गया था ताकि गिरफ्तार लोगों को तुरन्त सजा दिया जा सके और उन्हें जज के सामने पेश करने की जरूरत न पड़े।

तिरहुत और चम्पारण नील की खेती के बाहुल्य वाले क्षेत्र थे। बगावत के शुरूवात होते ही निलहे यहाँ भयभित हो गये थे। चम्पारण के निलहों ने 29 जुलाई 1857 को दानापुर कमाण्डर को लिखे अपने पत्र में बताया कि जिले में भारी खतरा उत्पन्न हो गया है। यह एक बड़ा जिला है और विद्रोह होने पर पूरे जिले में फैल सकता है। पूरा प्रशासन पूसा में सिमट कर रह गया है। उनके कारखानों को ध्वस्त करे जला दिया गया है। पचास अथवा तीस यूरोपियन सैनिकों की टुकड़ी स्थिति पर काबू पा सकती है हमें विश्वास है कि हमारे परिवार को दानापुर ले जाने के लिए एस्कार्ट पार्टी की व्यवस्था की जायेगी।[14] स्पष्ट है कि निलहे अपने के सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाना चाह रहे थे क्योंकि विद्रोह जनयुद्ध बन गया था। सिपाही तथा

किसान निलहे और उनके नील के कारखानों को निशाना बना रहे थे। 31 जुलाई 1857 को तिरहुत के नाजुक स्थिति को देखते हुए निलहों को जिला छोड़ने का निर्देश जारी कर दिया गया। यहाँ गाँवों में इस अफवाह ने जोर पकड़ लिया की अंग्रेजी राज खत्म हो गया है। गाँव के लोग सरकार के कानूनों का उल्लंघन कर रहे थे अंग्रेज लोग ऐसे गाँवों को चिन्हित करके लोगों को सजा दे रहे थे ताकि लोगों में इस बात का खौफ बना रहे कि राज अभी भी कायम है। गाँव के लोगों ने यूरोपियन लोगों पर हमले किये और उनके घरों में डकैती का प्रयास किया इस मामलें में सभी आरोपी ग्रामीण थे। जिले का बेलसड़ और बड़कागाँव में लोगों को राजद्रोहात्मक भाषा के प्रयोग करने के आरोप में सात लोगों को कालापानी की सजा दी गई। विद्रोह की तीव्रता को देखते हुए शीघ्र ही सरकार ने यहाँ गोरखा रेजिमेंट को बुला लिया था तब जाकर विद्रोह पर काबू पाया जा सका था।[15] सारण में भी विद्रोहियों के डर से निलहे परेशान थे इन्होंने अपने सुरक्षा एवं सरकार की मदत के लिए तिरहुत एवं छपरा के 53 चयनित लोगों को मिलाकर बिहार हौर्स नामक वॉलंटरी संगठन बनाया जिसका उद्देश्य बागियों से निलहों की सुरक्षा करना था। निलहों ने सारण में विद्रोह से निपटने में सरकार को सहायता प्रदान किया।[16]

बगावत में किसानों के शामिल होने के अपने स्थानिय एवं व्यक्तिगत कारण थे जिसके केन्द्र में नील के खेती से उपजे हुए हालात थे। बड़कागाँव में किसानों द्वारा निलहों के रोड पर बैलगाड़ी चलाने के आरोप में कार्यवाही हुई जिसके कारण किसान विद्रोह पर उतारू हो गये। निलहों के अत्याचारों से जिन किसानों की जमीन–जायदाद चली गई थी, ऐसे लोगों ने राज के खिलाफ हथियार उठाया था। शाहाबाद का नील किसान सरनाम सिंह ने गिरफ्तारी के बाद सुनवाई के दौरान बताया कि मैंने सरकार के खिलाफ सिर्फ इसलिए बगावत किया था कि एक नील की खेती करने वाले ने मेरे खिलाफ मुकदमा दायर किया जिसके कारण मेरा घर लूटा और जला दिया गया। सरनाम सिंह पर तेलकप और चंद्रपुर नील फैक्ट्री जलाने का आरोप था। सुनवाई के दौरान सरनाम सिंह ने स्वीकार किया कि उसके परिवार वालो ने इस घटना को अंजाम दिया और वह रोहतास के लोगों के कृपा से इतने दिनों तक बचा रहा।[17] बगावत के दौरान इस तरह के अनेको मामले देखे गये जिसमें किसान निलहों के शोषण से तंग आकर बगावत में शामिल हो गये ऐसे लोगों को स्थानीय लोगों का समर्थन भी प्राप्त था क्योंकि लोग पीड़ित लोगों के साथ हो रहे अन्याय के साक्षी थे। इन्हीं लोगों के मदद से नील फैक्ट्रीयों और निलहों पर हमला बोलने वाले किसान महीनों तक सरकार के नजर से बचे रहे। सरनाम सिंह ने बयान में स्वयं इस बात को स्वीकार किया था।

## निष्कर्ष

बिहार में 1857 का संघर्ष सभी समुदाय के लोगों का मिला–जुला संघर्ष था जिसमें सभी असंतुष्ट समुदाय के लोगों ने भाग लिया था परन्तु सिपाहियों और किसानों की भूमिका इसमें अग्रणी थी। सिपाहियों की संख्या सीमित थी उन्होंने बगावत की शुरूवात किया था। शोषित किसान संख्या में ज्यादा थे इन्होंने बगावत में शामिल होकर इसे गाँव–गाँव तक इसे फैलाया जिससे बगावत जनसंघर्ष में तब्दील हो गया था। एरिक स्टोक्स ने इसी सिपाही–किसान गठजोड़ को आधार बनाकर कृषक सेना के विद्रोह का विचार प्रतिपादित किया था। जय जवान,

जय किसान की भावना बिहार में इस बगावत के समय साकार हो रही थी। नील के खेती से उत्पन्न असंतोष ने बगावत के अग्नि में घी का काम किया जवान (सिपाही) और किसान की एकता देश के तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है इस उक्ति को बिहार में 1857 के बगावत में चरितार्थ किया गया जब अंग्रेज और निलहे अपनी जान बचाने के लिए बिहार के विभिन्न भागों से पटना एवं दानापुर भाग रहे थे। पटना के कमिश्नर विलियम टेलर ने स्वयं निर्देश जारी किया कि केन्द्रिय शक्ति की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने का समय आ गया है, सभी लोग पटना पहुँचो। 1857 का संघर्ष सरकार के दमनकारी शक्ति के समक्ष नहीं टिक पाया और अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में असफल हो गया क्योंकि देशी राजनीतिक ताकतों ने ब्रिटिश हुकूमत का साथ दिया था किन्तु 1857 के संघर्ष ने बता दिया कि जन चेतना अब जागृत हो चुकी है और किसी भी तरह के अन्याय का प्रतिकार संगठित होकर किया जायेगा। किसान 1857 के बाद राजनीतिक रूप से संगठित होकर राजनीतिक रूप से मजबूत होकर शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करते रहे और 1917 में नील के दाग को अपने जीवन से मिटाया।

❒

*सन्दर्भ –*


1. *वर्मा, हरिश्चन्द्र (2015), मध्यकालीन भारत भाग–2 (1540–1761), हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, नई दिल्ली, पृ. 399.*
2. *वर्मा, हरिश्चन्द्र (2015), मध्यकालीन भारत भाग–2 (1540–1761), हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, नई दिल्ली, पृ. 356.*
3. *संह, मुरली मनोहर प्रसाद एवं चौहान, चंचल (2010), 1857 इतिहास कला साहित्य, राजकमल प्रकाशन, नई ि दल्ली, पृ. 53.*
4. *पुष्यमित्र (2020), जब नील का दाग मिटा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 25.*
5. *Singh, N.P. (1981), The Indigo Industry of Bihar and The Oppression of Ryots (1833-58), p.503.*
6. *शुक्ल, प्रभात कुमार (2022), नील की खेती और अंग्रेजी राज, अनामिका पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स (प्रा.) लिमिटेड, नई दिल्ली, पृ. 18.*
7. *Singh, N.P. (1981), The Indigo Industry of Bihar and The Oppression of Ryots (1833-58), p. 505-06.*
8. *श्रीवास्तव, उदय कुमार एवं पराशर अभिशेक (2019), नील की खेती और चम्पारण सत्याग्रह, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, पृ. 16.*
9. *शुक्ल, प्रभात कुमार (2022), नील की खेती और अंग्रेजी राज, अनामिका पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स (प्रा.) लिमिटेड, नई दिल्ली, पृ. 109.*
10. *सिंह, मुरली मनोहर प्रसाद एवं चौहान, चंचल (2010), 1857 इतिहास कला साहित्य, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 47.*
11. *श्रीवास्तव, उदय कुमार एवं पराशर अभिषेक (2019), नील की खेती और चम्पारण सत्याग्रह, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, पृ. 34.*
12. *यादव, डॉ. मनीता कुमारी (2014), बिहारकी जनता और 1857 ई. का विद्रोह, जानकी प्रकाशन, पटना, पृ. 58.*
13. *दत्त, के.के. (2014), बिहार में स्वातंत्र्य आन्दोलन का इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, पृ. 28.*
14. *29 जुलाई 1857 को निलहों द्वारा दानापुर के कमाण्डर को लिखा गया पत्र।*
15. *चौधरी, प्रसन्न कुमार एवं श्रीकांत (2015), 1857 बिहार में महायुद्ध, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 246.*
16. *चौधरी, प्रसन्न कुमार एवं श्रीकांत (2015), 1857 बिहार में महायुद्ध, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 255.*
17. *चौधरी, प्रसन्न कुमार एवं श्रीकांत (2015), 1857 बिहार में महायुद्ध, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 276.*

**पूर्वदेवा**– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 49–64*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# गोंड जनजातियों का सामाजिक, आर्थिक जीवन एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद के विशेष सन्दर्भ में)

**डॉ. दीपक कुमार खरवार**
पोस्ट–डाक्टरल फेलो (ICSSR), समाजशास्त्र विभाग,
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ
E-mail - dkbhu9454@gmail.com

**सारांश**

*गोंड समुदाय की सामाजिक संरचना काफी पुरानी और अनूठी है। यह व्यवस्था अपने अनोखेपन के साथ अभी तक चल रही है। समय–समय पर दूसरे समुदायों द्वारा कई तरह के हस्तक्षेप का सामना करने के बावजूद गोंड समुदाय अपनी परम्पराओं के साथ जीवन–यापन कर रहा है। गोंड समुदाय से जुड़ी सामाजिक व्यवस्था के अध्ययन से पता चलता है कि यह समुदाय अब अपने सामाजिक विकास के शुरूआती चरण से काफी आगे बढ़ चुका है, जबकि इससे जुड़े कुछ तबके सभ्यता के अपेक्षाकृत आधुनिक चरण से भी जुड़ चुके है।*[1]

*प्रस्तुत शोध पत्र गोंड जनजातियों का सामाजिक, आर्थिक जीवन : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद की गोंड़ जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति के विश्लेशण पर आधारित है। इस शोध पत्र में प्राथमिक तथ्यों के आधार पर समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से यह जानने का प्रयास किया गया है कि स्वतंत्रता के सात दशक बाद जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब आधुनिकता के इस दौर में गोंड जनजातीय समुदाय की सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में कितना सकारात्मक परिवर्तन हुआ है या आज भी गोंड जनजाति वाछिंत परिवर्तन से कितना अछूते हैं? उपरोक्त पृष्ठभूमि में यह शोध पत्र गोंड जनजातीय समुदाय और विकास के इस क्रम में उनके सामाजिक, आर्थिक जीवन में कितना परिवर्तन हुआ है को नये परिप्रेक्ष्य से समझने में सहायक होगा।*

**मुख्य शब्दः** जनजाति, गोंड, सामाजिक–आर्थिक स्थिति, विकास।

## प्रस्तावना

व्यक्ति की सामाजिक व आर्थिक पृष्ठभूमि का सार्वभौमिक प्रभाव मानव जीवन की सम्पूर्णता को प्रस्तुत करता है। सामाजिक दृष्टि से देखा जाय तो किसी भी व्यक्ति का

सामाजिक अस्तित्व उसके व्यक्तिव, विचारधाराओं तथा मूल्यों को निर्धारित करता है। भारत विविधताओं का देश है, जिसमें विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय, जाति आदि समुदाय के लोग रहते है और सबकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व्यवस्थाएं एक–दूसरे से भिन्न है। जिनमें से आदिवासी समाज भी एक है। जो बृहत्तर भारतीय समाज से पृथक हमेशा प्राकृतिक क्षेत्रों में निवास करते रहे है और इनकी भी मुख्यधारा के समाज से अलग अपनी पृथक संस्कृति, भाषा, धर्म, रीति–रिवाज एवं व्यवस्था रही है। सदियों से उनका भूमि, वन और अन्य संसाधनों पर नियंत्रण रहा है और वे स्वयं के कानूनों, परम्पराओं और रीति–रिवाजो से शासित रहे है। वे अपना विकास स्वयं करते रहे है। लेकिन विकास के क्रम में जहाँ एक तरफ कुछ जनजातीय समुदायों ने विकास के साथ स्वयं को समाज की मुख्यधारा के साथ अपने आप को समायोजित कर लिया है, वहीं दूसरी तरफ कुछ ऐसी जनजातियाँ है जो आज भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं अन्य दृष्टि से बहुत पिछड़ी हुई है। लेकिन समय के विकासक्रम एवं परिवर्तन के परिणामस्वरूप जनजातीय समाज परिवर्तन के चक्र से अछूता नहीं रह सका है और विकास एवं आधुनिकीकरण के कारण इनकी मूल संरचना प्रभावित हुई है। जिसके कारण इसके सामाजिक एवं आर्थिक प्रतिमानों में व्यापक रूप से परिवर्तन हुआ है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र के गोंड़ जनजातीय समुदाय भी इससे अछूता नहीं रहा है तथा विकास एवं आधुनिकीकरण के कारण इनकी जीवनशैली एवं आर्थिक संरचना में परिवर्तन हुआ है जिसका व्यापक प्रभाव सोनभद्र के गोंड जनजातीय समुदाय के सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था पर देखा जा सकता है। यहां के जनजातीय समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी सरकार के द्वारा आदिवासियों के विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, चिकित्सा, परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस शोध पत्र में मुख्य रूप से गोड़ जनजाति समाज को केन्द्रित किया गया है जो भारत के विविध राज्यों में पायी जाती है। सोनभद्र के सन्दर्भ में देखा जाए तो इनकी स्थिति ठीक नहीं है और ये आज भी विभिन्न समस्याओं से घिरे हुए है और गरीबी में जीवन यापन करने के लिए मजबूर है।

## साहित्य समीक्षा

**एल्विन (2007)**[2] ने अपनी पुस्तक **"एक गोंड गांव में जीवन"** में जिसे वर्ष 1932 में मध्य प्रदेश के मंडला जिले में करंजिया गाँव का सहभागी अवलोकन प्रविधि द्वारा गोंड आदिवासियों के जीवन के सभी पहलुओं (सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक) का विस्तृत वर्णन किया है। अपने अध्ययन में वनों और पहाड़ों के निकट रहने वाले गोंड आदिवासियों की प्रथाओं, परम्पराओं और जीवनशैली का सरलतम रूप में उल्लेख किया है, जिससे गोंडों को जानने व समझने में आसानी होती है। एल्विन द्वारा करंजिया गाँव को ही अध्ययन के लिए चयन करना भी उनकी दूरदर्शिता को दर्शाता है, जो बिलकुल प्रकृति के निकट तथा अन्य समाज से कटा हुआ है। उनकी आजीविका के निर्वाह का स्तर अत्यंत निम्न होने का एक प्रमुख कारण यह है, कि उनकी उत्पादित वस्तुओं का बाजार में साहूकारों द्वारा उचित मूल्य नहीं देना तथा वन विभाग द्वारा आदिवासियों से बेगारी कराना है, तथा उनमें कृषि कार्यों के प्रति जानकारी का अभाव होना

और केवल भरण–पोषण के लिए ही ऊपज करना तथा शेष समय में मनोरंजन और महुए की शराब का सेवन व नृत्य करना है। इस प्रकार इस दोहरी शोषणकारी व्यवस्था से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय बनी रहती है, जिससे उनकी सामाजिक और स्वास्थ्यगत स्थिति भी निम्न होती है, जिसके फलस्वरूप उनमें कुपोषण, कुष्ठ रोग और अन्य बीमारियां व्याप्त हैं तथा इन बीमारियों के प्रति जागरूकता का पूर्णतया अभाव भी है। अपनी बीमारियों को वे ईश्वर का अभिशाप मानते हैं तथा अपना इलाज ओझाओं व पंडा बाबा की सहायता से करते हैं तथा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का भी अनुसरण करते हैं।

**मधुकर (2014)**[3] ने अपने लेख **"झारखण्ड की जनजातियां"** में कहते है कि झारखण्ड की जनजातियों को विकास का उतना लाभ नहीं मिला जितना धन उनपर खर्च किया गया। इसका प्रमुख कारण जनजातियों के सोच और दृष्टि के मुताबिक विकास नहीं करना हो सकता हैं। आगे वे कहते है कि आदिम जनजातियों की लगभग 95 फीसदी से भी अधिक आबादी आज भी शिक्षा से वंचित है। हालाकिं इन क्षेत्रों में सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम चलाए जा रहे है। बिरिजिया, असुर और कोरबा जैसी हुनर वाली जनजातियां अब बेरोजगार हो गयी है क्योंकि अब गाँवों में कारखानों से बने सामान सस्ते कीमत पर पहुँचने लगे है। अब इनका जीवन पास के जंगल से छोटे–मोटे शिकार और शराब पर टिका हुआ है। मधुकर कहते है कि आदिम जनजातियों की इच्छा, जरूरत और उनकी गति से जब तक विकास तय नही किया जायेगा और जब तक उनके द्वारा ही विकास कार्य नही करवाया जायेगा तब तक विकास की राशि बिचौलिए खाते रहेंगे और यह माना जाता रहेगा कि उनका विकास किया जा रहा है।

**सिंह (2008)**[4] ने अपनी पुस्तक **"ट्राइब्ल डेव्लपमेंट इन इंडिया"** में आधुनिकीकरण के परिणामस्वरूप जनजातीय अर्थव्यवस्था में हुए बदलावों का अध्ययन किया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आधुनिकीकरण और विकास की सामाजिक–आर्थिक ताकतों के कारण सम्बन्धित क्षेत्रों के लोगों को कुछ लाभ मिले हैं लेकिन उनसे मिलने वाले लाभों से कहीं ज्यादा उससे नुकसान हुआ है। विकास प्रेरित विस्थापन, अनैच्छिक प्रवासन और पुनर्वास ने जनजातियों के हाशिए को जन्म दिया है और उनके सामने बड़ी समस्याएं खड़ी कर दी है। नई आर्थिक पद्धति ने अर्थव्यवस्था के निजीकरण और बाजारीकरण का नेतृत्व किया है जिसको आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए वृहद खतरा माना गया है।

**कोरेति (2022)**[5] ने अपने लेख **"गोंड समुदाय की समृद्ध विरासत"** में कहते है कि भारत के जनजातीय समूहों की सामाजिक–सांस्कृतिक बारीकियों को प्रमुखता से पेश करने की जरूरत है, खास तौर पर मध्य भारत के गोंड समुदाय के सांस्कृतिक पहलुओं के बारे में भी बताया जाना चाहिए। वे बताते है कि गोंड समुदाय में कई उप–जनजातियाँ हैं। हालांकि, सांस्कृतिक और नस्लीय तौर पर ये सभी एक जैसी हैं। गोंड समुदाय की सामाजिक संरचना काफी पुरानी और अनुठी है। यह सामाजिक व्यवस्था इस समुदाय के मार्गदर्शक और गुरू पहाँदी कुपार लिंगों द्वारा स्थापित की गई थी। यह व्यवस्था अपने अनोखेपन के साथ अभी तक चल रही है। आगे वे कहते है कि गोंड समुदाय ने अपनी सामाजिक संरचना में खुद की

सांस्कृतिक परम्परा विकसित की है और इसमें अन्य संस्कृति का ज्यादा प्रभाव नहीं है। उनकी सांस्कृतिक परम्पराएँ सरल हैं और वाचिक परम्परा के जरिए इन्हें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के बीच पहुँचाया जाता है।

**कुलकर्णी, एस0 (1994)**[6] ने अपनी लेख *"ट्राइबल कम्यूनिटीज इन इंडियाः टुडे एंड टुमारो"* में भारत के जनजाति समुदायों को वर्तमान एंव भविष्य दोनों दृष्टियों से देखने का प्रयास किया हैं। वे जनजाति समुदायों द्वारा सघर्ष की जाने वाली मुख्य समस्याओं जैसे– गरीबी, भूमि से अलगाव, वनों पर से उनके अधिकारों का हनन, शोषण एंव उनके प्राकृतिक कार्यक्षेत्रों से विस्थापन आदि का वर्णन–विश्लेषण किया हैं। दूसरी तरफ जनजातियों की स्थितियों के सकारात्मक पक्ष जैसे शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण, सफल जनजाति–विशिष्ट आर्थिक नियोजन और सरकार के साथ–साथ स्वैच्छिक संगठनो द्वारा उठाए गए अन्य विकास गतिविधियों पर भी ध्यान केन्द्रित किया हैं। कुलकर्णी अपने इस लेख में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को संतुलित करके जनजातियों की स्थिति पर बहुत ही अच्छा विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं।

**दुबे, श्यामाचरण (1996)**[7] ने अपनी पुस्तक *"समय और संस्कृति"* में आदिवासी और उनके स्थानीय प्राकृतिक परिवेश में हो रहे विषम विकास की व्याख्या को प्रस्तुत किया हैं। उनका मानना है कि वन राष्ट्रीय संपदा हैं लेकिन हजारों वर्षो से जंगलो में आदिवासी रहते हुए आये हैं। जिसके परिणामस्वरुप इनके संस्कृतियों का विकास स्थानीय प्राकृतिक परिवेश के अनुसार हुआ हैं। विशेषकर आदिवासियों की अर्थव्यवस्था वनों पर निर्भर रही है। इसलिए विकास या वनों की रक्षा के नाम पर हम उन्हें अपने पारंपरिक अधिकारो से वचिंत नही कर सकते। लेकिन प्रायः यह देखने को मिलता हैं कि आदिवासी क्षेत्रों में बहुमूल्य समझे जाने वाले खनिज संपदा का भण्डार होता हैं इसलिए इन क्षेत्रों में बड़े–बड़े उद्योग स्थापित किये जाते है। व्यापक सामाजिक हित के लिए यह जरुरी तो हैं लेकिन इसके साथ–साथ आदिवासियों के हितों का ध्यान रखना भी उतना ही जरुरी हैं। लेकिन अब तक ये प्रयत्न दुर्बल और अप्रभावी रहे हैं। इसलिए आदिवासियों के लिए विकल्प की तलाश हमें सहानुभूति और दूरदर्शिता से करना हैं। प्रयास यह करना हैं कि विकास या औद्योगीकरण की प्रक्रिया उनके लिए अप्रिय और विघटनकारी न हो।

उपर्युक्त साहित्य समीक्षा के विश्लेषण के आधार पर देखा जाये तो आदिवासी क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों या सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के उपरांत भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जीविकोपार्जन जैसी बुनियादि आवश्यकताओं से वंचित है। उनके सामाजिक–आर्थिक स्थितियों में कुछ खास परिवर्तन नहीं हुआ है। वे आज भी गरीबी में जीनें के लिए मजबूर है।

## शोध के उद्देश्य

1. गोंड जनजातियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं उनके पिछड़ेपन के मुख्य कारणों का पता लगाना।

**अध्ययन पद्धति**

प्रस्तुत शोध पत्र हेतु उद्देश्यपूर्ण प्रतिदर्श के आधार पर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद का चयन किया गया है। सोनभद्र जनपद में कुल 8 विकासखण्ड है। अध्ययन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु बभनी विकासखण्ड का चयन किया गया है। असंभावनामूलक प्रतिचयन (Non-Probability Sampling) के अन्तर्गत उद्देश्यात्मक प्रतिचयन (Purposive Sampling) के माध्यम से बभनी ग्राम पंचायत से 100 गोंड जनजातियों को अध्ययन के लिए चुना गया है। अध्ययन की प्रकृति व उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वर्णनात्मक (Descriptive) शोध पद्धति का उपयोग किया गया है, जिससे अध्ययन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं के बारे में सही–सही जानकारी प्राप्त हो सके।[8] इस अध्ययन में मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों पद्धतियों का भी उपयोग कर चयनित उत्तरदाताओं से साक्षात्कार अनुसूची से प्राप्त तथ्यों के आधार पर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

**उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि : अध्ययन क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में**

किसी भी शोध विषय में उत्तरदाताओं की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि के साथ–साथ सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का ज्ञान आवश्यक होता है क्योंकि पृष्ठभूमि के माध्यम से ही उत्तरदाताओं एवं उनके परिवार के विचारों, मनोवृत्तियों, मूल्यों, विश्वासों व आर्थिक स्थितियों का अनुमान लगाया जा सकता है, जिससे शोध विषय से सम्बन्धित विषयों के महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने में सहायता मिलती है। इसलिए प्रस्तुत शोध पत्र के अन्तर्गत चयनित गोंड़ जनजातीय परिवारों में से परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य से सम्पर्क किया गया है। जिससे हमें गोंड जनजातीय समाज से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके। इसके साथ ही सम्बन्धित तथ्यों का विवेचन व तथ्यपूर्ण विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है।

**परिवार में उच्चतम शैक्षिक स्तर**

आदिवासी जनजीवन सामान्यतः अपनी विशिष्ट संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। आधुनिक शिक्षा का प्रसार और सभी तक पहुँच ही आदिवासियों को जीवन में समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अतिआवश्यक है। इसलिए मानव संसाधन विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधनों में एक है क्योंकि यह बच्चों के बुनियादी विचारों, आदतों और दृष्टिकोणों को अच्छी तरह से संतुलित व्यक्तियों के निर्माण की दृष्टि से ढालने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आदिवासियों के लिए नई तालीम की आवश्यकता को बहुत पहले से ही महसूस किया था और इसके लिए उन्होनें आजादी के बाद आश्रम शालाओं जैसी अवधाराणा को बढ़ावा दिया ताकि दूरदराज के पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिल सके।[9] शिक्षा किसी भी व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सामुदायिक जीवन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा सामाजिकरण की प्रक्रिया ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों को दूसरी पीढ़ियों तक पहुँचानें तथा विभिन्न समस्याओं का सर्वोत्तम हल ढूँढ़ने का भी सबसे अच्छा माध्यम है। इसी सन्दर्भ में सोनभद्र की गोंड़ जनजातियों में अधिकतम शैक्षिक स्थिति को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है।

**तालिका क्रमांक : 1**
**परिवार में उच्चतम शैक्षिक स्तर की स्थिति**

| क्र. | उच्चतम शैक्षिक स्थिति | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | अशिक्षित | 2 | 2.0 |
| 2. | प्राथमिक | 20 | 20.0 |
| 3. | माध्यमिक | 39 | 39.0 |
| 4. | हाईस्कूल | 15 | 15.0 |
| 5. | इण्टरमीडिएट | 11 | 11.0 |
| 6. | स्नातक | 13 | 13.0 |
| 7. | डिप्लोमा | 0 | 0.0 |
| | **योग** | 100 | 100.0 |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 1 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 2.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में लोग अशिक्षित है, 20.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में लोग अधिकतम शिक्षा प्राथमिक तक, 39.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में लोग अधिकतम शिक्षा माध्यमिक तक, 15.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में लोग अधिकतम शिक्षा हाईस्कूल तक, 11.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में लोग अधिकतम शिक्षा इण्टरमीडिएट तक, 13.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में लोग अधिकतम शिक्षा स्नातक तक प्राप्त किए है तथा डिप्लोमा करने वाला कोई भी सदस्य उत्तरदाताओं के परिवार में कोई नहीं है।

अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि अधिकांशत 39.0 प्रतिशत गोंड जनजाति के परिवार में लोग वर्तमान में अधिकतम शिक्षा माध्यमिक तक ही ग्रहण कर पाये है। हाईस्कूल, इण्टरमीटिएट और स्नातक तक शिक्षा प्राप्त करने वाले गोंड समुदाय में लोगों की संख्या अभी भी बहुत कम है। जहां एक तरफ विज्ञान चाद और मंगल ग्रह पर जीवन तलाश रहा है वहीं दूसरी तरफ स्वतंत्रता के लगभग 70 साल बाद भी जनजातीय समाज में शिक्षा की स्थिति बहुत दयनीय बनी हुई है। इसका कारण उनके स्थानीय निकायों में स्कूल, महाविद्यालयों का न होना। इनकी शिक्षा के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का अच्छे से लागू न होना तथा गरीबी आदि समस्याओं का मौजूद होना है।

### परिवार की कुल मासिक आय

वर्तमान समय में तकनीकी परिवर्तन से जनजातियों के समक्ष अस्तित्वगत चुनौती खड़ी हो चुकी है। आज उनका परम्परागत आजीविका का साधन छिन गया है। इससे सबसे बड़ी समस्या रोजगार की उत्पन्न हो गयी है।[10] विकास, विस्थापन, वनोन्मुलन व गरीबी जैसी अनेक समस्याओं ने जनजातीय समाज के सामने विषम परिस्थिति को खड़ा कर दिया है। यद्यपि परिवार की आर्थिक स्थिति न केवल परिवार के सामाजिक स्तर, आर्थिक क्षमता तथा राजनैतिक स्तर के निर्धारण में सहायक होता है बल्कि इसके आधार पर परिवार में व्यक्ति स्वास्थ्य, शिक्षा, दो जून की रोटी जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम होता है।

**तालिका क्रमांक : 2**

**उत्तरदाताओं के परिवार की कुल मासिक आय**

| क्रं. | परिवार की कुल आय | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | 1000–5000 | 28 | 28.0 |
| 2. | 6000–10000 | 33 | 33.0 |
| 3. | 11000–15000 | 32 | 32.0 |
| 4. | 16000–20000 | 5 | 5.0 |
| 5. | 21000 या अधिक | 2 | 2.0 |
| | **योग** | 100 | 100.0 |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 2 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 28.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार की कुल आय 1000–5000 रूपये के मध्य है, 33.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार की कुल आय 6000–10000 रूपये के मध्य है, 32.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार की कुल आय 11000–15000 रूपये के मध्य है, 5.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार की कुल आय 16000–20000 रूपये के मध्य है तथा 2.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार की कुल आय 21000 या इससे अधिक है।

अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सोनभद्र के अधिकांशतः 33.0 प्रतिशत तथा 32.0 प्रतिशत गोंड़ समुदाय ऐसे है जिनके परिवार की कुल मासिक आय क्रमशः 6000–10,000 रूपये तथा 11,000–15,000 के मध्य है तथा शेष ऐसे बहुत कम उत्तरदाता है जिनके परिवार की कुल मासिक आय 1000–5000 रूपये के मध्य, 16000–20000 रूपये के मध्य या 21000 या इससे अधिक की है। इससें यह प्रतित होता है कि इस मंहगाई के दौर में एक गोंड समुदाय के व्यक्ति को अपना परिवार का भरण–पोषण करना कितना कठिन होता होगा। क्योंकि सोनभद्र के गोंड आदिवासी में आज भी संयुक्त परिवार विद्यमान है और परिवार में सदस्यों की संख्या लगभग 6 से 7 लोग होते है। इतने कम आय में परिवार के सदस्यों का शिक्षा, स्वास्थ्य और दो वक्त का आजीविका उपलब्ध करा पाना अपने आप में एक चुनौतिपूर्ण कार्य है।

**आय के साधन**

हमारा व्यवसाय हमारे जीवन की दिनचर्या को काफी हद तक प्रभावित करता है। हमारा सामाजिक आदान–प्रदान और जीवन शैली भी इससे प्रभावित होती है। इसलिए व्यवसाय, समाज में हमारी प्रस्थिति का एक महत्वपूर्ण घटक होता है तथा साथ ही यह हमारी आर्थिक क्षमता को भी निर्धारित करता है। आर्थिक स्थिति के आधार पर ही हमारी क्रय व उपभोग शक्ति निर्भर करती है। हमारा व्यवसाय हमारे व्यवहार के स्वरूप तथा अन्तः क्रिया के प्रतिमानों को भी प्रभावित करता है। एक ओर जहाँ हमारी व्यवसायिक स्थिति तथा आर्थिक क्षमता प्रत्यक्ष रूप से हमारे जीवन शैली एवं स्तर को निर्धारित करती है, वहीं दूसरी ओर यह विभिन्न व्यवसायों की प्रकृति और कार्य की दशाओं को भी प्रभावित करती है।

**तालिका क्रमांक : 3**

उत्तरदाताओं के आय के साधन

| क्र. | काम करने का स्वरूप | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | कृषि एवं पशुपालन | 26 | 26.0 |
| 2. | मजदूरी | 2 | 2.0 |
| 3. | कृषि, पशुपालन एवं मजदूरी | 55 | 55.0 |
| 4. | व्यवसाय | 8 | 8.0 |
| 5. | प्रा. नौकरी | 3 | 3.0 |
| 6. | स. नौकरी | 1 | 1.0 |
| 7. | अन्य | 5 | 5.0 |
| | **योग** | **100** | **100.0** |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 3 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 26.0 प्रतिशत गोंड उत्तरदाता कृषि एवं पशुपालन करते है, 2.0 प्रतिशत मजदूरी करते है, 55.0 प्रतिशत कृषि, पशुपालन एवं मजदूरी तीनों काम करते है, 8.0 प्रतिशत व्यवसाय करते हैं, 3.0 प्रतिशत प्राइवेट नौकरी करते है, 1.0 प्रतिशत सरकारी नौकरी करते है तथा 5.0 प्रतिशत गोंड उत्तरदाता अन्य (ठेला चलाते है या डाइवर का काम) काम करते है।

अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सर्वाधिक 55.0 प्रतिशत गोंड उत्तरदाताओं के यहां जीवन–यापन के लिए कृषि, पशुपालन एवं मजदूरी तीनों कार्य किया जाता है तथा इसके बाद अधिकांश 26.0 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे है जो जीवन यापन करने के लिए सिर्फ कृषि एवं पशुपालन करते है। ऐसे बहुत कम उत्तरदाता है जो प्राइवेट नौकरी, सरकारी नौकरी, व्यवसाय तथा अन्य काम करते है। यहां अन्य काम का तात्पर्य ठेला चलाना, सिलाई का काम, ड्राइवर आदि का काम करने से है। इससे तो यही प्रतीत होता है कि सोनभद्र क्षेत्र के गोंड जनजाति के सामने व्यवसाय या काम से सम्बन्धित समस्याएं मौजूद है। समकालीन समय में भी उन्हें वह काम करना पड़ रहा है जिससे वह आज भी अपने परिवार का दैनिक जीविकोपार्जन भी ठकि से नहीं कर सकते है।

**तालिका क्रमांक : 4**

उत्तरदाताओं को वर्ष में कार्य मिलने की उपलब्ता

| क्र. | वर्ष में हर समय काम मिलने की उपलब्ता | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 15 | 15.0 |
| 2. | नहीं | 63 | 63.0 |
| 3. | काम नहीं करते है | 22 | 22.0 |
| | **योग** | **100** | **100.0** |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 4 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं को वर्ष में हर समय काम मिल जाता है, 63.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को वर्ष में हर समय काम नहीं मिलता है तथा 22.0 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे है जो किसी कारण से काम नहीं करते हैं।

अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सर्वाधिक 68.3 प्रतिशत सोनभद्र के गोंड आदिवासी समाज के लोगों के सामने रोजगार या काम की उपलब्धता की कमी रहती है जिससें उन्हें साल में हर समय काम नहीं मिलता है। बहुत ही कम उत्तरदाताओं को वर्ष में हर समय काम मिलता है तथा शेष उत्तरदाता ऐसे है जो काम नहीं करते है। जिनको काम नहीं मिलता है उनसे साक्षात्कार के दौरान ज्ञात हुआ कि यह कोई निर्धारित नहीं है कि कब काम मिलेगा और कब नहीं मिलेगा। मनरेगा का काम कभी बरसात के मौसम में भी मिल जाता है और कभी ठण्डी के मौसम में भी मिल जाता है। गांव में किसी के यहां मकान बन रहा होता है तो वहां कुछ समय के लिए काम मिल जाता है। जिनको साल में हर समय काम मिल जाता है उनमें ऐसे उत्तरदाता है जो स्वयं का व्यवसाय करते है या दुकान चलाते है या ठेला चलाने का काम करते है। जिनको साल में हर समय काम नहीं मिलता है, उनसे पूछने पर कि जब आपको काम मिलता है तब आप कौन सा काम करते है तो ज्ञात हुआ कि सर्वाधिक गोंड जनजाति के लोग ऐसे है जो मजदूरी करते है। जिसमें मनरेगा में मजदूरी करना, ठेला चलाना एवं दूसरे का मकान बन रहा हो वहां मिस्त्री का काम करना या सिर्फ मजदूरी करना आदि शामिल है। उपरोक्त आकड़ों से यही प्रतित होता है कि सोनभद्र के गोंड समुदाय के सामने काम या रोजगार नहीं मिलने की समस्या है जिससे वहां के स्थानीय लोग रोजगार की तलाश में शहरों के तरफ जाने के लिए मजबूर होते है।

**तालिका क्रमांक : 5**

उत्तरदाताओं को काम से होने वाली दैनिक आय

| क्र. | दैनिक आय (रू. में) | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | लगभग 50 | 3 | 3.0 |
| 2. | 100 | 10 | 10.0 |
| 3. | 200 | 54 | 54.0 |
| 4. | 300 | 8 | 8.0 |
| 5. | 400 | 2 | 2.0 |
| 6. | 500 तक या उससे अधिक | 1 | 1.0 |
| 7. | कोई आय नहीं | 22 | 22.0 |
| | **योग** | **100** | **100.0** |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 5 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 3 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम से 50 रूपये, 10.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम से लगभग 100 रूपये, 54.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम से लगभग 200 रूपये, 8.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम

से लगभग 300 रूपये, 2.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम से 400 रूपये, 1.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम से 500 रूपये प्रतिदिन या उससे अधिक के हिसाब से आय होती है तथा 22.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं को काम नहीं मिलने या काम नहीं कर पाने की वजह से कोई आय नहीं होती है। अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सोनभद्र के गोंड जनजाति के सर्वाधिक 54.0 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे है जिनको काम से 200 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से आय होती है। उसके बाद कुछ उत्तरदाता ऐसे है जिनकी आय 300 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से होती है तथा शेष ऐसे बहुत ही कम उत्तरदाता है जिनकी आय 100 रूपए, 400 रूपए या 500 रूपए तक होती है। इस प्रकार से देखा जाय सोनभद्र के गोंड़ समुदाय के पास काम की अनुपलब्धता का प्रभाव उनके दैनिक आय पर भी पड़ रहा है। काम नहीं होने की वजह से सोनभद्र के आदिवासी समाज कम रूपये में भी लोगों के यहां काम करने के लिए मजबूर है।

**तालिका क्रमांक : 6**

उत्तरदाताओं के पास मकान की स्थिति

| क्र. | प्रतिक्रिया | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 94 | 94.0 |
| 2. | नहीं | 6 | 6.0 |
| | **योग** | **100** | **100.0** |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 6 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 94.0 प्रतिशत गोंड़ उत्तरदाताओं के पास मकान है तथा 6.0 प्रतिशत गोंड उत्तरदाताओं के पास मकान नहीं है। अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि लगभग सभी 94.0 प्रतिशत गोंड़ उत्तरदाताओं के पास मकान है जिसमें परिवार के सदस्य रह सके। बहुत ही कम उत्तरदाता ऐसे है जिनके पास अपना मकान नहीं है। अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि लगभग सभी उत्तरदाताओं का मकान अभी भी कच्चा है अर्थात मिट्टी का ही बना हुआ है।

**मकान का स्वरूप**

मानव जीवन की तीन प्रमुख आवश्यकता है– भोजन, वस्त्र और निवास। व्यक्ति कहाँ रहता है, उसके चारों तरफ का वातावरण कैसा है? उसका मकान कितना खुला व कितना हवादार है, प्रकृति उसके कितने निकट है, आदि बातों का प्रभाव उसके जीवन पर अवश्य पड़ता है। इसलिए हर किसी की इच्छा अवश्य रहती है कि वह ऐसे मकानों में रहे जो उसके परिवारों के सदस्यों की आवश्यकता के अनुरूप हो।

लेकिन ग्रामीण समाज की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मकानों की स्थिति अत्यन्त दयनीय और सोचनीय होती है। अवलोकन के आधार पर ज्ञात हुआ कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सोनभद्र के अधिकांश गोंड़ जनजातीय परिवारों के मकान कच्चे व झोपड़ी के हैं। शहर से दूर जंगलों एवं पहाड़ों पर निवास करने वाले गोंड जनजातियों ने अपना मकान स्वयं ही बाँस, घांस–भूसा व लकड़ी से बनाए हैं। गोंड समुदाय के लोगों ने दीवार को मिट्टी से खड़ा किया है और छज्जे के लिए लकड़ी, मिट्टी और खपरैल का इस्तेमाल किया है। घर सुन्दर दिखे इसके

लिए वे मिट्टी के लेप से ही घर की चारों तरफ की दीवारों की पुताई करते है और दीवारों पर विभिन्न प्रकार की कलाकृतियाँ बनाते हैं। वर्तमान सन्दर्भ में देखा जाए तो देश के हर नागरीक के पास अपना मकान हो और वह सम्मान पूर्वक उसमें अपना जीवन व्यतीत कर सके इसके लिए केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों द्वारा निरंतर प्रयास किया जाता रहा है और इसके लिए इंदिरा आवास योजना अब इसका नाम रूपांतरित करके प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण कर दिया गया है को सरकार द्वारा लाया जाता रहा है लेकिन इन योजनाओं का वाछिंत लाभ सोनभद्र के गोंड आदिवासी समाज को नहीं मिल पाया है, शायद यही कारण है कि आज भी उनके घर मिट्टी और घास–फुस से बने हुए है।

**तालिका क्रमांक : 7**

उत्तरदाताओं के पास कृषि योग्य भूमि

| क्र. | कृषि योग्य भूमि का आकार (बीघा में) | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 या उससें कम | 8 | 8.0 |
| 2. | 2 | 21 | 21.0 |
| 3. | 3 | 18 | 18.0 |
| 4. | 4 | 50 | 50.0 |
| 5. | 5 या उससे अधिक | 2 | 2.0 |
| 6. | भूमि नहीं है | 1 | 1.0 |
| | **योग** | **100** | **100.0** |

**स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 7 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 8.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कृषि योग्य भूमि लगभग एक बीघा, 21.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कृषि योग्य भूमि लगभग दो बीघा, 18.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कृषि योग्य भूमि लगभग तीन बीघा, 50.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कृषि योग्य भूमि लगभग चार बीघा तथा 2.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कृषि योग्य भूमि पाँच बीघा या उससे अधिक है।

अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सोनभद्र के अधिकांशतः 50.0 प्रतिशत गोंड जनजाति परिवार ऐसे है जिनके पास लगभग चार बीघा कृषि योग्य भूमि है। ऐसे उत्तरदाताओं की संख्या लगभग समान (21.0 और 18.0 प्रतिशत) है जिनके पास कृषि योग्य भूमि दो और तीन बीघा के आस–पास है तथा शेष ऐसे उत्तरदाता बहुत कम है जिनके पास कृषि योग्य भूमि पाँच बीघा के आस–पास है। अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि सोनभद्र के गोंड समुदाय के पास भूमि तो है लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होन के कारण भूमि समतल नहीं है और जिनके पास थोड़ा बहुत समतल भूमि है भी वह पानी की उपलब्धता नहीं होनें के कारण कृषि नहीं कर पाते है।

**तालिका क्रमांक : 8**

कृषि कार्य करने का समय (वर्ष में)

| क्र. | कृषि कार्य का समय | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | जून–जुलाई | 53 | 53.5 |
| 2. | अक्टूबर– नवंबर | 0 | 0.0 |
| 3. | दोनो मौसम | 46 | 46.5 |
| | **योग** | **99** | **100.0** |

***टिप्पणीः*** *उपरोक्त तालिका 99 उत्तरदाताओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है क्योंकि 1 उत्तरदाता के पास भूमि नहीं है, (तालिका क्रमांक : 7 के अनुसार)।*

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 8 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 53.5 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे है जो सिर्फ जून–जुलाई के समय में कृषि करते है, 46.5 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे है जो दोनों सीजन में कृषि करते है तथा सिर्फ अक्टूबर–नवम्बर सीजन में कृषि करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या शुन्य है। अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि लगभग आधे उत्तरदाता परिवार ऐसे है जो सिर्फ जून–जुलाई सीजन में कृषि करते है एवं लगभग आधा उत्तरदाता ऐसे है जो दोनों सीजन में कृषि करते है तथा शेष ऐसे बहुत कम लोग है जो सिर्फ अक्टूबर–नवम्बर सीजन में कृषि करते है। जो उत्तरदाता सिर्फ जून–जुलाई सीजन में खेती करते है उनसे साक्षात्कार के दौरान यह ज्ञात हुआ कि उनके यहां पानी की समस्या है और उनका खेत पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण भूमि समतल नहीं है जिससे पानी रूकता नहीं है इसलिए सिर्फ वे बरसात के दिन में ही खेती करते है। सिर्फ वहीं उत्तरदाता दोनों सीजन में खेती करते है जिनके यहां जमीन समतल है और पानी की व्यवस्था है या उनके खेत के नजदीक में नदीं है। सोनभद्र क्षेत्र का जल स्तर बहुत नीचे चला गया है जिससें वहां के आदिवासियों को पानी पीने की समस्या के साथ–साथ उनके कृषि भी प्रभावित होती है।

**खेती या कृषि करने के साधन**

वर्तमान समय में देखा जाए तो कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार के यंत्रों का विकास हुआ है जो कुछ ही समय में एक बड़े क्षेत्र को बहुत असानी से जोत सकता है। जिसके लिए पहले फावड़ा और बैलों की सहायता ली जाती थी और कृषि के ऊपज को भी कई लोग एक साथ मिलकर हाथ से ही कटाई करते थे जिसमें बहुत समय लगता था, उसमें समय के साथ परिवर्तन हुआ है और आज ये काम भी कुछ ही समय में आधुनिक यंत्रों या मशिनों से हो जाता है। लेकिन इस प्रकार के यंत्रों का इस्तेमाल समाज के कुछ सम्पन्न लोग ही कर पाते है क्योंकि इसमें अत्यधिक खर्चा होता है जो आदिवासी समाज के पहुँच से बहुत ऊपर है।

तालिका क्रमांक : 9

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले पारंपरिक/आधुनिक कृषि के साधन

| क्र. | कृषि कार्य के साधन | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | फावड़ा | 3 | 3.03 |
| 2. | फावड़ा और बैल | 73 | 73.8 |
| 3. | ट्रैक्टर | 23 | 23.2 |
| | **योग** | **99** | **100.0** |

**टिप्पणीः** उपरोक्त तालिका 99 उत्तरदाताओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है क्योंकि 1 उत्तरदाता के पास भूमि नहीं है, (तालिका क्रमांक : 7 के अनुसार)।

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 9 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि खेती करने के लिए 3.03 प्रतिशत उत्तरदाता सिर्फ फावड़ा का, 73.8 प्रतिशत उत्तरदाता फावड़ा और बैल दोनों का तथा 23.2 प्रतिशत उत्तरदाता ट्रैक्टर का इस्तेमाल करते हैं। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सोनभद्र के सर्वाधिक गोंड समुदाय के लोग खेती या कृषि करने के लिए फावड़ा और बैल का इस्तेमाल ज्यादा करते है। कुछ ही उत्तरदाता ऐसे है जो कृषि करने के लिए ट्रैक्टर का इस्तेमाल करते है क्योंकि सोनभद्र क्षेत्र में आदिवासी समाज में इतना ज्यादा कोई सक्षम नहीं है जो खेती के लिए ट्रैक्टर का इस्तेमाल कर सके। ऐसे उत्तरदाता बहुत ही कम है जो या तो सिर्फ फावड़ा से खेती करते है या तो सिर्फ बैल से खेती करते है।

### परिवहन के साधन

इस आधुनिकता के दौर में एक शहर से दूसरे शहर में जाने के लिए बहुत सारे परिवहन के ऐसे साधनों का विकास हुआ है जो कुछ ही समय में मानव को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में बहुत ही आसानी से कम समय में ले जा सकती है। परिवहन के विकास से किसी भी क्षेत्र का तेजी से विकास होता है क्योंकि कोई भी व्यक्ति आसानी से कही भी आ जा सकता है और अपने किसी व्यवसाय को आसानी से कर सकता है। लेकिन अफसोस कि जहां एक तरफ शहरों के जोड़नें के लिए राजमार्गो का विकास हुआ है वहीं आदिवासी क्षेत्र तक सामान्य सड़को का भी निर्माण नहीं किया गया है। जिससें उन्हें अपने ही स्थानीय क्षेत्रों में भी आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र अध्ययन के दौरान यह ज्ञात हुआ कि सोनभद्र के अधिकांश ग्रामीणों क्षेत्रों में पक्की सड़क का निर्माण नही हुआ है।[11] जनजातीय स्वास्थ्य की अधिकांश उपेक्षा का कारण, गाँव या जनजातीय आबादी के स्तर पर उपलब्ध सटीक जानकारी की कमी को माना जा सकता है। यह बदले में जनजातीय विशिष्ट स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति स्थानीय स्वास्थ्य प्रणालियों की समझ और प्रतिक्रिया की कमी की ओर ले जाता है।[12]

**तालिका क्रमांक : 11**

उत्तरदाताओं या उनके परिवार द्वारा अस्वस्थता के दौरान उपयोग में लाये जाने वाले इलाज का विवरण

| क्र. | अस्वस्थ होने की स्थिति में इलाज के लिए किए गए प्रयाय | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | झाड़ फूक | 12 | 12.0 |
| 2. | प्राकृतिक चिकित्सा | 3 | 3.0 |
| 3. | सरकारी अस्पताल | 15 | 15.0 |
| 4. | निजी अस्पताल | 8 | 8.0 |
| 5. | झोला छाप डाक्टर | 53 | 53.0 |
| 6 | अन्य | 9 | 9.0 |
| | योग | 100 | 100.0 |

***स्रोत**–क्षेत्र कार्य से प्राप्त प्राथमिक तथ्यों पर आधारित*

उपर्युक्त तालिका क्रमांक : 11 से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि 12.0 प्रतिशत उत्तरदाता स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के अस्वस्थ होने की स्थिति में झाड़ फूक करते है, 3.0 प्रतिशत उत्तरदाता प्राकृतिक चिकित्सा का सहारा लेते है, 15.0 प्रतिशत उत्तरदाता सरकारी अस्पताल जाते है, 8.0 प्रतिशत उत्तरदाता प्राइवेट अस्पताल जाते है, 53.0 प्रतिशत उत्तरदाता झोला छाप डाक्टर के पास जाते है तथा 9.0 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य का सहारा लेते है। यहां अन्य का तात्पर्य पहले उत्तरदाता झाड़ फूक या प्राकृतिक चिकित्सा का सहारा लेते है और जब ठीक नहीं होते है तब झोला छाप डाक्टर के पास जाते है या सरकारी अस्पताल जाते है। उपरोक्त तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सोनभद्र की अधिकांश गोंड़ जनजातियां अपना या अपने परिवार के किसी सदस्य का अस्वस्थ होने की स्थिति में ऐसे व्यक्ति की सहायता लेते है जिसको वहां स्थानीय स्तर पर झोला छाप डाक्टर के नाम से जाना जाता है। इसके बाद सिर्फ प्राकृतिक चिकित्सा या सरकारी अस्पताल या अन्य की सहायता लेने वाले उत्तरदाताओं की संख्या लगभग समान है। यहां अन्य से तात्पर्य यह है कि गोंड़ जनजाति के लोग अपना या अपने परिवार के किसी व्यक्ति के अस्वस्थ होने की स्थिति में सबसे पहले प्राकृतिक चिकित्सा करते है और उससें ठीक नहीं हुआ मरीज तो उसके बाद झाड़ फूंक किया जाता है और यदि स्वस्थ हो गए तो ठीक नहीं तो फिर उसके बाद झोला छाप डाक्टर या सरकारी अस्पताल जाते है। प्राइवेट अस्पताल जाने वाले उत्तरदाताओं की संख्या बहुत ही कम है क्योंकि सोनभद्र के गोंड़ जनजाति के लोग बहुत गरीब है और उनके नजदीक में कोई इस प्रकार का अस्पताल भी नहीं होता है इसलिए वहां उनके लिए इलाज करा पाना बहुत मुश्किल है।

## निष्कर्ष

किसी भी समाज के बदलाव को समझने के लिए समाजशास्त्रीयों ने कुछ मानक तय कर रखे हैं। जैसे जनसंख्या की स्थिति, गरीबी का स्तर, आर्थिक विकास, कृषिगत विकास, भूमि सुधार, शिक्षा उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की अपूर्ति, संर्पक के साधन, आवासीय व्यवस्था इत्यादी।[13] प्रस्तुत शोध पत्र के अन्तर्गत चयनित जनजातीय परिवारों में से परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य से सम्पर्क किया गया है। जिससे हमें गोंड जनजातीय समाज से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके। उत्तरदाताओं से मिली जानकारी से यह स्पष्ट है कि गोंड जनजातिय समाज में अधिकतम परिवारों में सदस्य उच्चतम शिक्षा, माध्यमिक तक ही ग्रहण कर पाते क्योंकि उनके क्षेत्र में नजदीक में कोई विद्यालय नहीं है तथा यदि कोई निजी विद्यालय है भी तो वहां का शुल्क इतना महंगा है कि ये लोग वहन कर पाने में सक्षम नहीं है इसलिए ज्यादातर लोग माध्यमिक से आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। अधिकतर उत्तरदाताओं के परिवार का कुल मासिक आय 11000 से 15000 हजार के बीच है। ऐसा इसलिए है क्योंकि गांव में कोई काम नहीं मिलता है। परिवार के एक या दो सदस्य गांव से बाहर शहर या अन्य किसी जगह पर काम करते है तो उससे कुछ आय हो जाती है। सर्वाधिक उत्तरदाताओं के यहां जीविकोपार्जन के लिए कृषि एवं मजदूरी किया जाता है। वर्ष में हर समय इनकों काम उपलब्ध नहीं होता है और इसका भी कोई निश्चित नहीं होता है कि यदि काम मिलेगा तो वर्ष के किस महीने में मिलेगा। लगभग सभी उत्तरदाताओं के यहां कृषि योग्य भूमि है लेकिन हर समय ये लोग खेती नहीं कर पाते है क्योंकि उनके यहां सिचाई के लिए पानी की समस्या है और बहुत से उत्तरदाताओं की भूमि समतल भी नहीं है। खेती करने के लिए सर्वाधिक लोग फावड़ा और हल–बैल का ही इस्तेमाल करते है क्योंकि ट्रैक्टर से खेतों की जुताई करवाने में वे सक्षम नहीं है। ज्यादातर लोग आवा–गमन के लिए पैदल जाते है या साईकिल का इस्तेमाल करते है। बहुत कम लोग है जो टेम्पू, जीप या बस का इस्तेमाल करते है। परिवार में किसी सदस्य के अस्वस्थ होने के स्थिति में अधिकतर उत्तरदाता आज भी झाड़–फूक या प्राकृतिक चिकित्सा का सहारा लेते है। जब इससे वे ठीक नहीं हो पाते है तब वे गांव में झोला छाप डाक्टर के नाम से पहचाने जाने वाले व्यक्ति से इलाज कराते है या दवा लेते है। सरकारी अस्पताल नजदीक में नहीं है और प्राइवेट अस्पताल में पैसा ज्यादा लगता है इसलिए वहां नहीं जाते है। इसलिए यह साफ है कि अनुसूचित जनजाति के स्वास्थ्य के बेहतर बनाने की पहली शर्त यही है कि आर्थिक विकास से जोड़ने के लिए बेहद संवेदनशील रवैया अपनाना होगा। उपरोक्त अवलोकन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सोनभद्र क्षेत्र के गोंड जनजातियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में स्वतंत्रता के लगभग सात दशक भी किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है और आज भी वे गरीबी में अपना जीवन यापन करने के लिए मजबूर है तथा उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति आज भी बहुत दयनीय है।

❐

*सन्दर्भ –*

1. कोरेति, डॉ. शामराव, (2022). गोंड़ समुदाय की समृद्ध विरासत, योजना, एस. एस. एन.–0971–8397, वर्ष 66, अंक 07, जुलाई, पृष्ठ क्रमांक 35–37।
2. एलविन, वेरियर, (2007). एक गोंड़ गांव में जीवन, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. मधुकर, झारखण्ड की जनजातियां, (2014). योजना, आई.एस.एस. एन.–0971–8397, वर्ष 58, अंक 01, जनवरी।
4. *Singh, Awadhesh Kumar, (2008). Tribal Development in India, Serials Publication, New Delhi.*
5. कोरेति, डॉ. शामराव, (2022). गोंड़ समुदाय की समृद्ध विरासत, योजना, एस. एस. एन.–0971–8397, वर्ष 66, अंक 07, जुलाई।
6. *Kulkarani, S., (1994). Tribal Communities in India: Today and Tomorrow, Tribal Research Bulletin, vol.6, no.1.*
7. दुबे, श्यामाचरण, (1966). समय और संस्कृति, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. रावत, हरिकृष्ण, (2013). सामाजिक शोध की विधियां, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली और जयपुर, पृष्ठ क्रमांक–139.
9. पांडेय, जे.पी., (2022)ण जनजातीय शिक्षा के बढ़ते कदम, कुरूक्षेत्र, आई.एस. एस.एन.–0971–8451, वर्ष 68, अंक 10, सितम्बर, पृष्ठ क्रमांक–17।
10. श्रीवास्त्व, डॉ. सुखपाल, (2010). जनजातीय विकास की चुनौतियां, कुरूक्षेत्र, आई.एस.एस.एन.–0971–8451, वर्ष 57, अंक 1, नवम्बर, पृष्ठ क्रमांक–4।
11. मौर्या, नूतन, (2014). विकास की अवधारणा और जनजातियों का स्वास्थ्य, योजना, आई.एस.एस.एन.–0971–8397, वर्ष 58, अंक 1, जनवरी, पृष्ठ क्रमांक–38।
12. सुदर्शन, डॉ. एच एवं शेषाद्री, डॉ. तान्या (2022) जनजातियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएँ, योजना, जुलाई, आई.एस.एस.एन. –0971–8397, वर्ष 66, अंक 07, पृष्ठ क्रमांक–11–12।
13. सिंह, आशुतोष कुमार, (2015). बदलते गांव, उभरता भारत, कुरूक्षेत्र, आई. एस0 एस.एन.–0971–8451, वर्ष 62, अंक 02, दिसम्बर, पृठ क्रमांक–7।

*पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 65–70*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# शहरी आवासविहीन महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति और घरेलू हिंसा का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**सरोज नैनीवाल**
सह–आचार्य, राजकीय महाविद्यालय, गुढ़ा
शोधार्थी–समाजशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
**डॉ.मोनिका राव**
सहायक आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**सारांश**

*आवासविहीन होना शहरी निर्धनता और सामाजिक भेघता के सबसे खराब रूपों मे से एक है। यह ऐसी स्थिति है जो मानव के समस्त विकास को बाधित करती है और मानव के सबसे बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लधंन करती है। आवासविहीन पुरूषों की तुलना में महिलाओं को अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वे गंभीर दुर्व्यवहार, शोषण का शिकार होती है।*

*आवासविहीन स्थिति में रहने से इनमे शिक्षा का अभाव, नियमित रोजगार का अभाव और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण घरेलु हिंसा का सामना करना पड़ता है जो इनके स्वास्थ्य एवं कल्याण पर गंभीर प्रभाव डालता है।*

**मुख्य शब्द**– आवासविहीन, निर्धनता, सामाजिक भेधता, मानवाधिकार, घरेलू हिंसा, शोषण

आवासविहीनता वर्तमान विश्व की ज्वलंत समस्याओं मे से एक प्रमुख समस्या है। *हेबिटेट फॉर हयूमेनिटी* के अनुसार 2017 में विश्व में 1.6 बिलियन व्यक्ति अप्रर्याप्त आवास में निवास करते है। आवासविहीन व्यक्ति वे लोग है जो इमारतो या जनगणना घरों में नही रहते वरन सड़क किनारें फुटपाथ पर, फलाईओवर और सीढ़ियों के नीचे, पूजा स्थलों, मंडप, रेलवे प्लेटफार्म, बस स्टेण्ड, पार्को या सावर्जनिक स्थानों पर रहते है।

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार 1.77 मिलियन व्यक्ति आवासविहीन है।[1] जिनमें एकल पुरूष, महिलाएं, माताये, बुजुर्ग और विकलांग शामिल है और राजस्थान में 181544 बिना किसी छत के सहारे रहते है जिनमें से 83099 महिलाये है। हालांकि ये आकडें आवासविहीनों की वास्तविक संख्या को कम आंकते है। आवासविहीन व्यक्तियों की संख्या उपलब्ध आंकडों से कई गुणा ज्यादा है।[2] और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इन आवासविहीन व्यक्तियों में भी महिलायें सबसे प्रभावित समूहों में से एक है। ये सबसे अधिक

हाशिये पर, उपेक्षित व भेदभाव का शिकार है। फुटपाथों सार्वजनिक स्थानों पर रहने वाली इन महिलाओं की स्थिति बेहद चिन्ताजनक है। सामाजिक असुरक्षा मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न इनके लिये हर दिन चिन्ता का विषय बने रहते है। ये महिलाये गरीबी, बेरोजगारी, विवाह बेसहारा हो जाना, पारिवारिक विघटन और किराये पर घर लेकर रहने की सामर्थ्य का अभाव के कारण आवासविहीन स्थिति में रहने हेतु मजबूर है।

ऐसी स्थिति में रहने के कारण इनमें शिक्षा का अभाव, निम्न आर्थिक स्थिति, नियमित रोजगार की कमी और अपने अधिकारों के प्रति अज्ञानता के कारण इन्हे धरेलु हिंसा का सामना भी करना पड़ता है। घरेलू हिंसा दुनियाभर में पारिवारिक हिंसा का सबसे आम रूप है। जिसकी शिकार ज्यादातर महिलायें है। घरेलू हिसा के कारण अधिकतर महिलाएं आवासविहीन होती है।[3] आवासविहीनता और घरेलू हिंसा परस्पर संबंधित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि तीन में से एक महिला अपने जीवन में किसी ना किसी समय घरेलु हिंसा का शिकार होती है।

अधिकांश महिलाये अपने परिवारजनों, पति, ससुरालवालों की प्रताडना और अत्याचार के कारण घर छोडकर आवासविहीन स्थिति में रहने को बाध्य हो जाती है। सार्वजनिक स्थानों सड़कों एंव खुले में रहने के कारण इनकी परेशानिया बढ़ जाती है इन्हे अपने बचाव के साथ–साथ अपने बच्चों को बाल तस्करी, बालश्रम जैसी सामाजिक बुराइयों से भी बचाना होता है।[4] आवश्यक सेवाओं और जन सुविधाओं का अभाव आवासविहीन महिलाओं की दैनिक जिन्दगी की एक बड़ी समस्या है।

## पूर्व शोध साहित्य

माघवी श्री के शोध आलेख *अकेली महिलाओं को चाहिये (आवास की गारंटी)* में अकेली महिलाओं की आवास समस्या को लेकर सरकार की विभिन्न नीतियों और चर्चा का विश्लेषण किया है।[5] इस आलेख अनुसार अविवाहित, तलाकशुदा, अकेले रहने वाली महिला को जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की असुरक्षा व समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। जिसमें आवास एक प्रमुख समस्या है। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, निजी संस्थाये, गैर सरकारी संगठनों तथा समाज जागरूक व संवेदनशील होकर एक साथ कार्य करने पर ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

अरविंद कुमार सिंह ने (*अवसंरचना विकास से सशक्त बनता ग्रामीण भारत*) में वित्तीय वर्ष 2021–2022 के बजट पर चर्चा करते हुये आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आवास निर्माण को महत्वपूर्ण बताया है।[6] आवास से महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है। वे सशक्त होती है। प्रधानमंत्री आवास योजना महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करती है।

हाउसिंग एवं लैड राइट्स नेटवर्क के लिये काम करने वाली शिवानी चौधरी के अनुसार आवासविहीन महिलाओं कि स्थिति इसीलिए बदतर है क्योकि उन्हे सड़कों पर कई बार बेइज्जत किया जाता हे।[7] कई महिलाये यौन शोषण हिंसा, तस्करी आदि की शिकार होती हे। महिलाये आवासविहीन होने से सबसे अधिक प्रभावित समूहों में से एक है।

भारत में 5 राज्यों दिल्ली, असम, कर्नाटक, मेघालय और तमिलनाडू के शेल्टर होम्स में रहने वाली महिलाओं पर सर्वाइवर स्पीक कॉल एक्शन फ्राम फाइव स्टेट्स द्वारा कीए गए

अध्ययन के अनुसार अधिकतर महिलाये शादी से जुडी हिंसा के कारण आवासविहीन हुई तथा वर्तमान में शेल्टर होम में रह रही है। इन महिलाओं ने यौन शोषण, बुढापा, देह व्यापर और अन्य प्रकार की शारीरिक और मानसिक यातनाओं के कारण घर छोड दिया।

ऐविड एस्नो और लियोन एंडरसन ने अपने अध्ययन 'डाउन ऑन देयर लकः ए स्टडी ऑफ होमलेस स्टीट पीपल' में पाया कि आवासविहीन व्यक्तियों एंव उनकी परिस्थितियों मे अंतर होता है। आवासविहीन होने के लिये कई कारक उतरदायी होते है। जिनमें प्रमुंख ग्रह कलेश और प्राकृतिक आपदाये है।

जूलिया वधोग लिखित पुस्तक 'द अनअकोमोडेटेड वुमनः होम, होमलेस केस एन्ड आइडेटिटीके अनुसार समाज बहिष्कृत महिलाओं को समायोजित नही करता है। घरेलू दुर्व्यवहार, पति द्वारा प्रतिदिन मारपीट, पति द्वारा छोड देने, और उत्पीड़न करने के कारण महिलाये आवासविहीन होकर सड़क पर रहने के लिये बाध्य होती है।

दिल्ली में आवासविहीन महिलाओं और लड़कियों की दुर्दशा को प्रकाश मे लाने हेतु 2013 में एक जनसुनवाई का आयोजन 'शहरी अधिकार मंचः बेधरों के साथ' किया गया।[8] इस जनसुनवाई में कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली में रहने वाली शारदा शर्मा ने बताया कि वह अपने झगडालू पति से तंग आकर अपनी तीन महीने की बेटी के साथ दिल्ली आकर रहने लगी और अपना वैवाहिक जीवन समाप्त कर लिया। आवासविहीन स्थिति में फुटपाथ, बस स्टाप और अन्य खुले स्थानों पर रहने के कारण असामाजिक तत्वों के लिये इन्हें नुकसान पहुंचाना सरल हो जाता है।

**उद्देश्य**– यह शोध आलेख अध्ययन के मुख्यतः दो उद्देश्यों से सम्बधित जानकारी के आधार पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

1 जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में आवासविहीन स्थिति में रहने वाली महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

2 घरेलू हिंसा के सम्बन्ध में आवासविहीन महिलाओं के बोध स्तर का अध्ययन करना

**अध्ययन विधि**

प्रस्तुत अध्ययन में तथ्य संकलन हेतु प्राथमिक तथा द्वितीयक स्रोतों का प्रयोग किया गया है। जयपुर शहर के सांगानेर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आवासविहीन स्थिति में रहने वाली 40 महिलाओं से साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से उनकी शैक्षणिक स्थिति व घरेलू हिंसा के सम्बन्ध में तथ्यों का संकलन किया गया है। द्वितीयक स्रोत के अन्तर्गत पुस्तके, शोध आलेख, जनगणना रिर्पोट, समाचार पत्रों का उपयोग किया गया है।

**उपकल्पना**–प्रस्तुत अध्ययन में निम्न उपकल्पनाओं को बनाया गया है।

1. आवासविहीन स्थिति में रहने वाली महिलाओं का शैक्षणिक स्तर निम्न है।

2. आवासविहीन महिलाओं को घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है।

**तथ्यों का विश्लेषण**

शोधार्थी द्वारा किया गया शोध कार्य तभी प्रभावी होता है जब उस समस्या की वास्तविक स्थिति का मूल्याकंन किया जायें। इस हेतु शोध उपकरणों द्वारा प्राप्त जानकारियों को व्यवस्थित क्रम में सारणीबद्ध कर सांख्यिकी विश्लेषण किया गया है।

ऽ **आवासविहीन महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति :**

**सारणी क्रमाकं–1**

| शैक्षणिक स्थिति | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| साक्षर | 06 | 15 |
| निरक्षर | 34 | 85 |
| कुल | 40 | 100 |

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 15 प्रतिशत महिलाये केवल साक्षर है तथा 85 महिलाये निरक्षर है। इससे स्पष्ट होता है कि आवासविहीन महिलाओं में शिक्षा का स्तर निम्न है। आवासविहीन स्थिति में रहने के कारण इनका निश्चित आवास नहीं है। ये शहर में अपने परिवार के साथ विभिन्न स्थानों पर धूमते रहते है। अतः शैक्षणिक संस्थानों इनकी पहुंच नहीं है।

ऽ **क्या परिवार में लडाई–झगडे की स्थिति :**

**सारणी क्रमाकं–2.**

| क्या परिवार में लडाई–झगडे होते है | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हां | 33 | 82.5 |
| नहीं | 07 | 17.5 |
| कुल | 40 | 100.0 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 82.5 प्रतिशत आवासविहीन महिलाओं ने स्वीकार किया कि उनके परिवार में लड़ाई झगड़े होते है जबकि 17.5 प्रतिशत के अनुसार उनके परिवारों में लड़ाई झगडे नहीं होते हे। इन झगड़ों के परिणाम स्वरूप परिवार में बच्चों व महिलाओं को मानसिक अशांति व दुर्व्वहार का सामना करना पड़ता है। जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव इनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी पडता है।

ऽ **परिवार में लडाई–झगडें कितनी बार होते है :**

**सारणी क्रमाकं–3**

| लड़ाई–झगड़े की स्थिति | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| प्रतिदिन | 14 | 35 |
| साप्ताहिक | 10 | 25 |
| कभी–कभी | 12 | 30 |
| कभी नहीं | 4 | 10 |
| कुल | 40 | 100 |

सारणी संख्या 03 से स्पष्ट है कि आवासविहीन स्थिति में रहने वाली 35 प्रतिशत महिलाओं के परिवारों में प्रतिदिन लड़ाई झगडे होते जबकि 25 प्रतिशत महिलाओं ने एक सप्ताह

में लडाई–झगड़ों का होना बताया। 30 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार कभी–कभी परिवार में झगडे होते है जबकि 10 प्रतिशत महिलाओं ने लडाई–झगडे कभी नहीं होने की जानकारी दी। इन झगड़ों में प्रायः पति या पुरूष सदस्यों द्वारा महिलाओं और बच्चों को प्रताड़ित किया जाता है और इन्हें शारीरिक हिंसा या पिटाई का सामना करना पड़ता है।

ऽ **परिवार में झगड़ों के कारण :**

**सारणी क्रमांक–4**

| झगडों के कारण | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| निर्धनता | 6 | 15 |
| नशा | 13 | 32.5 |
| भोजन | 2 | 5 |
| मानसिक स्थिति | 4 | 10 |
| शराब का सेवन | 15 | 37.5 |
| कुल | 40 | 100 |

सारणी संख्या 4 से स्पष्ट है कि सर्वाधिक 37.05 प्रतिशत आवासविहीन महिलाओं में परिवार के पुरूश सदस्यों द्वारा शराब का सेवन करने को परिवार में झगड़ों का कारण माना। 32.05 प्रतिशत महिलाओं में परिवार में झगड़े का कारण मादक पदार्थो (अफीम, तम्बाकू, बीडी, जर्दे आदि) के सेवन को माना। 15 प्रतिशत महिलाओं ने निर्धनता को झगडों का कारण बताया 10 प्रतिशत ने मानसिक स्थिति तथा 5 प्रतिशत महिलाओं ने भोजन नहीं मिल पाने को झगडो का कारण बताया।

## निष्कर्ष

इस अध्ययन में पाया गया कि आवासविहीन स्थिति में रहने वाली इन महिलाओं का शैक्षणिक स्तर निम्न है और अधिकतर महिलाये अशिक्षित है। बिना किसी स्थायी व निश्चित आवास तथा बार–बार आवास स्थान परिवर्तन के कारण इनके बच्चे भी शिक्षा प्राप्त करने मे अक्षम है। शैक्षणिक संस्थाओं तक इनकी पहुंच लगभग नहीं है। सर्व शिक्षा अभियान के पास कई योजनाएं है। लड़कियों के लिये शिक्षा मुफ्त भी है परन्तु इन स्थितियों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये सम्बधित विभाग द्वारा किये गए प्रयास काफी कम है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था एवं लैगिक असमानता व महिलाओं की पुरूषों पर निर्भरता के कारण इन महिलाओं को धरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। इस घरेलू हिंसा के कारण इन परिवारों के बच्चे माता–पिता से दूर हो जाते है तथा भावनात्मक लगाव विशेषकर पुरूष सदस्यों से कम होता जाता है।

## सुझाव

- आवासविहीन स्थिति में रहने वाली महिलाओं को स्थिर, सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाया जाए। नगर नियोजन करते समय सम्बधित विभाग व अधिकारी इस वर्ग को भी ध्यान में रखकर आवास योजन व कार्यक्रम बनाये।

- इन महिलाओं और बच्चों की शैक्षणिक संस्थानों तक पहुॅच सुनिश्चित की जाए। क्योकि शिक्षा ही वह उपकरण है जो इन्हें रूढिवादी समाज के पूर्वाग्रहों से बचा सकती है।
- महिलाओ को आर्थिक दृष्टि से मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रयास किये जाय ताकि उनमें आत्मविश्वास जागृत हो।
- महिलाओ को अपनी स्थिति व अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये।
- महिलाओं पर अत्याचार करने वाले व्यक्तियों को दण्डित किया जाये।

❒

*सन्दर्भ –*

1. *2011 की भारत की राष्ट्रीय जनगणना रिर्पोट*
2. *गुडमेन, लिसा, ग्लिन केथराइन (2006) नो सैफ प्लेसः सेक्सुअल एसोल इन द लाइफस ऑफ होमलेस वुमन एप्लाइड रिसर्ज फोरम, पेज 1–12*
3. *होमलेस वुमनः घरेलू हिंसा के कारण बेघर होती है ज्यादातर महिलायें, 21 मार्च, 2019 https://navbharattimes.indiatimes.com*
4. *चंद्रन,रीना.(2018) ''सोने से बहुत डर लगता है : भारत की बेघर महिलाएं शहरों के विस्तार के कारण पीड़ित है'' https://www.reuters.com*
5. *श्री, माधवी.(2017) ''अकेली महिलाओं को चाहिए आवास की गारंटी'' सितम्बर योजना पृ. 53*
6. *संह, अरविन्द कुमार.(2021) ''अवसंरचना विकास से सशक्त बनता ग्रामीण भारत'' कुरूक्षेत्र पृ. 29–32*
7. *चौधरी, शिवानी. जोसेफ, अमिता. सिंह इंदुप्रकाश (2014) ''हिंसा और उल्लखनः भारत में बेधर महिलाओं की हकीकत'', कल्पना प्रिंटोग्राफिक्स, नई दिल्ली*
8. *चौधरी, शिवानी, चौधरी, एस. शकीन अब्दुल (2013) जबरन बेदखली क्या करे।'' नई दिल्ली आवास और भूमि अधिकार संगठन।*

*पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 71–78*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# बाँसवाड़ा जिले में भील जनजाति की सामाजिक व्यवस्था एवं परपम्राऐं

**डॉ.कविता चौधरी**

सहायक आचार्य, भूगोल, श्री आर. आर. मोरारका, राजकीय महाविद्यालय, झुन्झुनूं (राज)
E-mail <thekavita89@gmail.com

**सारांश**

*कई वर्षों से भारत में जंगल तथा पहाड़ों जैसे दुर्गम स्थानों में रह रही मूल जनजातियों ने समतल मैदानों तथा सभ्यता के केन्द्रों में निवास करने वाले लोगों से अधिक सम्पर्क स्थापित किये बिना ही अपने अस्तित्व को बनाये रखा है। सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि जनजातीय समाज के मौलिक स्वभाव में, अपने सहचर्य गैर जनजाति वर्ग के सम्पर्क में आने से परिवर्तन आ रहा है। यद्यपि जनजातीय समूह के बहुसंख्यक अंश ने अभी भी अपनी विशिष्ट मान्यताओं एवं परम्पराओं को बरकरार रखा है। भारत में राजस्थान राज्य, जनजाति जनसंख्या की दृष्टि से छठे स्थान पर है।*[1] *भील जनजाति राजस्थान की दूसरी प्रमुख जनजाति है। यह जनजाति वर्ग अपने प्राकृतिक वातावरण में रहते हुए अपनी सामाजिक व्यवस्था एवं परम्पराओं को आज भी मान्यता दिये हुए है। स्वतन्त्रता के पश्चात् वर्तमान तक राज्य सरकारों के प्रयासों से इनकी शिक्षा, सामाजिक संगठन एवं आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त विकास हुआ है। जिसके परिणामस्वरूप यह जनजाति विकास के विभिन्न चरणों से गुजर रही है।*

**मूल शब्दः–** जनजाति, भील समुदाय, सामाजिक, परम्पराएं, विवाह, पारिवारिक संरचना।

## प्रस्तावना

राजस्थान राज्य में भौगोलिक दृष्टि से दक्षिण एवं दक्षिणी–पूर्वी क्षेत्र जनजाति बाहुल्य है। जहाँ विभिन्न जनजातियाँ प्राकृतिक वातावरण यथा पहाड़ी, पठारी एवं वन प्रदेशों में अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं के साथ रहती है तथा जीवन निर्वाह के लिए परम्परागत आदिम साधनों का प्रयोग करती है।[2] ये मनोवैज्ञानिक रूढ़िवादिता के कारण अपनी प्राचीन प्रथाओं से जुड़े हुए है। इसी कारण यहाँ प्रौद्योगिक एवं तकनीकी प्रगति नहीं हो पाई है। सर्वप्रथम जनजाति, वह समुदाय, जो एक विलग भौगोलिक प्रदेश में निवास करता है, जिनकी

अपनी विशिष्ट संस्कृति, आर्थिक क्रियाकलाप, जीवन पद्धति, व्यवहार, समान विश्वास तथा परस्पर समूह के रूप में सम्बधित होने की भावना होती है, जनजाति कहलाता है। दक्षिणी राजस्थान में भील जनजाति प्रमुखता से निवास करती है। भौगोलिक रूप से भील जनजाति का मूल निवास अरावली, विन्ध्यन तथा सतपुड़ा की पहाडियाँ है। राजस्थान में भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, चितौडगढ़ आदि जिलों में भील जनजाति मुख्य रूप से निवास करती है।

**अध्ययन क्षेत्र**

प्रस्तुत शोध हेतु राजस्थान राज्य के दक्षिण में स्थित बांसवाडा जिले का चयन किया गया है। जिसका अंक्षाशीय विस्तार 230 $20^0$ उत्तरी अंक्षाश से 230 $55^0$ उत्तरी अंक्षाश एवं $740^0$ पूर्वी देशान्तर से 740 $33^0$ पूर्वी देशान्तर है। बांसवाडा जिले के उत्तर में प्रतापगढ़, पश्चिम में डूंगरपुर, पूर्व और दक्षिण में मध्यप्रदेश के रतलाम और झाबुआ जिला तथा दक्षिण में गुजरात का दाहोद जिला अवस्थित है। जनगणना 2021 के अनुसार अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या 17,97,485 है, जिसमें 9,07,754 पुरूष और 8,89,731 महिलाएँ, जनसंख्या धनत्व 397 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। साक्षरता दर 56.3 प्रतिशत, जो कि राजस्थान राज्य की साक्षरता दर (66.11 प्रतिशत) से कम है। अध्ययन क्षेत्र का लिंगानुपात 980 है, जो कि राज्य के लिंगानुपात (947) से अधिक है।

**अध्ययन के उद्‌दश्य**

प्रस्तुत शोध का उद्देश्य बांसवाड़ा जिले में निवास करने वाली भील जनजाति की सामाजिक व्यवस्था एवं परम्पराओं का अध्ययन करना है।

**आँकड़ों के स्रोत एवं शोध विधितन्त्र** – प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक ऑकड़ो पर आधारित है। जिसमें बांसवाड़ा जिले में निवास करने वाली भील जनजाति की सामाजिक दशाओं तथा परम्पराओं को जानने हेतु आँकड़ो का संकलन किया गया है। जिससे सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त हो सके।

**भील जनजाति की उत्पत्ति एवं इतिहास**

भील जनजाति को राजस्थान व गुजरात के मूल निवासी माना जाता है, किन्तु किस प्रजाति विशेष से इनकी उत्पति हुई है, इस संबंध में मानवशास्त्री एकमत नहीं है। कुछ मानवशास्त्री इन्हें मुंडा जाति के वंशज मानते है।[3] इस मान्यता की वजह है इनकी भाषा में मुंडारी शब्दों का अधिक प्रयोग किया जाना। इसके अतिरिक्त अलग–अलग मानवशास्त्रियों की मान्यताएं अलग– अलग है। हैडन के अनुसार ये पूर्व द्रविड़ो की पश्चिमी शाखा से है। रिजले और क्रूक के अनुसार ये द्रविड़ है। प्रो. गुहा के अनुसार प्रोटो–ऑस्ट्रेलॉयड प्रजाति से संबधित है। डॉ. मजूमदार के अनुसार भील जनजाति के लोग भारत के अत्यन्त प्राचीन एवं सीधे–सादे लोग है। हट्‌टन शारीरिक संरचना के आधार पर इन्हें कॉकेशियन और ऑस्ट्रेलॉयड प्रजाति का मिश्रण मानते है। वेंकटेश्वर के अनुसार इनके पूर्वज भूमध्यसागरीय प्रजातियों में से है, जो सहारा क्षेत्र में रहती थी, किन्तु जलवायु में परिवर्तन के कारण इनका मूल प्रदेश शुष्क हो गया तो ये पूर्व की ओर आकर विंध्याचल पर्वतों में बस गये।[4] कर्नल टॉड के अनुसार यह तत्कालीन मेवाड़

राज्य में अरावली पर्वत श्रेणियों में रहने वाले लोग है, जिन्होंने महाराणा प्रताप की सेना के साथ अकबर के विरूद युद्व में सहायता की थी। इन्हें निर्भय एवं साहसी योद्धा के रूप में जाना जाता है। तत्कालीन मेवाड़ राज्य में भील जनजाति का विशेष महत्व रहा है। महाराणा का राजतिलक भील जनजाति के कबिले का सरदार अपने अंगूठे के खून से ही करता था। मेवाड़ राज्य के राज चिन्ह में एक ओर राजपूत तथा दूसरी ओर भील की आकृति बनी हुई है, जो इस जनजाति की वीरता तथा स्वामीभक्ति का प्रतीक है। कर्नल टॉड ने भील जनजाति के लोगों को वनपुत्र भी कहा है। संस्कृत साहित्य में इन्हें निषाद या पुलिन्द जाति से सम्बंधित माना गया है, इसके अनुसार भीलों की उत्पति महादेव की एक भील उपपत्नी से हुई मानी जाती है।[5] वास्तिवकता में भील जनजाति भारत की प्राचीनतम जनजातियों में से एक है क्योंकि भीलों की उत्पति के विषय में पुराणों, रामायण तथा महाभारत आदि प्राचीन ग्रन्थों में भी संदर्भ उपलब्ध है। महाभारत महाकाव्य का एक पात्र एकलव्य भी भीलपुत्र ही था। ऐतिहासिक दृष्टि से भील जनजाति देश के आदिम निवासी है।

शाब्दिक अर्थ में 'भील' शब्द की उत्पत्ति द्रविड़ भाषा के शब्द 'बिल' या 'विल' से हुई है जिसका अर्थ होता है 'तीर'। इस प्रकार 'भील' का अर्थ 'तीर चलाने वाले व्यक्ति' से लिया गया है।[6] प्राचीन काल में भील जनजाति तीरन्दाजी में निपुण मानी जाती थी। ये लोग सदैव अपने पास तीर–कमान रखते थे तथा शताब्दियों पूर्व अपना जीवन निर्वाह जन्तुओं का आखेट करके करते थे।

## भील की उपजातियां

2021 की जनगणना के अनुसार बांसवाड़ा जिले में कुल जनसंख्या का 72.3 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते है। जिनमें से 1.08 प्रतिशत व्यक्ति शहरी क्षेत्र में तथा 98.92 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते है। अध्ययन क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के रूप में भील जनजाति निवास करती है। यहाँ मुख्य रूप से भील जनजाति में परमार, चौहार, भाटी, अंगारी, कटारा, कलासुवा, अहारी, कुड़िया, खराड़ी, चरपोटा, डाबी, डिण्डोर, डोडियार, ताबियार, निनामा, लेखिया, गेटार, दामा, दायमा, पंडोत, पारंगी, भगोरा, राठौड़ सिसोदिया, मईड़ा, रेलावत, रोत, वराड़ा, सोलंकी, मकवाना, हिरोट, जारगट, भूरिया, राणा, गेन्दोत, डामोर, नोचिया, सारेल, वडेरी, मसार, माल, भुज, सिघांड़ा, खाँट, देया, लोटिया, कडवा गौत्र है।[7]

## सामाजिक व्यवस्था एवं परम्पराएं

भीलों की सामाजिक व्यवस्था अत्यन्त संगठनात्मक होती है। इनके सामाजिक व्यवहार पूजा, विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, जीवन क्रम की विशेष पद्धतियां होती है। किसी एक गाँव में प्रायः एक ही वंश की शाखाओं के लोग निवास करते है। इनके मुखिया को तदवी और वंसाओं कहा जाता है। प्रत्येक गाँव का पण्डित, पुजारी, कोतवाल, चरवाहा, तथा ढोल बजाने वाले पृथक–पृथक होते है। भील जाति अनेक छोटे–छोटे समूह में विभक्त होती है जिसे अटक, ओदाख, गौत्र या कुल कहते है। एक अटक के सदस्य अपने को एक ही पुरखे के वंशज मानते है। प्रत्येक अटक का गणचिन्ह् होता है। यह गणचिन्ह् वृक्ष, स्थान, पक्षी, पशु या पूर्वज का नाम हो सकता है। अटक के सदस्य अपनी परेशानियों तथा उत्सवों के समय अपने गणचिन्ह्

देवी–देवताओं का आह्वान करते है। इस प्रकार प्रत्येक अटक के सदस्य एक ही वंश पर आधारित होते है, एक ही गाँव में निवास करते है तथा समान नियमों का पालन करते है। अटक, गोत्र या कुल यह स्पष्ट करता है कि अमूक कुल के लोग सपिण्ड सम्बन्धी है और इनमें आपस में विवाह सम्बन्ध स्थापित नहीं हो सकते है। अतः एक समान कुल के सदस्य अन्तर्विवाह नहीं कर सकते है क्योंकि ये एक ही पुरखे के वंशज होते है। भील जनजाति में बहिर्विवाही सम्बन्ध होते है, दो भिन्न कुलों के सदस्य ही आपस में विवाह कर सकते है। सामान्यतः विवाह का प्रस्ताव वर पक्ष की ओर से रखा जाता है। विवाह के समय वर पक्ष द्वारा एक निश्चित नकद राशि दुल्हन के माता–पिता को वधू के मूल्य के रूप में देनी होती है जो दुल्हन की सुन्दरता तथा उपयोगिता के आधार पर निर्धारित होती है जिसे 'दापा' कहा जाता है। किन्तु वर्तमान समय में अन्य गैर जनजाति समुहों के सम्पर्क में आने के कारण दापा लेने के स्थान पर वर पक्ष को दहेज देने की कुप्रथा प्रारम्भ हो गई है।

विवाह के समय या अन्य मांगलिक कार्यों पर समस्त जनजाति वर्ग सम्बधित परिवार की आर्थिक सहायता करता है जिसे न्यौता डालना कहते है। जिससे संबंधित व्यक्ति पर आर्थिक भार नहीं पड़ता है। यह मुख्यतः दोनों पक्षों के मध्य एक मौन समझौता होता है। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मांगलिक कार्य करने वाले व्यक्ति को न्यौते के रूप में डाली जाने वाली धनराशि उस व्यक्ति द्वारा उन लोगों को पूर्व में डाली गई धनराशि से कम नहीं होनी चाहिये। न्यौता न चुकाये जाने पर कई बार जनजाति परिवारों के मध्य तनाव भी उत्पन्न हो जाता है। भील जनजाति सामान्यतः एक विवाह में ही विश्वास करती है, किन्तु शक्तिशाली तथा सम्पन्न पुरूषों का एक से अधिक पत्नियों को रखना प्रतिष्ठा तथा पद के प्रतीक के रूप में माना जाता है। ये जनजाति अनेक प्रकार के विवाह अपनी सुविधानुसार अपने सामाजिक पर्यानुकूलन एवं अपनी सांस्कृतिक पारिस्थितिकी के अनुसार करती है। माही सिंचित क्षेत्र में भील जनजाति में निम्नलिखित विवाह रीतियां प्रचलित है–

**1– क्रय विवाह अथवा दापा**

अध्ययन क्षेत्र की भील जनजाति में यह सर्वाधिक लोकप्रिय विवाह रीति है। जिसका आधार वधू–धन अर्थात् दापा होता है। विवाह संबंध निर्धारित होने पर वर पक्ष व वधू पक्ष को समझौते के तहत एक निश्चित राशि दुल्हन के मूल्य के रूप में देता है। इस प्रकार लेन–देन का आर्थिक स्वरूप महिलाओं की उपयोगिता का प्रतीक है। जो उसके माता–पिता के परिवार को मुआवजे के रूप में दिया जाता है। किन्तु इस विवाह की रीति का एक खराब परिणाम भी है। वधू की निरन्तर बढती हुई कीमत ने गरीब जनजाति वर्ग के लोगों की आर्थिक दशा खराब कर दी है। कभी–कभी यह धन इतना अधिक हो जाता है कि उससे कम धन स्वीकार करना व्यक्ति अपनी प्रतिष्ठा तथा पद के विपरीत मान लेता है। इसके परिणामस्वरूप बहुत से भील महिला एवं पुरूष अविवाहित ही रह जाते है। कई बार दुल्हन का पिता अधिक मूल्य मिलने पर बड़ी आयु के व्यक्ति के साथ भी अपनी पुत्री का विवाह कर देता है जिससे बे–मेल विवाह का प्रचलन भी बढ़ा है।

**2– विनिमय विवाह**

विनिमय विवाह का प्रचलन ऊँचे वधू धन से बचने के साधन के रूप में हुआ है। विनिमय विवाह के अन्तर्गत दो परिवार महिलाओं का विनिमय करते है। इस कारण इन्हें एक दूसरे को वधू–धन का भुगतान नहीं करना पड़ता है। इस विवाह प्रकिया में एक पुरू ा अपनी पत्नी के बदले में अपनी बहिन या अपने परिवार की किसी अन्य अविवाहित स्त्री को देता है।

**3– सह–पलायन विवाह अथवा प्रेम विवाह**

कई बार विवाह के लिए लड़का–लड़की एक दूसरे को पंसद कर लेते है किन्तु परिवार के सदस्य स्वीकृति नहीं देते हैं तो माता–पिता की सहमति के बिना ही लड़का–लड़की भागकर विवाह कर लेते है। बाद में जिद के आगे झुक जाने वाले बुर्जुग, 'प्रेमी जोड़े' को अपना लेते है। किन्तु इसके लिए समाज के लोगों द्वारा निर्धारित जुर्माना वर पक्ष द्वारा वधू पक्ष के परिजनों को दिया जाता है जो सामान्यतः वधू धन या दापा से कम होता है। जो भांजझड़ा द्वारा तय होता है। इसमें भांजझड़ियों का अपना कमीशन होता है। जब तक राशि नहीं दी जाती है, तब तक तनाव बना रहता है। कभी–कभी बहुत उग्र होकर वर पक्ष के घर जलाने व हत्या तक की घटना हो जाती है।

**4– सेवा द्वारा विवाह**

जब कोई जनजाति पुरूष वधू–धन का पूर्ण भुगतान नहीं कर पाता है तो उसे दुल्हन के घर पर सेवा करके इसका भुगतान करना पड़ता है। इसके अन्तर्गत भावी दुल्हा अपने भावी सास–ससुर के घर रहकर नौकर की तरह कार्य करता है जिसके अन्तर्गत वह घरेलू तथा कृषि कार्यों में सहायता करता है।

**5– गोल गधेड़ा विवाह**

भील जनजाति में अपना जीवन साथी प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत साहस तथा बहादुरी किसी नवयुवक में वांछित योग्यता के रूप में स्वीकार की जाती है। जो भावी दुल्हा प्रदर्शन द्वारा अपनी शक्ति को सिद्ध कर देता है उसे मनचाही लड़की का हाथ मांगने का अधिकार होता है यह रीति इस जनजाति में अत्यधिक लोकप्रिय है। होली के त्यौहार के समय युवक तथा नवयुवतियां किसी खम्भे या वृक्ष के सिरे पर नारियल या गुड़ बांधकर, इसके चारों ओर लोक नृत्य करते है। सभी युवक तथा युवतियों को इस नृत्य में सम्मिलित होने की स्वतन्त्रता होती है। युवतियां खम्भे या वृक्ष के चारों ओर एक आन्तरिक घेरा बना लेती है। जब कोई इच्छुक युवक घेरे को तोड़ते हुये नारियल तोड़ने का प्रयास करता है तो युवतियां अपनी पूरी शक्ति से उसका प्रतिरोध करती है। इस प्रयास में युवक को अनेक चोटें भी आ सकती है। इन बाधाओं को पार करते हुए जो साहसी पुरूष नारियल तोड़ने में कामयाब होता है उसे घेरा बनाने वाली युवतियों में से किसी को भी पत्नी के रूप में मांगने का अधिकार होता है। इसी परम्परा को स्थानीय रूप से 'गोल गधेड़ा विवाह' कहते है।

**6– देवर विवाह**

जब एक स्त्री अपने पति के भाई से विवाह करती है तो उसे देवर विवाह कहते है। यह विवाह अत्यधिक महत्व का है क्योंकि पति की मृत्यु होने पर विधवा को अभिभावक पति तथा

संरक्षक मिल जाता है तथा उसके बच्चों को पहले से प्यार करने वाला पिता मिल जाता है। इस प्रकार के विवाह से महिला विधवा होने का दंश झेलने से बच जाती है। विधवा विवाह की प्रथा इस जनजाति समुदाय में सामान्य प्रकिया है। सामान्यतः विधवा स्त्री का विवाह उसके मृत पति के छोटे भाई के साथ हो जाता है किन्तु यह कोई कठोर नियम नहीं है। विधवा महिला यदि किसी अन्य पुरूष से विवाह करना चाहती है तो उस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाता।

**7 नाता–प्रथा**

महिला के विधवा होने, पति नापंसद का होने या अन्य किसी व्यक्ति के प्रेम प्रसंग के चलते महिला किसी दूसरे व्यक्ति के साथ चली जाती है और उससे विवाह कर लेती है। इसके बदले बाद में पूर्व पति को उसका मूल्य चुकाना होता है। भील जनजाति में विवाह विच्छेद पर कोई प्रतिबंध नहीं है। यहाँ सामान्य स्थिति में पति का पत्नी परित्याग नहीं करता है, किन्तु पत्नी पति का परित्याग कर देती है। विवाह विच्छेद के पश्चात् बच्चे सामान्यतः पिता के साथ ही रहते है तथा नये पति को स्त्री के पूर्व पति को समाज द्वारा निर्धारित वधु या कन्या मूल्य चुकाना आवश्यक होता है। भील जनजाति समाज में परस्पर मतभेद होने की स्थिति में स्थानीय स्तर पर ही उसे सुलझा लिया जाता है, यह कार्य भांजझड़िया करता है। भील समाज में भांजझड़ियां का अत्यन्त महत्व है। दो पक्षों के मध्य सामाजिक अथवा आर्थिक मतभेद होने की स्थिति में भांजझड़ियां द्वारा समझौता करवाया जाता है। इसके अन्तर्गत भांजझड़ियां वैचारिक सुलह भी करवा सकता है अथवा मुआवजा भी निर्धारित कर सकता है।

**8– पारिवारिक सरंचना**

भील जनजाति समाज में पिता अथवा माता के अधिकारों के आधार पर पितृ प्रधान समाज दृष्टिगोचर होते है। यह जनजाति परिवार में पिता के वर्चस्व को अधिक मानती है। ये पितृसत्तात्मक परिवार रखते है, जहाँ वंश पिता द्वारा चलता है अर्थात पितृवंशिक प्रथा, वधू विवाह के पश्चात् अपने पिता का घर छोड़कर अपने पति के घर आकर रहती है। भीलों की पारिवारिक इकाई को 'वसीलू' कहा जाता है। भीलों में एकल परिवार मिश्रित संयुक्त परिवार प्रथा है। एकल परिवार में पुरूष, उसकी पत्नी और उसके अविवाहित बच्चे आते है। जैसे ही व्यस्क पुत्र का विवाह होता है, वह अपने पिता से अलग रहते हुए उसके निवास के निकट ही अपने परिवार के लिए 'टापरा' बनाता है। इस प्रकार एकांकी परिवार के होते हुए भी सम्मिलित रूप से रहते है। परिवार में वृद्ध व्यक्तियों का बड़ा आदर किया जाता है। सभी निर्णय उसकी आज्ञानुसार ही लिये जाते है। घर का मुखिया सबसे बुजुर्ग पुरूष ही होता है। परिवार में सभी सामाजिक कार्य पिता के जीवनकाल में पिता के संरक्षण में ही होते है। सभी उत्सवों एवं समारोहों पर सभी पिता के घर पर ही एकत्रित होते है। पिता को ही सम्पत्ति संबंधी सभी अधिकार प्राप्त होते है। पिता की मृत्यु के बाद पिता की सम्पति का बंटवारा उनके पुत्रों में उनकी आयु के अनुपात में होता है, अर्थात् ज्येष्ठ पुत्र को सबसे अधिक तथा सबसे छोटे पुत्र को सबसे कम। पिता द्वारा छोड़े गये ऋण का बंटवारा भी इसी क्रम में किया जाता है। पिता की सम्पत्ति में पुत्री का कोई अधिकार नहीं होता।

भील जनजाति में महिलाओं को कम अधिकार प्राप्त होते है। किन्तु घर की व्यवस्था तथा खेती आदि कार्यों में वे पुरूष का पूर्ण सहयोग करती है। इसके अतिरिक्त परिवार में पत्नी की स्थिति विवाह के प्रकार पर भी निर्भर करती है। बहुविवाह की स्थिति में जहाँ अनेक पत्नियां हो, वहाँ पत्नी की स्थिति उसके पति द्वारा दी गई वरियता के आधार पर निश्चित होती है। फिर भी यदि वह पत्नी वरिष्ठ है तो उसे बेहतर स्थिति प्राप्त होती है, जन्म से मृत्यु तक के समस्त धार्मिक अनुष्ठानों में उसकी उपस्थिति अनिवार्य है।

## धार्मिक अनुष्ठान

भील जनजाति में विभिन्न प्रकार के अनेक सामाजिक–सांस्कृतिक आचरण और रीति रिवाज प्रचलित है। यह जनजाति लम्बे समय से गैर जनजाति समूह के सम्पर्क में आ रही है। जिससे इनके अपने रीति रिवाजों और प्रथाओं के रूढ़िगत स्वरूपों में परिवर्तन अवश्य आया है किन्तु फिर भी सामान्यतः सामाजिक व्यवहार में जनजाति समाज अधिकांशतः अपनी स्वयं की परम्पराओं को ही प्राथमिकता देता है। इनका आचरण मुख्यतः उनकी अपनी प्रथाओं के अनुरूप होता है। भील जनजाति मुख्यतः हिन्दु धर्म से प्रभावित है। अतः यह हिन्दू देवी देवताओं में विश्वास करते है। भील इन्द्र, गौराजी, गोपालदेव, क्षेत्रपाल, मारीया माता, सती माता, काली माता, मोती माता, शीतला माता, भैरूजी आदि की पूजा करते है। इसके अलावा अम्बा माता, धरती माता, चामुण्डा देवी, मावजी, हनुमान तथा महादेव के भी उपासक है।

भील जनजाति मृतकों की देह को जलाते है, तथा हिन्दुओं के भांति कर्म काण्ड करते है। ये मृत्युपरांत जीवन में विश्वास करते है। इनका मानना है कि मृत्यु के उपरान्त जीवन समाप्त नहीं होता है तथा वह किसी ना किसी रूप में विद्यमान रहता है। पुर्वजों की आत्मा की आराधना तथा पूजा इसी विश्वास के कारण की जाती है। जादू–टोने में इनका अटूट विश्वास होता है। प्रत्येक गाँव में एक भोपा होता है, जो भूत–प्रेतों तथा चुड़ैलों, देवी प्रकोपों से गाँव की तथाकथित रक्षा करने में मदद करता है। इनका मानना है कि तीव्र वर्षा, सूखा, बीमारियाँ, प्राकृतिक आपदायें आदि सभी दैवीय प्रकोप के कारण आते है। ये बीमारियाँ तथा कष्टों के निवारण के लिए झाड़–फूंक में यकीन रखते है। इसके अलावा समस्या समाधान के लिए हवन, टोना–टोटका, झाड़ा लगवाना, पशुबली आदि उपाय भी किये जाते है। अंध विश्वास, महामारी, अप्रत्याशित प्राकृतिक विपत्तियाँ, भिन्न समुदायों से परस्पर वैमनस्य, भूत बाधा और एक दूसरे पर जादू–टोना करने–कराने का कार्य आदि क्रियाओं के कारण ओझागिरी तथा भोपों का अस्तित्व अब भी भील समुदाय में प्रभावकारी बना हुआ है। देवरों पर अन्दरूनी बीमारियों का तलवार से बिना चीरफाड़ किये पेट का ऑपरेशन करने का दावा किया जाता है। रविवार के दिन ऐसे कई देवरों पर ऑपरेशन होते है।

## निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध का एक पहलु भील जनजाति के सामाजिक संगठन एवं संस्कृति के अन्य आयामों पर प्रकाश डालना रहा है। जनजातीय समाज की परम्पराओं का मूल्यांकन करके उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं का निर्माण कर, उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। भील जनजाति की प्रमुख सामाजिक समस्याएँ अशिक्षा,

सामाजिक कुरीतियाँ, राजनैतिक अज्ञानता, निर्धनता, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, आवास, ऋणग्रस्तता एवं अत्याचार से संबंधित है। भील जनजाति समाज में कई कुरीतिया विद्यमान है जिसमें नातरा, न्यौतरा, दापा, बे–मेल विवाह, नशा, अंधविश्वास जैसी कुरीतियाँ प्रमुख है। जनजाति समाज में महिला को वस्तु समझा जाता है जिसका प्रयोग स्वयं की श्रेष्ठता दिखाने के लिए किया जाता है। इसके लिए बालिका शिक्षा की दिशा में प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किये जाने चाहिये। जिससे वे अपना हित–अहित भली प्रकार समझ सके। धार्मिक अंधविश्वासों तथा पाखण्डों को दूर करने के लिए सामाजिक चेतना का विकास किया जाना चाहिये। सूदखोर, महाजनों के उन्मूलन और क्रय–विक्रय एवं ऋण की सुविधाओं के संगठन कार्य को प्राथमिकता देनी चाहिये। ऋण देने की शर्तों को आसान होना चाहिये और ऋण समितियों को खर्च एवं अनुत्पादक कार्यों के लिए कर्ज देने की स्वीकृति होनी चाहिये। जिससे विवाह, उत्सव आदि आयोजनों पर जनजाति वर्ग के व्यक्ति को महाजन से कर्ज ना लेना पड़े। जिससे गरीब जनजाति व्यक्ति को महाजन के आर्थिक अत्याचार का शिकार ना होना पड़े। संक्षेप में, भील समुदाय पर भी औद्योगिकरण तथा नगरीकरण का प्रभाव पड़ा है। ये लोग रहन–सहन तथा जीवनशैली के दृष्टिकोण से अन्य गैर जनजाति समूहों के स्तर तक आ रहे है, किन्तु सुदूर ग्रामीण अंचलों में अभी भी इस ओर अत्यन्त प्रयास की आवश्यकता है।

❒

*सन्दर्भ –*


1. *चौरसिया, बी.बी., सेड्यूल्ड कास्ट एण्ड सेड्यूल्ड ट्राइब इन इंडिया (1990), पृ.2*
2. *सिंह, के.सी, द सेड्यूल्ड कास्ट वोल्यूम (1993), पृ.4*
3. *भारद्वाज, ए.एन, द प्रोब्लम ऑफ सेड्यूल्ड कास्ट एण्ड सेड्यूल्ड ट्राइब इन इंडिया (1997), पृ.12*
4. *मिश्रा, आर.एन., ट्राइबल लाइफ एण्ड हेबिटेट (इकॉनोमी एण्ड सोसायटी)(2002) पृ.22*
5. *दीक्षित के. नीशी, ट्राइब्स एण्ड ट्राइबल्स स्ट्रगल फॉर सर्वाइवल (2006), पृ.17*
6. *पंत, बी. आर., ट्राइबल्स डेमोग्राफी ऑफ इंडिया (2010), पृ.116*
7. *आहूजा, राकेश, वेलफेयर एण्ड ट्राइबल डेवलपमेन्ट एडमिनिस्ट्रेशन(2009), पृ.113*

*पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक, 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 79–85*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# नारद स्मृति में वर्णित दायभाग

**डॉ.पूनम**
असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, रघुनाथ गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मेरठ(उ.प्र.)
E-mail: snav3803su@gmail.com Mob. 9639196181

**सारांश**

*दाय एवं दान दोनों ही 'दा' धातु से बने है। परन्तु दोनों के अर्थ भिन्नता दिखायी पड़ती है। दान से तात्पर्य दूसरे को अपनी सम्पत्ति का मालिक बनाना है, जबकि दाय में मालिक की मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पत्ति का हक उसके पुत्रों को मिलना है। स्मृतियों के साथ–साथ 'दाय' शब्द का जिक्र वैदिक साहित्य में भी मिलती है। नारद स्मृति के अनुसार– ''ज्येष्ठ पुत्र द्वारा अपने पिता की सम्पत्ति विभाजन का प्रबन्ध करने को 'दाय' कहा गया है। नारद स्मृति में सम्पत्ति विभाजन की चार अवस्थाओं का जिक्र देखने को मिलता है। प्रथम–पिता द्वारा अपने जीवनकाल में ही सम्पत्ति का बँटवारा, पिता द्वारा अपनी भौतिक इच्छायें पूर्ण होने पर सम्पत्ति का बँटवारा, पिता की मानसिक स्थिति ठीक न होने पर सम्पत्ति का बँटवारा, चतुर्थ पिता की मृत्यु होने के पश्चात् सम्पत्ति का बँटवारा। उपरोक्त प्रकार की व्यवस्था मनु एवं याज्ञवल्क्य स्मृतियों में भी देखने को मिलती है। बालिग होने की उम्र के संदर्भ में स्मृतिकारों में मतैक्य नहीं है। नारद के अनुसार 16 वर्ष के बालक को नाबालिग कहा जाता है। परन्तु उसके माता–पिता न रहे तो वह आत्मनिर्भर हो जाता है। कात्यायन का मानना है कि 16वें वर्ष के आरंभ में बच्चा बालिग हो जाता है।*

**मूल शब्द**– दायाद, रिक्थ, सम्पत्ति, बन्धुदायाद, अदायादबान्धक, शौद्र, ऋण, ज्येष्ठ

## परिचय

दाय एवं दान दोनों ही शब्द दा धातु से बने हैं। परन्तु दोनों के अर्थ में भिन्नता है। दान से तात्पर्य किसी दूसरे को अपनी सम्पत्ति का मालिक बनाना है जबकि दाय से तात्पर्य स्वामी की मृत्यु हो जाने पर उसके सगे–सम्बन्धियों का उसकी सम्पत्ति पर स्वामित्व।[1] दाय शब्द का जिक्र वैदिक साहित्य में भी मिलता है। ऋग्वेद में एक जगह शतदाय शब्द का इस्तेमाल हुआ है जिसे सापण ने वसीयत से युक्त के अर्थ में लिया है।[2] दूसरे स्थान पर रिक्थ शब्द का भी

इस्तेमाल मिला है।[3] अथर्ववेद में सोम को ब्राह्मणों का दायाद कहा है।[4] ब्राह्मण ग्रन्थों एवं तैत्तिरीय संहिता में दाय शब्द का प्रयोग कहीं सम्पत्ति के लिए किया गया है तो कहीं–कहीं पैतृक सम्पत्ति के सम्बन्ध में इसका जिक्र देखने को मिलता है।[5] अर्थशास्त्र में दायाद के स्थान पर रिक्थ शब्द देखने को मिलता है। स्मृतियों में दायभाग के सम्बन्ध में विवरण देखने को मिलता है। नारद स्मृति के अनुसार– ज्येष्ठ पुत्र द्वारा अपने पिता की सम्पत्ति विभाजन का प्रबन्ध करने को दायभाग कहा गया है।[6] माता–पिता के सम्पत्ति सम्बन्धी विभाजन को लेकर अलग–अलग नियम निर्धारित थे। पिता की मृत्यु के पश्चात् सम्पत्ति का विभाजन पुत्रों के बीच होता था जबकि माता की मृत्यु के पश्चात् सम्पत्ति का विभाजन पुत्रियों के मध्य किया जाता था।[7] ठीक इसी प्रकार की व्यवस्था मनु स्मृति एवं याज्ञवल्क्य स्मृतियों में भी देखने को मिलती है।[8]

नारद–स्मृति में सम्पत्ति विभाजन की चार अवस्थाओं का जिक्र देखने को मिलता है। पहला–पिता द्वारा स्वेच्छा से अपने जीवनकाल में ही अपने पुत्रों के मध्य सम्पत्ति का विभाजन करना। इस तरह के बँटवारे को भंग नहीं किया जा सकता था, चाहे किसी का हिस्सा कम ही क्यों न हो। इसी प्रकार का सम्पत्ति विभाजन याज्ञवल्क्य, बृहस्पति एवं विष्णु स्मृतियों में भी देखने को मिलता है।[9] दूसरी तरह के विभाजन में पिता के जीवनकाल में ही जब पिता की सारी भौतिक इच्छायें समाप्त हो जाये तथा उसकी सारी पुत्रियाँ विवाहित हो जाये और उसकी सन्तानोत्पत्ति की स्थिति न रहे इन परिस्थितियों में पिता की इच्छा के विरूद्ध भी पुत्र सम्पत्ति का बँटवारा कर सकते हैं।[10] तृतीय स्थिति में– पिता के पागल होने, अंधा या लंगड़ा होने पर उसकी इच्छा के विरूद्ध भी सम्पत्ति का विभाजन किया जा सकता था। चतुर्थ में पिता की मृत्यु के पश्चात् सम्पत्ति का बँटवारा होना। उपरोक्त सूचना मनु एवं याज्ञवक्ल्य स्मृति में भी देखने को मिलती है।[11] उपरोक्त सम्पत्ति सम्बन्धी विभाजन वर्तमान में भी देखने को मिलता है।

सम्पत्ति सम्बन्धी विभाजन के पीछे धार्मिक कारण भी दिखायी पड़ते हैं। इस संदर्भ में नारद का कथन है कि संयुक्त रूप से भाईयों द्वारा किया गया धार्मिक कार्य एक होता है परन्तु जब वे अलग होकर अलग–अलग धार्मिक कार्य करते है तो धर्म वृद्धि होती है। इस संदर्भ में मनु का कहना है कि वे संयुक्त रूप से भी रह सकते हैं, और यदि धर्म वृद्धि चाहे तो अलग–अलग भी रह सकते हैं। इस प्रकार का विवरण बृहस्पति में भी देखने को मिलता है।[12] साधारणतः उत्तराधिकारियों के बालिग होने पर ही सम्पत्ति का विभाजन होता है। किन्तु सम्पत्ति के उत्तराधिकारी का नाबालिग होना सम्पत्ति के विभाजन में बाधा नहीं था। परन्तु बौधायन एवं कौटिल्य ने उत्तराधिकारी के बालिग होने पर ही सम्पत्ति विभाजन को मान्यता दी।

बालिग होने की उम्र के संदर्भ में स्मृतिकारों में मतैक्य नहीं है। नारद के अनुसार 16 वर्ष के बालक को नाबालिग कहा जाता है। परन्तु इस उम्र के पश्चात् माता–पिता के न रहने पर वह आत्मनिर्भर हो जाता है परन्तु जब तक माता–पिता जीवित हैं तब तक बालिग होने पर भी नारद उसे बालिग मानने के पक्ष में नहीं है। वही दूसरी ओर कात्यायन का कहना है कि बाल्यावस्था सोलहवें वर्ष के आरम्भ में समाप्त हो जाती है।[13] वर्तमान में बालिग होने की आयु अठारह वर्ष निर्धारित है।

सम्पत्ति सम्बन्धी उत्तराधिकारी को लेकर नारद का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति दस वर्षों तक संयुक्त परिवार से अलग रहकर धार्मिक एवं व्यापारिक कार्य में लगा रहता है तो उसे

अलग ही समझना चाहिए। इस संदर्भ में नारद स्मृति का संकेत संयुक्त सम्पत्ति के बँटवारे के सम्बन्ध में हैं। कात्यायन भी इस नियम से सहमत हैं।[14] बृहस्पति का भी मानना है कि जब कोई व्यक्ति अपना देश छोड़कर अन्यत्र चला जाता है ,तो उसके उत्तराधिकारी तीसरी, चौथी, पाँचवीं पीढ़ी के गोत्रज हो सकते है।

सम्पत्ति के विभाजन में स्त्री के उत्तराधिकार को लेकर नारद का मानना है कि पिता की मृत्यु की उपरान्त पुत्रों के समान ही माँ को भी सम्पत्ति में साझेदारी मिलती है। यदि कई भाईयों में कोई एक सन्तानहीन ही मर जाये तो उसकी सम्पत्ति को अन्य भाई स्त्रीधन को छोड़कर आपस में बांट लेते हैं। परन्तु उन्हें भाई की पतिव्रता स्त्री का जीवन भर भरण–पोषण करना पड़ता है।[15] मनु, याज्ञवल्क्य एवं विष्णु भी इसी मत के समर्थक है। कात्यायन के अनुसार पुत्रहीन पतिव्रता विधवा अपने पति की सम्पत्ति का उपभोग जीवन पर्यन्त कर सकती है लेकिन उसे उस सम्पत्ति को दान, विक्रय एवं बन्धक रखने का अधिकार नहीं होता है। बृहस्पति ने विधवा पुत्रहीन स्त्री को ही उसके पति की सम्पत्ति का प्रथम अधिकारी घोषित किया है। इसके पीछे वे तर्क देते हैं कि वेदों, स्मृतियों एवं लोकाचार द्वारा घोषित है कि पत्नी अर्धांगिनी है जो पाप व पुण्य में आधे–आधे की साझेदार है जब तक मृत पति की पत्नी जीवित है तब तक उसके शरीर में मृत पति का आधा शरीर जिंदा रहता है। इस आधार पर मृत पति की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी अन्य कैसे हो सकता है।[16]

## पुत्रों की महत्ता एवं उनमें सम्पत्ति विभाजन का नियम

प्राचीन ग्रन्थों में पुत्रों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। ऋग्वेद में पाणिग्रहण के समय वधु को वीर पुत्रों को पैदा करने के लिए आशीर्वाद दिया गया है। साथ ही पति को भी दस पुत्रों को पैदा करने के लिए आशीर्वाद दिया गया है।[17] अथर्ववेद में भी पहले स्त्री को पुरूष प्राप्ति के लिए कहा गया है। शतपथ एवं ऐतरेय ब्राह्मण में भी पुत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि पुत्र जन्म से मनुष्य पितृ–ऋण से मुक्ति पाता है एवं अन्त में उसे अमृत्व एवं दिव्य लोकों की प्राप्ति होती है। स्मृतियों में भी पुत्रों के महत्व की चर्चा मिलती है। नारद का मानना है कि पितृगण पुत्र की कामना ऋणों से मुक्ति के लिए करते हैं।[19] ऐसी सूचना बृहस्पति एवं कात्यायन स्मृतियों में भी मिलती है। स्मृतिकारों ने 12 प्रकार के पुत्रों की चर्चा की है। नारद ने बारह प्रकार के पुत्रों को दो भागों में विभाजित किया है– बन्धुदायाद एवं अदायादबान्धक, प्रथम श्रेणी में और, क्षेत्रज, पुत्रिका पुत्र, कानीन, सहोढ़, एवं गूढ़ोत्पन्न पुत्र आते हैं, जबकि दूसरी श्रेणी में पौनर्भव, अपविद्ध, स्वयंदत्त, दत्त, क्रीत तथा कृत्रिम। मनुस्मृति में 12 पुत्रों के अतिरिक्त एक तेरहवें पुत्र का भी जिक्र मिलता है।[20] जिसे उन्होंने शौद्र के नाम से सम्बोधित किया है। जबकि याज्ञवल्क्य, बृहस्पति, पाराशर एवं विष्णु ने बारह प्रकार के पुत्रों का ही जिक्र किया है।

नारद स्मृति के अनुसार बन्धुदायाद श्रेणी के पुत्र अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् अपने पिता की सम्पत्ति के उत्तराधिकारी बनते हैं जबकि अदायादबन्धव अपने पिता का सिर्फ गौत्र गृहण कर सकते हैं पर पिता की सम्पत्ति नहीं पाते हैं। अनुलोम–प्रतिलोम विवाह से उत्पन्न पुत्रों के सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकार को लेकर भी स्मृतिकारों में मतभेद दिखायी पड़ता है। नारद के मतानुसार वैधानिक ढंग से विवाहित स्त्रियों के वर्ण के आधार पर विभिन्न पुत्रों का अंश निर्भर करता है लेकिन नारद इस बात को स्पष्ट नहीं कर पाये है कि किस वर्ण की स्त्री से उत्पन्न

पुत्र को कितना सम्पत्ति का हिस्सा मिलेगा। जबकि याज्ञवल्क्य, बृहस्पति एवं मनु सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकार को लेकर अधिक स्पष्ट हैं। इनके अनुसार यदि किसी ब्राह्मण के चारों वर्णों की स्त्रियों से उत्पन्न पुत्र हो तो सम्पूर्ण सम्पत्ति को दस भागों में बांटकर, चार भाग ब्राह्मण स्त्री से उत्पन्न पुत्र को तीन भाग क्षत्रिय स्त्री से उत्पन्न पुत्र, दो भाग वैश्य स्त्री से उत्पन्न पुत्र को तथा एक भाग शूद्र स्त्री से उत्पन्न पुत्र को दिया जाना चाहिए।[21]

स्मृतिकारों ने अजौरस पुत्रों को भी सम्पत्ति में भाग पाने का अधिकार दिया है। ज्येष्ठ पुत्र के सम्पत्ति में भाग को लेकर प्रायः सभी स्मृतिकारों का मानना है कि सम्पत्ति का विभाजन करने से पूर्व पैतृक सम्पत्ति से कुल के ऋणों का भुगतान, पिता द्वारा लिए गये ऋणों का भुगतान, पिता द्वारा दिये गये दान, सहभागियों एवं आश्रित नारियों का जीविका निर्वाह, कुमारी कन्याओं के विवाह की व्यवस्था कर लेनी चाहिए। इसके अतिरिक्त नारद के मतानुसार पैतृक सम्पत्ति से छोटे भाईयों के संस्कारों के लिए भी धन मिलना चाएिह। याज्ञवल्क्य एवं बृहस्पति दोनों ही इस मत को मानते हैं। सम्पत्ति विभाजन में बड़े पुत्र को वरीयता देते हुए नारद का मानना है कि ज्येष्ठ पुत्र को सम्पत्ति थोड़ा ज्यादा देनी चाहिए। एक अन्य स्थल पर नारद सम्पूर्ण सम्पत्ति ज्येष्ठ पुत्र को देने की बात करते हैं। परन्तु ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण परिवार की देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ज्येष्ठ पुत्र की ही होती है।[22] मनुस्मृति में ज्येष्ठ पुत्र के सम्पूर्ण सम्पत्ति का उत्तराधिकारी बनने के पीछे के कारण पर प्रकाश डाला गया है। चूंकि उसके जन्म से पिता की पितृ–ऋण से मुक्ति मिलती है। अतः वह पिता से सम्पूर्ण सम्पत्ति पाने का अधिकारी होता है।

कन्या के सम्पत्ति में हिस्से को लेकर नारद ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कन्या को भी उत्तराधिकारी माना जाये। पिता की मृत्यु के पश्चात् पुत्र के समान पुत्री भी पिता के कुल को चलाने वाली होती है। इस संदर्भ में दायभाग का कहना है कि पुत्र के अभाव में सिर्फ वही पुत्री सम्पत्ति की उत्तराधिकारी हो सकती है जो किसी की रखैल एवं विधवा न हो। इसी प्रकार का वर्णन याज्ञवल्क्य, कात्यायन, विष्णु एवं बृहस्पति स्मृतियों में भी देखने को मिलता है।[23]

शारीरिक एवं मानसिक दुर्गुणों से युक्त व्यक्ति को प्राचीन भारत में सम्पत्ति के अधिकार से वंचित रखा जाता था। गौतम, वशिष्ट, बौधायन एवं आपस्तम्भ धर्मसूत्रों का मानना भी है कि पागल, क्लीब, जड़, असाध्य रोगी को रिक्थाधिकार से वंचित मानना चाहिए। अर्थशास्त्र में भी इस बात को मान्यता मिली है। महाभारत में भी धृतराष्ट्र को जन्माध होने के कारण राजा नहीं बनाया गया। इस सम्बन्ध में सभी स्मृतिकारों के भी मत समान है। मानसिक एवं शारीरिक दुर्गुणों वाले व्यक्तियों को सम्पत्ति के उत्तराधिकार से वंचित करने के पीछे का कारण यह था कि ऐसे व्यक्ति धार्मिक कार्यों को करने में सक्षम नहीं थे। स्मृतिकारों ने इस बात को भी माना है कि जो पितृद्रोही, पतित या क्लीब है, जो दूसरे देश में समुन्द्र की यात्रा करता है वे और होते हुए भी रिक्थाधिकार से वंचित होते हैं। नारद स्मृति में कई पुरूषों से उत्पन्न पुत्र को रिक्थाधिकार से वंचित माना है।[24]

विभाजन सम्बन्धी विवादों के निर्णय के लिए स्मृतिकारों ने नियम बनाये हैं। नारद स्मृति में वर्णन मिलता है कि यदि कोई चल या अचल सम्पत्ति विवाद का कारण बनती है तो उस सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद को लिखित दस्तावेज या सब कुछ जानने वाले व्यक्ति के साक्ष्य के आधार पर दूर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त नारद ने अलग–अलग ढंग से किये जाने

वाले धार्मिक कृत्यों को भी प्रमाण माना है। पशु, ऋणों का आदान–प्रदान, भोजन पात्र, आय–व्यय का ब्यौरा आदि भी प्रमाण के रूप में स्वीकार किये गये हैं। जो हिस्सेदार दस वर्षों से संयुक्त परिवार से पृथक रह रहा है और धार्मिक एवं व्यापारिक कार्य स्वयं कर रहा है उन्हें अलग ही समझा जायेगा।[25] इस तरह का वर्णन मनु एवं याज्ञवल्क्य स्मृतियों में भी मिलता है, परन्तु इस बात पर बृहस्पति का मत नारद से भिन्न देखने के लिए मिलता है। बृहस्पति का मानना है कि यदि उत्तराधिकारी सातवीं या आठवीं पीढ़ी का भले ही क्यों न हो उसके जन्म एवं कुल का निश्चित पता लगाकर उसे उसका भाग लौटा दिया जाना चाहिए। बृहस्पति के ये नियम इस मत को प्रकट करते हैं कि लम्बी अवधि के उपरान्त भी कोई उत्तराधिकारी संयुक्त कुल की सम्पत्ति प्राप्त कर सकता है।[26]

मनुस्मृति में वर्णन मिलता है कि वस्त्र, यान, अलंकार, भोजन, स्त्रियों एवं मार्ग का विभाजन नहीं होता है।[27] याज्ञवल्क्य ने भी इस सम्बन्ध में अपना मत व्यक्त किया है। उनके अनुसार पिता द्वारा इस्तेमाल किये गये वस्त्र, अलंकार, यान, शयया आदि को पिता की मृत्यु के उपरान्त श्राद के समय आमंत्रित किये गये ब्राह्मणों को दान में दे देना चाहिए और कृप का प्रयोग बारी–बारी से होना चाहिए। बँटवारा मूल्य लगाकर नहीं होना चाहिए। नौकर के सम्बन्ध में याज्ञवल्क्य ने बताया है कि यदि नौकरानी एक है तो उसे बारी–बारी से इस्तेमाल करना चाहिए, यदि एक से अधिक है तो उन्हें बाँटा जा सकता है या फिर उसके मूल्य का बँटवारा हो सकता है।[28]

बृहस्पति ने विभाज्य एवं अविभाज्य सम्पत्ति के बीच में अन्तर को स्पष्ट किया है और इस संदर्भ में अपने पूर्ववर्ती स्मृतिकारों की आलोचना की है। बृहस्पति का मानना है कि जो लोग वस्त्र आदि को अविभाज्य मानते है इन्होंने इस संदर्भ में ठीक से विचार नहीं किया है। धनिक लोगों के वस्त्र एवं आभूषण भी धन का रूप पा सकते है। यदि इन वस्तुओं को अविभाज्य श्रेणी में रखा जाये तो उनकी जीविका नहीं चल सकती है। न ही इन वस्तुओं को किसी एक व्यक्ति को दिया जाना चाहिए बल्कि इन वस्तुओं का बड़ी ही दक्षता के साथ विभाजन किया जाना चाहिए। अन्यथा ये निरर्थक सिद्ध होगी। यदि इन वस्तुओं का बँटवारा संभव न हो तो इनका विभाजन बेचकर किया जा सकता है। और वस्तुओं के बेचने से जो धन की प्राप्ति हो उसे आपस में बाँटा जा सकता है। ठीक उसी प्रकार यदि पके भोजन का विभाजन नहीं हो सकता है तो उतना ही बगैर पका भोजन दिया जा सकता है। योगक्षेम वाले दान से प्राप्त धन समान भागों में बांट देना चाहिए। आने जाने वाले मार्ग व चरागाह का इस्तेमाल भी भाग के अनुसार ही होना चाहिए। अविभाज्य वस्तुओं का एक साथ सही समय पर ही उपयोग किया जाना चाहिए।[29]

स्मृतिकारों ने विधाधन का भी वर्णन किया है। इस संदर्भ में नारद के अन्य स्मृतिकारों की अपेक्षा परस्पर विरोधी वचन देखने को मिलते हैं। एक तरफ जहाँ नारद कहते हैं कि शौर्य से प्राप्त सम्पत्ति, स्त्री सम्पत्ति एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों से अर्जित सम्पत्ति अविभाज्य है, ठीक वहीं दूसरी तरफ उनका मानना है कि एक भाई यदि अपने दूसरे भाई का पोषण करता है जो विज्ञान के अध्ययन में संलग्न है तो वह भाई अपने दूसरे भाई द्वारा अर्जित सम्पत्ति का एक भाग पाने का अधिकारी है, भले ही पोषण करने वाला भाई अज्ञानी ही क्यों न हो।

''कुटुम्बं विभश्याद भ्रातुर्यो विघामधिगच्छतः। भागं विधाधनात्तस्मात्स लभेता श्रुतोऽपि सन्।।[30]

परन्तु मनु, याज्ञवल्क्य एवं विष्णु विधाधन से अर्जित सम्पत्ति को अविभाज्य मानते हैं। उनका मानना है कि यदि कोई संयुक्त सम्पत्ति को क्षति पहुँचाये बिना स्वयं के परिश्रम से कुछ अर्जित करता है तो यदि वह न चाहे तो उसे किसी को नहीं दे सकता है। क्योंकि यह सम्पत्ति उसकी स्वयं की अर्जित सम्पत्ति है।[31] उपरोक्त मत का खण्डन करते हुए जीमुतवाहन ने दायभाग में कहा है कि जो बच्चा जन्मकाल से ही अपनी जीविका के लिए कुल पर निर्भर करता है, उसके लिए यह कहना कि उस पर पैतृक सम्पत्ति खर्च नहीं की गयी है, बिल्कुल भ्रामक है। अतः उसके द्वारा अर्जित धन का विभाजन होना चाहिए। कात्यायन ने ऐसे धन को अविभाज्य माना है जो धन किसी के द्वारा अपनी प्रतिभा से अर्जित किया गया है। शिल्पियों द्वारा उपहार स्वरूप प्राप्त धन अविभाज्य है। शर्त लगाकर उत्तम ज्ञान द्वारा प्राप्त किया गया धन भी अविभाज्य धन की श्रेणी में आता है।[32]

स्त्री धन को लेकर भी स्मृतिकारों ने नियम बनाये है। प्रायः सभी स्मृतिकारों ने स्त्रीधन को एक विशिष्ट प्रकार की सम्पत्ति माना है। यह वह धन है जो स्त्रियों द्वारा विशिष्ट अवसरों पर उपहार या अन्य रूप में प्राप्त किया जाता है। नारद ने छः प्रकार के स्त्रीधन गिनाये है– विवाहाग्नि के समक्ष वधू द्वारा प्राप्त, वधू को प्रदत्त धन, पति, भाई, माता–पिता द्वारा दिया गया धन।[33] मनु ने उपरोक्त छः स्त्रीधन के अतिरिक्त भी एक अतिरिक्त स्त्रीधन भी गिनाया है जोकि अन्वाधेय (बाद में मिलने वाले भेंट) के नाम से है। इस प्रकार की सूचना याज्ञवल्क्य एवं विष्णु ने भी दी है। कात्यायन ने स्त्रीधन को लेकर विस्तार से चर्चा की है। जो धन स्त्री को विवाह के समय अग्नि के समक्ष दिया जाता है उसे अध्याग्नि स्त्रीधन कहते हैं। विदाई के समय दिया जाने वाला धन अध्यावहनिक, ससुर, सास व ज्येष्ठजनों द्वारा दिया जाने वाला धन प्रीतीदत्त, बरतनों, पशुओं, आभूषणों व दग्सों के रूप में प्राप्त धन अन्वाधेय एवं पिता, पति भाई से प्राप्त धन सौदामिका स्त्रीधन कहलाता है। परन्तु माता–पिता या भाई से छल से लिया गया धन स्त्रीधन नहीं कहलाता है।[34]

स्त्रीधन के उत्तराधिकार को लेकर स्मृतिकारों ने उत्तराधिकार का अधिकार कन्याओं को दिया है। नारद का मानना है कि माता–पिता का धन कन्याओं को मिलना चाहिए और उनके अभाव में उनकी संतानों को–

*''पितर्यूर्ध्व गते पुत्र विभजेरन्धनं क्रमात्। मातुर्दुहितरोऽभावे दुहित्तष्णां तदन्वयः।।*[35]

विवाह के प्रकार के आधार पर भी स्त्रीधन के उत्तराधिकारी अलग है। ब्रहम, दैव, आर्श, प्रजापात्य एवं गांधर्व नामक विवाह से विवाहित स्त्री यदि सन्तानहीन रह जाये तो उसकी सम्पत्ति का उत्तराधिकारी उसका पति होता है। परन्तु राक्षस एवं पैशाच विवाह से विवाह स्त्री की मृत्यु हो जाये और उसके कोई संतान न हो तो उसकी सम्पत्ति के अधिकारी उसके माता–पिता होते हैं। इस प्रकार का वर्णन मनु, याज्ञवल्क्य एवं विष्णु स्मृतियों में भी मिलता है। बृहस्पति का मानना है कि स्त्रीधन में कुँवारी कन्याओं को वरीयता मिलनी चाहिए। कात्यायन भी स्त्रीधन में कुमारी कन्याओं को ही वरीयता देते हैं।

❒

*सन्दर्भ –*


1. काणे, पी.वी. (1950), धर्मशास्त्र का इतिहास, भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बम्बई, पृ. 838–391
2. ऋग्वेद– (1849–1874), सम्पादक– मैक्समूलट, लन्दन, पृ. 2/32/4
3. वही, पृ. 3/31/2
4. अथर्ववेद– (1964), स्वाध्याय मंडल पार्टी, होशियारपुर, पृ. 5/18/6
5. तैतरीय संहिता (1938), आनन्द आश्रम संस्कृत ग्रन्थावली, पूना, पृ. 4/5/8/2
6. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृत सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 3/1
7. वही, लोक संख्या 13/2
8. मनु स्मृति– प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 9/104
9. याज्ञवल्क्य स्मृति (2004), चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी, पृ. 2/114
10. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृत सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/3
11. मनु स्मृति (2020), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 9/104
12. वही, पृ. 9/111
13. कात्यायन श्रोत सूत्र (1987), अच्युत ग्रन्थमाला कार्यालय, काशी, पृ. 893
14. वही, पृ. 893
15. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/12
16. आयंगर, के0वी0 रंगास्वामी (1940), बृहस्पति– जे.ई. बिंघम, कलकत्ता, पृ. 46–49
17. ऋग्वेद (1962), स्वाध्याय मंडल पार्टी, गुजरात, पृ. 10/85
18. अथर्ववेद (1964), स्वाध्याय मंडल पार्टी प्रकाशन और वैदिक रिसर्च इंस्टीट्यूट साधु आश्रम, होशियारपुर, पृ. 3–23
19. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 1/5
20. मनु स्मृति– प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 9/152
21. वही, पृ. 9/130
22. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/13–14
23. मनु स्मृति (2020), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 9/130
24. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/19
25. वही, पृ. 13/48
26. आयंगर, के.वी. रंगास्वामी (1940), बृहस्पति, जी.ई. बिंघम, कलकत्ता, पृ. 25/24–26
27. मनु स्मृति (2020), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 9/219
28. याज्ञवल्क्य स्मृति (2004) चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी, पृ. 2/118
29. आयंगर, के.वी. रंगास्वामी (1940), बृहस्पति, जी.ई. बिंघम, कलकत्ता, पृ. 25/79–85
30. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/10
31. मनु स्मृति (2020), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 9/206
32. कात्यायन श्रोत सूत्र (1987), अच्युत ग्रन्थमाला कार्यालय, काशी, पृ. 867–73
33. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/2
34. कात्यायन श्रोत सूत्र (1987), अच्युत ग्रन्थमाला कार्यालय, काशी, पृ. 903
35. नारद स्मृति (1967), चौखम्बा संस्कृति सीरिज ऑफिस, वाराणसी, पृ. 13/2

*पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 86–92*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# भारतीय राजनीति में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता टिहरी जनपद के विशेष सन्दर्भ में

**सबीना अख्तर**
शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, हेमवंती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय,
(स्वामी रामतीर्थ परिसर), टिहरी
E-mail <sabeenaakhtarsabeenaakhtar5@gmail.com>

**सारांश**

*किसी भी देश की शासन व्यवस्था को भली–भांति चलाने के लिए उसे देश की जनता की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली में जन–सहभागिता मुख्य भूमिका निभाती है किसी भी राष्ट्र राज्य में जितना अधिक लोगों के द्वारा राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता प्रदान की जाती है, उतना ही उसे राजनीतिक व्यवस्था में स्थायित्व पाया जाता है। राजनीति में सहभागिता पुरुषों के साथ महिलाओं द्वारा भी प्रदान की जाती है प्रत्येक युग में महिलाओं द्वारा राजनीति में सहभागिता प्रदान की गई है। स्वतंत्र भारत में ऐसी कई महिलाएं रही है, जो राजनीति के क्षेत्र में आदर्श बनी है महिलाएं केवल मतदाता के तौर पर ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार से राजनीति में अपना योगदान प्रदान करती आई है। देश के लोकसभा चुनाव में हो या प्रादेशिक स्तर पर स्थानीय राजनीति में भी महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण साबित होती हैप्रस्तुत शोध–पत्र में शोधार्थी द्वारा राजनीतिक सहभागिता का आशय, परिभाषाएं, भारत में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता के बारे में तथा टिहरी जनपद की महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता का अध्ययन कर ज्ञात विवरण का उल्लेख प्रस्तुत किया गया है।*

**मुख्य शब्द**– राजनीति, महिलाओं, सहभागिता।

## प्रस्तावना

आज संपूर्ण विश्व में कोई भी राज्य, राष्ट्र ऐसा नहीं है जहां राजनीतिक सहभागिता देखने को ना मिलती हो किसी भी राष्ट्र राज्य की सामाजिक व्यवस्था को भली– भांति चलाने के लिए राजनीतिक व्यवस्था का उचित होना आवश्यक समझा जाता है। विशेषतः लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था वाले देशों में राजनीतिक सहभागिता का महत्व अधिक होता है, राजनीतिक सहभागिता को राजनीतिक व्यवस्था का अभिन्न अंग माना जाता है जिसे समाज में जितने

अधिक लोगों की राजनीति में सहभागिता प्रदान कराई जाएगी उस समाज की राजनीति में स्थायित्व उतना ही अधिक पाया जाएगा जिस देश की शासन व्यवस्था में राजनीतिक सहभागिता का स्तर कम पाया जाता है ऐसे समाज में अराजकता की स्थिति पैदा होने की संभावनाएं ज्यादा देखी जाती है। राजनीतिक सहभागिता राजनीतिक शासन व्यवस्था को औचित्यता प्रदान करती है। देश की शासन व्यवस्था को जन सहभागिता के माध्यम से ही जन समर्थन प्राप्त होता है । राजनीतिक शासन व्यवस्था में सहभागिता कई प्रकार से प्रदान की जा सकती है, वह क्रियाएं लगातार भी की जा सकती है, केवल एक ही बार भी की जा सकती हैं, कभी–कभी हो सकती है, कभी किसी भी परिस्थिति में यह व्यक्तियों के द्वारा की जाने वाली क्रियाएं होती है जो राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित करती है एक अच्छी लोकतंत्र शासन प्रणाली राजनीतिक सहभागिता को आधार व ऊर्जा के रूप में स्वीकार कर ही गतिमान रह सकती है, अतः राजनीतिक सहभागिता को राजनीतिक प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण संकल्पना कहा जा सकता है। किसी भी देश की शासन प्रणाली को सुव्यवस्थित चलाने व समाज की शांति व्यवस्था को बनाए रखने में राजनीतिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका देखी जाती है इस प्रकार राजनीतिक सहभागिता राजनीतिक व्यवस्था का अभिन्न अंग माना जाता है।

**राजनीतिक सहभागिता**

लोकतंत्र शासन प्रणाली में राजनीतिक व्यवस्था को विधिपूर्वक चलाने के लिए राजनीतिक सहभागिता को महत्वपूर्ण माना जाता है। राजनीति में सहभागिता किसी भी राजनीतिक प्रणाली का एक महत्वपूर्ण कारक साबित होता है। राजनीतिक सहभागिता एक ऐसी प्रणाली है जो की राजनीतिक व्यवस्था के अंतर्गत होने वाले विभिन्न गतिविधियों को समझने में सहायक मानी जाती है राजनीति में जितने लोगों द्वारा प्रतिभागी की जाती है। राजनीतिक व्यवस्था को उसी तरह स्थायित्व प्राप्त होता है जनता द्वारा प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति में भागीदारी देना ही राजनीतिक सहभागिता कहलाता है, राजनीतिक व्यवस्था को सफल बनाने में सहभागिता मुख्य भूमिका निभाती है। लोकतांत्रिक लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था देश के प्रत्येक नागरिक से संबंधित होती है। राजनीति के अंतर्गत के सहभागिता के स्तर पर बढ़ोतरी लाने के लिए अधिक से अधिक जनता का सम्मिलित होना आवश्यक होता है। आधुनिक लोकतंत्र व्यवस्था की आधारशिला सहभागिता कहलाती है जनता के द्वारा प्रदान की जाने वाली सहभागिता आदर्श समाज को निर्मित करने में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती है।[1]

**अर्थ**

राजनीतिक सहभागिता दो शब्दों से मिलकर बना है। सामान्य अर्थ साझेदारी होता है महत्वपूर्ण राजनीति किसी भी समाज की आवश्यकता मानी जाती है राजनीतिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार व्यक्ति द्वारा अपनी भागीदारी प्रदान करने को राजनीतिक सहभागिता कहते हैं।

सहभागिता एक ऐसी प्रणाली है जिसमें किसी भी सामाजिक स्तर के व्यक्ति के जीवन से संबंधित हर पहलू को विकास की ओर अग्रसर किया जाता है। जिसके द्वारा सभी व्यक्तियों की सहमति व राजनीति के निर्णय प्रक्रिया नियंत्रित रह सके जिससे समाज में प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाया जा सके राजनीति में शासन व्यवस्था की ओर से की जाने वाली गतिविधियों को सहभागिता कहेंगे जिस राजनीतिक व्यवस्था में अधिक से अधिक व्यक्तियों का

सहयोग सम्मिलित हो उसे उतनी अधिक सफल राजनीति कहा जाता है अतः हम कह सकते हैं कि व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली वे समस्त राजनीतिक गतिविधियां जिनके द्वारा शासन के निर्णय प्रणाली को प्रभावित किया जाता है, उसे राजनीतिक भागीदारी कहेंगे।[2]

**परिभाषाएं** :–राजनीतिक सहभागिता को लेकर कई विद्वानों ने अपनी परिभाषाएं प्रस्तुत की हैं–

**नॉर्मन एच.नी.ई. एवं सिडनी वबाः**–राजनीतिक सहभागिता आम लोगों की वह समस्त गतिविधियां है जिनका उद्देश्य राजनीतिक पदाधिकारी के चयन और उनके द्वारा लिए जाने वाले निर्णय को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करना होता है''।[3]

**मैक ग्लास्की** :– '' राजनीतिक सहभागिता को उन स्वैच्छिक क्रियाओं जिनके द्वारा समाज के शासको के चयन प्रत्यक्ष– अप्रत्यक्ष जन– नीतियों के निर्माण में भाग लेते हैं, के रूप में परिभाषित किया जा सकता है''।[4]

**लर्नर** :– ''जो व्यक्ति एक बार राजनीतिक क्रियाकलापों में सहभागी होने का निर्णय कर लेता है वह इन क्रियाकलापों पर अपना एक निश्चित अभिमत भी रखता है तथा उसके अंदर सहभागी होने की भावना उत्तरोत्तर बढ़ती जाती हैः।[5]

**माइनर बीनर**– ''राजनीतिक सहभागिता कोई भी स्वैच्छिक कार्य सफलतापूर्वक या असफलतापूर्वक संगठित अथवा संगठित भागों में अथवा लगातार उचित तथा अनुचित तरीकों से प्रमुख अधिकारियों को प्रभावित करके सार्वजनिक नीतियों का चयन करना है राजनीतिक सहभागिता में आमतौर से दो निर्णय आवश्यक है पहले यह निश्चित करना के काम करना या नहीं करना और दूसरा कार्य की दिशा को निश्चित करना।[6]

**न्यू हैंड बुक आफ पॉलीटिकल साइंस के अनुसार**–लोक नीतियों के निर्माण, निरूपण और क्रियान्वयन में सक्रिय भाग लेना राजनीतिक सहभागिता ह।[7]

**पेरी मोयजर एवं डेः**–राजनीतिक सहभागिता सार्वजनिक नीति के निर्माण, निरूपण एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया में सक्रिय भाग लेना है इसका संबंध नागरिकों की उन प्रतिनिधियों से है जिनका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा लिए जाने वाले निर्णय को प्रभावित करना है'।[8]

**हीज–युलाउ के अनुसार–**

''राजनीतिक सहभागिता निर्णय– निर्माण प्रक्रिया अथवा नीति– निर्माण में जनता का भाग लेना है''।

**डी.के. विश्वास के अनुसार**–''राजनीतिक सहभागिता का अर्थ लोगों द्वारा मताधिकार जैसे– राजनीतिक अधिकारों का केवल प्रयोग ही नहीं है, अपितु इसका अर्थ उनकी ऐसी क्रियाशील सहभागिता है जो सरकार के निर्णय – निर्माण कार्य के वास्तव में कार्य को वास्तव में प्रभावित करती है''।[9]

अतः राजनीतिक सहभागिता के अंतर्गत उन सभी कार्य प्रणालियों गतिविधियों को सम्मिलित किया जाता है जो कि राजनीतिक प्रणाली को प्रभावित करने में समर्थ होती है राजनीतिक प्रणाली के अंतर्गत चुनाव प्रणाली से लेकर सरकार के द्वारा निर्णय– निर्माण प्रणाली को प्रभावित करने की समर्थता राजनीतिक सहभागिता द्वारा होती है राजनीतिक सहभागिता के

माध्यम से शासको को शासितों का उत्तरदाई होने में सहायता प्रदान करता है राजनीतिक सहभागिता द्वारा व्यक्तियों का राजनीतिकरण होता है।

**महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता**

लोकतंत्र शासन प्रणाली का संबंध ही राजनीतिक सहभागिता से है देश के अंतर्गत शासन प्रणाली को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक व्यक्ति राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता प्रदान करें जिनमें महिलाओं का भी राजनीति में भाग लेना आवश्यक समझा जाता है प्राचीन समय से पितृसत्तात्मक परिवारों में व साधारण परिवारों में महिलाओं को सहभागिता देने से वंचित रखा जाता था धीरे–धीरे समय के साथ परिवर्तन समाज की कुरीतियों को दूर करने के साथ ही महिलाएं अपने सामाजिक, राजनीतिक अधिकारों को लेकर जागरूक हुई किसी भी समाज का महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक अधिकारों में जागरूक हुए बिना तथा उनके राजनीतिक सहभागिता के अभाव में राज्य राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता महिला राजनीतिक सहभागिता उनकी अपनी इच्छा से की जाने वाली राजनीतिक गतिविधियां है जिनके द्वारा निर्णय से संबंधित प्रक्रियाएं निर्धारित व प्रभावित होती हैं अतः महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता का आशय केवल मतदान करना न होकर सरकार के प्रत्येक स्तरों तथा निर्णय निर्माण प्रक्रिया, नीतियों के निर्माण में व शक्ति के प्रयोग की भागीदारी में भी होता है।

महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता प्रदान करने की अवधारणा उनके द्वारा की जाने वाली राजनीतिक व्यवस्था में विभिन्न गतिविधियों से होती है जिसके अंतर्गत मतदाताओं के मध्य जाकर अभिमत करना, विधायकों से संपर्क, राजनीतिक मुद्दों पर विचार–विमर्श करना आदि क्रिया–कलापों को शामिल किया जाता है साथ ही उन गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाता है, जिनको राजनीतिक सहभागिता के तहत सामान्य तौर पर राजनीतिक परिधि से बाहर का माना जाता है, क्योंकि महिलाओं के राजनीतिक व्यवस्था में किए जाने वाले क्रियाएं मुख्यतः उनसे संबंधित होते हैं हमारे देश में ऐतिहासिक रूप से कई महिलाएं राजनीति में सक्रिय देखी गई है, जिनमें से रजिया सुल्तान, अहिल्याबाई होल्कर, लक्ष्मीबाई स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में बेगम हजरत महल, अरुणा आसफ अली, सरोजिनी नायडू, सुचेता कृपलानी आदि।[10]

महिलाओं ने आंदोलन का राजनीतिक संगठनों में प्रतिभाग किया है इसके अलावा क्रांतिकारी वामपंथी आंदोलन, वन कटाई की रोक को लेकर प्रदर्शन राष्ट्रीय आंदोलन के समय महिलाओं ने गांधी जी के अंतर्गत सर्वप्रथम 1917 में महिलाओं के द्वारा राजनीतिक मुद्दा उठाया गया सन 1930 में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है संविधान निर्माता ने भी महिलाओं के विकास को लेकर संविधान में अनेक उपबंधों का प्रावधान प्रस्तुत किया है जिसके द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण की ओर अधिक मजबूत बनाया जा सके व इस तरह कई सारे प्रयास महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता को किए जाते रहे हैं। भारत देश की पूर्व सशक्त प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चिरस्मरणीय है व इनके अलावा जे. जयललिता (तमिलनाडु), सुचेता कृपलानी, उमा भारती, मायावती शीला दीक्षित, ममता बनर्जी आदि महिलाओं ने अपनी प्रशासनिक क्षमता कौशल के द्वारा राजनीतिक सहभागिता में व राजनीतिक सशक्तीकरण को नई दिशा प्रदान की है।

भारतीय संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार सभी नागरिकों को समान रूप से प्राप्त हैं इन अधिकारों को लेकर धर्म, लिंग, जाति, जन्म स्थान आदि के बारे में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करने व साथ ही प्रदेश के अधीन सभी व्यक्तियों को समान अवसर उपलब्ध करवाने की व्यवस्था प्रदान की गई है इसी तरह नीति–निर्देशक तत्व में सभी व्यक्तियों को समान कार्य को लेकर समान वेतन प्रदान कराई जाती है तथा साथ ही महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान कराए जाने के संबंध में प्रावधान दिए गए हैं भारत देश में आजादी के पक्ष से ही संसदीय चुनाव को लेकर महिलाओं की संसद में सदस्यता के रूप में सहभागिता प्रदान की गई है।[11]

पहली लोकसभा 1952 में 499 सीटों में 22 महिलाओं ने लोकतंत्र लोकसभा की सदस्यता हासिल की भारत की प्रथम कैबिनेट मंत्री राजकुमारी अमृतकौर बनी द्वितीय लोकसभा 500 सीटों में 27 महिलाओं द्वारा सदस्यता ग्रहण की गई तृतीय लोकसभा में 1962 में 65 महिलाओं द्वारा चुनाव लड़ा गया व 34 महिलाओं द्वारा सफलता प्राप्त की गई। 24 जनवरी 1966 में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी। चतुर्थ लोकसभा 1967 में 66 महिलाओं में से 31 महिलाएं सदस्यता ग्रहण करने में सफल रही पंचम लोकसभा 1971 में दो महिलाओं ने सफलता प्राप्त की छठवीं लोकसभा सन 1977 में 19 महिलाओं ने सदस्यता प्राप्त की सातवीं लोकसभा 1980 में 28 महिलाओं को सफल ता प्राप्त हुई आठवीं 1984 के लोकसभा चुनाव में 44 महिलाओं ने सफलता प्राप्त की नवी 1990 के लोकसभा चुनाव में 27 महिला उम्मीदवारों ने सदस्यता प्राप्त की इस प्रकार महिलाओं द्वारा राजनीति में अपनी सहभागिता प्रदान की जाती रही है। महिला राजनीतिक सहभागिता को लेकर व्यावहारिक धरातल पर संविधान के 73 में व 74 में संशोधन तथा स्थानीय नगर निकायों के संबंध में हर स्तर पर पदों में एक तिहाई स्थान में आरक्षण व्यवस्था रखी गई है। भारत देश में जनसंख्या का आधा हिस्सा महिलाओं का है, महिलाओं में सशक्तिकरण महिलाओं को मजबूत बनाकर ही हो सकता है। एक स्वस्थ लोकतंत्रात्मक गणराज्य के निर्माण में सभी व्यक्तियों की समान रूप से राजनीतिक भागीदारी आवश्यक है।

हमारे देश में आज भी यह देखा जाता है कि राजनीति तथा अभिशासन से महिलाओं को पूर्ण रूप से शामिल होते हुए नहीं पाया गया सक्रिय रूप से राजनीति में भागीदारी करने वाली महिलाओं की संख्या आज भी कम ही देखी जाती है महिलाओं को पुरुषों के समान समानता प्राप्त कर करने के लिए उन्हें समान स्तर पर सत्ता में भागीदारी करने की आवश्यकता है, तभी सही अर्थ में देश का विकास हो पाएगा अतः महिलाओं को उनके अधिकार प्रदान करने के लिए व हर स्तर पर उनका विकास करने के लिए उनका राजनीतिक व्यवस्था के प्रति रुचि लेना व जागरूक होना जरूरी है व उनके राजनीतिक व्यवस्था में किसी न किसी रूप में प्रतिभाग करना आवश्यक है।[12]

## टिहरी जनपद में महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता पर किया गया अध्ययन

1– टिहरी जनपद की 86 प्रतिशत महिलाएं मतदान अपनी इच्छा से करती हैं तथा 14 प्रतिशत महिलाएं राजनीतिक दलों के पूर्ण ज्ञान के अभाव के कारण अपने परिवार के सदस्यों व सहयोगियों के विचारानुसार करती हैं।

2–टिहरी जनपद की 11 प्रतिशत महिलाएं चुनाव लड़ना चाहती हैं तथा 89 प्रतिशत महिलाएं का राजनीति में रुझान न होने के कारण चुनाव लड़ना नहीं चाहती।

3– टिहरी जनपद के अंतर्गत केवल 5 प्रतिशत महिलाएं ही राजनीतिक दलों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है व 95 प्रतिशत महिलाएं पारिवारिक वातावरण के कारण, सामाजिक कुरीतियों के कारण व इस क्षेत्र में ज्ञान के अभाव के कारण राजनीतिक दलों से जुड़ी हुई नहीं है।

4– टिहरी जनपद के अंतर्गत 22 प्रतिशत महिलाओं द्वारा स्वीकार किया गया है कि पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के राजनीतिक जीवन को महत्व न देने के कारण उन्हें राजनीतिक सहभागिता प्रदान करने से रोका जाता है तथा 78 प्रतिशत महिलाओं ने शिक्षित परिवार होने से व राजनीतिक महत्व को समझने को लेकर पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को राजनीतिक सहभागिता प्रदान करने से रोकने को नकारा है।

5– टिहरी जनपद की 61 प्रतिशत महिलाओं का मानना है कि सामाजिक कुरीतियों के कारण महिलाओं के राजनीतिक सहभागिता में अवरोध उत्पन्न होता है तथा 39 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि समाज के शिक्षित परिवारों में इस प्रकार की सामाजिक कुरीतियों का अनुसरण नहीं किया जाता है।

6– टिहरी जनपद की 58 प्रतिशत महिलाएं उत्साह पूर्वक राजनीति में सहभागिता प्रदान करती हैं व 42 प्रतिशत महिलाएं राजनीति में उदासीन होने के कारण उत्साह पूर्वक सहभागिता प्रदान नहीं करती हैं।

7– टिहरी जनपद की 47 प्रतिशत महिलाएं राजनीतिक आंदोलन में प्रतिभाग करना जरूरी समझती हैं तथा 53ः महिलाएं राजनीतिक दलों के पूर्ण ज्ञान न होने के कारण व आंदोलन में प्रतिभाग करने के महत्व के ज्ञान के अभाव के कारण राजनीतिक आंदोलन में प्रतिभा करना जरूरी नहीं समझती हैं।

8– टिहरी जनपद की 44 प्रतिशत महिलाओं के द्वारा राजनीति में सक्रियता प्रदान की जाती है तथा 56 प्रतिशत महिलाएं घरेलू काम के दायित्वों के चलते व ग्रामीण परिवेश में अधिक समय कृषि कार्य में व्यस्तता के कारण वे राजनीति में सक्रियता प्रदान नहीं कर पाती हैं।

9– टिहरी जनपद की 66 प्रतिशत महिलाओं का मानना है कि पारिवारिक वातावरण महिलाओं के राजनीतिक जीवन पर प्रभाव डालता है तथा 34 प्रतिशत महिलाएं परिवार के सदस्यों की ओर से राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहने के लिए अभिप्रेरित नहीं किए जाने के कारण वह पारिवारिक वातावरण को उनके राजनीतिक जीवन में अवरोध मानती हैं।

10– टिहरी जनपद की 55 प्रतिशत महिलाएं चुनावी मुद्दों पर चर्चा करना पसंद करती हैं तथा 45 प्रतिशत महिलाएं राजनीति के विषय में अज्ञानता के कारण व इस क्षेत्र को लेकर जागरूक न होने के कारण चुनावी मुद्दों पर चर्चा नहीं कर पाती है।

11– टिहरी जनपद की 77 प्रतिशत महिलाएं राजनीतिक दलों से संबंधित ज्ञान रखती हैं तथा 38 प्रतिशत महिलाएं राजनीति में रुचि न लेने के कारण राजनीतिक दलों का पूर्ण ज्ञान नहीं रखती है।

12– टिहरी जनपद की 86 प्रतिशत महिलाएं अपनी राजनीतिक अधिकारों का ज्ञान रखती हैं तथा 14 प्रतिशत महिलाएं शिक्षा के अभाव के कारण अपने राजनीतिक अधिकारों का ज्ञान नहीं रखती है।

13– टिहरी जनपद की 27 प्रतिशत महिलाएं चुनावी दलों को चंदा देना सही समझती हैं तथा 73 प्रतिशत महिलाएं चुनावी दलों को आर्थिक सहायता प्रदान करने को आवश्यक न समझते हुए चंदा देने को सही नहीं मानती हैं।

14 – टिहरी जनपद की 16 प्रतिशत महिलाएं ही चुनावी रैली में प्रतिभाग करती हैं तथा 84 प्रतिशत महिलाएं घरेलू कार्यो व दायित्वों को लेकर समय न निकल पाने के कारण चुनावी रैली में प्रतिभाग नहीं कर पाती है।

15 – टिहरी जनपद की 38 प्रतिशत महिलाएं राजनीतिक सभा सम्मेलनों में प्रतिभाग करती है तथा 62 प्रतिशत महिलाएं सभा, सम्मेलनों का अपने राजनीतिक जीवन में महत्व न जानने के कारण वे इनमें प्रतिभाग नहीं करती है ।

**निष्कर्ष**

टिहरी जनपद की अधिकांश महिलाएं अपने राजनीतिक अधिकारों का ज्ञान रखती हैं इस क्षेत्र की महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता पर अध्ययन कर पाया गया कि सामाजिक कुरीतियों, शिक्षा का अभाव परिवार के सदस्यों द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग न देना तथा राजनीति के क्षेत्र में पूर्ण ज्ञान के अभाव के कारण भी इस क्षेत्र की महिलाएं राजनीतिक सहभागिता प्रदान नहीं कर पाती हैं तथा ऐसी महिलाओं की प्रतिशतता में भी अधिकता देखी गई जो राजनीतिक जीवन में रुचि नहीं दिखाती है अतः यह कहा जा सकता है कि टिहरी जनपद की महिलाएं राजनीति का ज्ञान तो रखती है, लेकिन राजनीतिक गतिविधियों में प्रतिभाग करने के महत्व को नहीं समझती है तथा इसमें सक्रियता नहीं दिखाती हैं टिहरी जनपद की महिलाओं को राजनीति के अंतर्गत समस्त गतिविधियों का बोध रखने के साथ ही इसकी उपयोगिता को समझने की आवश्यकता है।

❐

***सन्दर्भ –***


1. *लिप्सेंट एस. एन. पोलिटिकल, मैन बंबई फेकर एंड साउथ एशिया शालीमार पब्लिशिंग हाउस, वाराणसी 1948, पृ. 1*
2. *धर्मा दासमी, एम.डी. पॉलीटिकल पार्टिसिपेशन एंड साउथ एशिया शालीमार पब्लिशिंग हाउस, वाराणसी 1948, पृ. 1*
3. *बघेल, डी.एस. कुर्चली, टी.पी. सिंह , राजनैतिक समाजशास्त्र 2012, विवेक प्रकाशन, पृ. 211*
4. *Herbert mc Glosky: Political Participation, Quoted from David mills] op- cit vol- 12 p-253&254*
5. *लर्नर, डेनियल, द पासिंग आफ ट्रेडिशनल सोसाइटी, मॉडर्न ईजिंग द मिडल ईस्ट, द फ्री प्रेस, न्यूयॉर्क 1968, पृ. 71*
6. *पूनम, मोहन, एनसाइक्लोपीडिया ऑफ वूमेन, इंडियन पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स दिल्ली, 2000, पृ. 303*
7. *गुडिन, रॉबर्ट ई. एंड. हेंस, क्लिगमान( एडि.), ए. हैंड बुक ऑफ पोलिटिकल साइंस, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस न्यूयॉर्क, 1996, पृ. 17*
8. *पैरी मोररचर एंड डे, पॉलीटिकल पार्टिसिपेशन एंड डेमोक्रेसी इन ब्रिटेन कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस कैंब्रिज 1992, पृ. 19*
9. *यादव डी.पी., तुलनात्मक राजनीति और राजनीतिक परिवर्तन, सुमित इंटरप्राइजेज, प्रथम संस्करण – 2012, पृ. 45, 46*
10. *वी.एन. सिंह व जनमेज्य सिह, नारीवाद, रावत पब्लिकेशंस, जयपुर, 2001 पृ. 22*
11. *उदय सिंह राजपूत, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता, (संपादक– हरिमोहन धवन व अरुण कुमार) महिला आरक्षण एवं भारतीय समाज, रावत पब्लिकेशंस, जयपुर– 2011, पृ. 80, 81*
12. *आशा कौशिक, (सपा.) नारी सशक्तिकरणः विमर्श एवं यथार्थ पोइंटर पब्लिशर्स, जयपुर 2004, पृ. 34*

*पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
*वर्ष 30, संयुक्तांक 117–118, अप्रेल–सितम्बर, 2024 पृ. 93–106*

***UGC Care Listed Journal***
***ISSN 0974 -1100***

# कबीर का अनुभववाद

**मेवालाल**
शोधार्थी, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (BHU) वाराणसी– 221005
E-mail : mevalal94@gmail.com

**सारांश**

*कबीर (1388–1518) ने लगभग 130 साल का लंबा जीवन जिया। यह मध्यकालीन समय था। उस समय जीवन का उद्देश्य ईश्वर प्राप्ति माना जाता था। उसकी प्राप्ति का माध्यम भक्ति था। और भक्ति में ही लोग अपना कल्याण देखते थे। इसी के माध्यम से इहलोक के बजाय परलोक को बनाने में लग जाते थे। इन सब के लिए एक गुरु की दीक्षा आवश्यक होती थी। यह एक औपचारिक मान्यता थी। कबीर गृहस्थ भी थे और संन्यासी भी थे वह समाज से कटे हुए नहीं थे। वे साधु सत्संग भी किया करते थे उन्होंने देशाटन करके विविध प्रकार के समाज को देखा। विविध प्रकार के लोगों को देखा तथा उनके बीच संबंधों को देखा। यहीं से उनके विचारों में वृद्धि होती है। लोक से प्राप्त ज्ञान स्वतः शास्त्रीय ज्ञान का खंडन है। यही से उनके अनुभववादी बनने की प्रक्रिया शुरू होती है। इन्हीं अनुभव को उन्होंने कविता में ढाला।*

**बीज शब्द**– बुद्धिवाद, अनुभववाद, ज्ञानमीमांसा, आत्मज्ञान, आगमन तर्क, निगमन तर्क, सामाजिक चेतना, संशयवाद, मनोवेग, ईश्वरवाद, नैतिक मूल्य, मानवता, इंद्रीयबोध, आत्मनिष्ठ, लोकोत्तर।

## परिचय

रामस्वरूप चतुर्वेदी 'हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास' नामक पुस्तक में लिखते हैं कि 'कबीर में कई तरह के रंग हैं भाषा के भी और संवेदना के भी। हिंदी की बहुरूपी प्रकृति उनमें खूब खुली है।[1] कबीर के काव्य में ब्रह्म, आत्मा, रहस्यवाद, आधुनिकता के रंग तो है ही साथ ही अनुभव के रंग भी देखे जा सकते हैं। जो उनके काव्य का स्रोत भी है। उन्होंने जीवन के अनुभव को काव्य बनाया। उनके इस अनुभव में देखना सुनना सोचना भावना कल्पना आदि शामिल हैं। इसी अनुभव के कारण वे बाहरी दुनिया तथा आंतरिक दुनिया (अपने भीतर) को प्रत्यक्ष देख रहे थे और अपने समय के जागृत संत थे।

प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के प्रति सचेत होता है। सोचने का यही उद्देश्य भी है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज के प्रति भी सचेत होता है यही मानव जीवन का उद्देश्य है। व्यक्ति अपने चेतन मन से संचालित होता है। जिस चीज के बारे में दिमाग सोचता है। उस विचार का स्रोत भौतिक जगत ही होता है। यदि मन अनास्तित्व संबंधी चीजों पर विचार करता है तो भी उसका आधार भौतिक जगत ही होता है। कबीर के काव्य में जो विचार उद्धृत है। वह इंद्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान है। वह शास्त्रीय ज्ञान से अलग है। कबीर व्यक्ति और समाज दोनों को देखते है तथा सोचते भी और गलत चीजों की आलोचना भी करते है। उनके अनुसार गलत वह है जो अतार्किक है जो अनुभव से परे है। जो बुधिसंगत नहीं लगती। इस प्रकार कबीर एक सामाजिक व्यक्ति के रूप में हमारे सामने आते है।

**अनुभववाद**

17वीं शताब्दी में एक प्रश्न पर बौद्धिक लड़ाई हुई। प्रश्न यह था कि ज्ञान का प्रारंभिक बिंदु क्या है? यूरोप में इस प्रश्न पर दार्शनिक दो भागों में बट गए। एक तरफ बुद्धिवादी थे दूसरे तरफ अनुभववाद। बुद्धि वादी ज्ञान का प्रारंभिक बिंदु बुद्धि को मानते थे जबकि अनुभववादी ज्ञान का प्रारंभिक बिंदु अनुभव को मानते थे। बुद्धिवाद के अंतर्गत प्लेटो, रेने डिकार्ट्स आदि आते हैं जबकि अनुभववाद के अंतर्गत जॉन लॉक, मिल, स्पिनोजा, डेविड ह्यूम आदि प्रमुख रूप से आते हैं।

बुद्धिवाद और अनुभववाद दर्शन के ज्ञान मीमांसा के अंतर्गत आते हैं। यह प्रकृति का अध्ययन, स्रोत तथा ज्ञान की सीमा के बारे बताता है। ज्ञान विभिन्न चीजों के बारे में होती है। यह बहुत विस्तृत है लेकिन इसे तीन श्रेणियां में बांटा जा सकता है –

1. बाह्य संसार का ज्ञान
2. आंतरिक दुनिया का ज्ञान (आत्मज्ञान)
3. नैतिक मूल्यों का ज्ञान

- ज्ञान मीमांसा के अंतर्गत तीन सवाल आते हैं।
  1. ज्ञान का स्वरूप क्या है ?
  2. ज्ञान कैसे प्राप्त किया जा सकता है?
  3. ज्ञान की सीमा क्या है?
- बुद्धिवाद और अनुभववाद दोनों एक–दूसरे प्रश्न से संबंधित दर्शन है।

अनुभववाद ज्ञान प्राप्त करने का दृष्टिकोण है। जो ज्ञान प्राप्त होता है उसको इंद्रिय के माध्यम से जांचा परखा जाता है। यह एक दर्शन भी है और विचारधारा भी है। 'इसमें उस ज्ञान को महत्व दिया जाता है जो जांच परख व प्रयोग पर आधारित हो। किसी आस्था या अंधविश्वास पर नहीं।[2] यह उन दावों को खारिज करता है जिसका परीक्षण अनुभवजन्य आलोक के माध्यम से नहीं किया जा सकता।

'ज्ञान मीमांसा में अनुभववाद मुख्यता दो अर्थों में प्रयुक्त होता है– (1) ज्ञान से प्राप्त होने वाला अनुभव (2) किसी भी रूप में होने वाला अनुभव ही ज्ञान और समझ की एकमात्र अंतिम

आधार है। यह अनुभवमूलक उपागम (आंख नाक कान जीव त्वचा) में विश्वास करता है।[3] भारतीय दर्शन में मन को भी एक इंद्रिय माना गया है। दूसरे अर्थ के अंतर्गत मन को एक अनुभविक अंग के रूप में रख सकते है।

इंद्रिय अनुभव का सामान्यीकरण अनुभववाद की विशेषता है। इसमें उदाहरण के आधार पर सामान्यीकरण का दृष्टिकोण का प्रयोग किया जाता है। 'घटनाएं किस प्रकार घटती हैं इस संबंध में प्रस्तुत किए गए एक सरल कथन को अनुभाविक सामान्यीकरण की संज्ञा दी गई है। जैसे यह कौवा काला है। वह कौवा काला है। इसलिए सभी कौवे काले हैं। इसमें दो या दो से अधिक चरो के बीच संबंधों का अवलोकन किया जाता है जैसे स्त्री गुणों में पुरुष से श्रेष्ठ है।

यह विचारधारा बुद्धिवाद के विरुद्ध है जो यह मानता है कि विचार जन्मजात नहीं होते है। अनुभववादी मानते हैं कि मानव मस्तिष्क जन्म के समय कोरा कागज की तरह होता है जो संवेदना और अनुभव के प्रयोग से भरता जाता है तथा बाह्य दुनिया का ज्ञान अनुभव पर आधारित होता है।

काई नीलसन अपने लेख 'इंपिरिसिज्म् एन आइडियोलॉजी' में लिखती है 'विचारधारा बारीकी से जुड़े विचारों, विश्वासो और दृष्टिकोण के समूह को संकेतित करता है। जो अनुभव की व्याख्या करता है तथा कार्य के लिए मार्गदर्शन करता है।[4] वे अनुभववाद को एक विचारधारा के रूप में देखती है। साथ ही इसे मार्क्सवाद के समक्ष रखती है जो शोषक वर्ग की संरचना को उजागर करता है।

### बुद्धिवाद और अनुभववाद में अंतर

1. बुद्धिवादी निगमन तर्क में विश्वास करते हैं। इसमें पहले सिद्धांत प्रतिपादित किया जाता है फिर बाद में उसे उदाहरण से सिद्ध किया जाता है जबकि अनुभववादी आगमन तर्क में विश्वास करते हैं। इसमें पहले उदाहरण दिया जाता है फिर उस उदाहरण के आधार पर सिद्धांत प्रतिपादित किया जाता है।

| आगमन तर्क प्रणाली | निगमन तर्क प्रणाली |
|---|---|
| यह गाय दूध देती है। | सभी गाय दूध देती हैं। |
| वह गाय दूध देती है। | मेरे पास एक गाय है। |
| इसलिए सभी गाय दूध देती हैं। | इसलिए यह गाय भी दूध देती है। |

2. बुद्धिवादी सत्य तक पहुंचाने के लिए बुद्धि के प्रयोग को महत्व देते हैं जबकि अनुभववादी अनुभव के प्रयोग को महत्व देते हैं।

3. बुद्धिवाद का प्रमुख क्षेत्र गणित है जबकि अनुभव का प्रमुख क्षेत्र विज्ञान है।

4. बुधिवादियों ने कहा कि नैतिकता ( वफादारी, मदद, सम्मान परवाह आदि) जन्मजात होती है। अनुभववादी मानते है नैतिकता व्यक्ति माता–पिता तथा सामाजिक वातावरण के आधार पर सीखता है।।

5. अनुभववादियों में जॉन लॉक, जॉर्ज बर्कले तथा डेविड ह्यूम आते है। जबकि बुधिवादियो में प्लेटो, रेने डिकार्ट्स, स्पिनोजा आते हैं।

उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि दोनों विचारधारा अपने–अपने जगह पर सही है। दोनों की अपनी–अपनी मान्यताएं हैं। मानव जीवन में कुछ भाव जन्मजात होते हैं तथा कुछ भाव अर्जित भी किए जाते हैं। तर्क के आधार पर ही अनुभव का वजूद है। तर्क से जुड़कर अनुभव बड़ा बनता है। ज्ञान की प्रकृति, यथार्थ आदि को समझने में दोनों महत्वपूर्ण है। इससे यही कहा जा सकता है कि दोनों एक दूसरे के पूरक है।

कबीर और अनुभववाद में समानता यह है कि पारंपरिक ज्ञान को दोनों स्वीकार नहीं करते हैं। कबीर ने पारंपरिक ज्ञान का खंडन उस ज्ञान से किया जो उन्होंने अनुभव से प्राप्त किया था। उपदेश भी अनुभव के आधार पर दिया जो बुद्धि संगत है। कबीर का आत्मज्ञान नैतिक मूल्यों का ज्ञान है। वह अनुभव और संवेदना पर आधारित है। शास्त्रीय ज्ञान को अनुभव की कसौटी पर कसा। जब वह वैध न लगा तो उसका उन्होंने खंडन किया।

